प्रकाशन का सफलतम 17 वां वर्ष

सुविचार

प्रेम हो या प्रार्थना
ये तो मालूम नहीं,
पर जो आपसे है
किसी और से नही!!!

श्रीमद् भगवद् गीता

www.purvanchalsurya.com

आवाज आज की, नज़र कल पर

# पूर्वांचल सूर्य

रांची ➤दिल्ली➤देवघर से प्रकाशित

RNI No.- JHAHIN/2007/24306







वर्ष - 17 | अंक 216 | दैनिक | रांची | मंगलवार 19 मार्च 2024 | पृष्ठ - 12 | मूल्य : ₹ 4.00


# नारायण मूर्ति ने 4 महीने के पोते को बना दिया अरबपति

**240 करोड़ के शेयर तोहफे में दिए!**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इन्फोसिस के संस्थापक एनआर नारायण मूर्ति ने अपने चार महीने के पोते एकाग्र रोहन मूर्ति को अरबपति बना दिया है। उन्होंने पोते को कंपनी के 240 करोड़ रुपये से ज्यादा के शेयर गिफ्ट में दिए हैं। इसके कारण एकाग्र इस दिग्गज आईटी कंपनी में सबसे कम उम्र के शेयरहोल्डर बन गए हैं। यह शेयर ट्रांसफर एकाग्र की जगह देश के सबसे कम उम्र के मिलियनेयर में बना देता है। स्टॉक एक्सचेंज की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार यानी 15 मार्च को 0.04 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर 15 लाख शेयर नारायण मूर्ति की होल्डिंग्स से एकाग्र को ट्रांसफर किए गए थे।

इस लेनदेन के बाद इन्फोसिस में नारायण मूर्ति की हिस्सेदारी 0.40 प्रतिशत से थोड़ी कम होकर 0.36 प्रतिशत रह गई है। ये हिस्सेदारी करीब 1.51 करोड़ शेयर के बराबर है। 15 मार्च को शेयरों का ऑफ-मार्केट कारोबार किया गया। सोमवार के बाजार के बंद होने पर इन्फोसिस के शेयर का मूल्य 1602 रुपये था।

तेलंगाना में मोदी बोले-

# इंडिया गठबंधन की लड़ाई शक्ति के खिलाफ

## महिला वोटर को शक्ति स्वरूप बताया, कोयंबटूर में 4 किमी लंबा रोड शो निकाला

**हैदराबाद/चेन्नई (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार (18 मार्च) तीन राज्यों तेलंगाना, कर्नाटक और तमिलनाडु के दौरे पर थे। तेलंगाना के जगतियाल में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने 17 मार्च की इंडी अलायंस की रैली का जवाब दिया। मोदी ने कहा- मुंबई में इंडी अलायंस की रैली में उन्होंने अपना घोषणा पत्र जारी किया, जिसमें कहा गया है कि उनकी लड़ाई शक्ति के खिलाफ है। मेरे लिए तो हर मां-बेटी शक्ति का रूप है। मैं इनको शक्ति के रूप में पूजता हूं और इनकी रक्षा के लिए जान की बाजी लगा दूंगा। पीएम ने कर्नाटक के शिवमोगा में भी कहा- इंडी अलायंस के लोग हिंदू धर्म में समाहित शक्ति को समाप्त करना चाहते हैं।



**इंडी अलायंस की लड़ाई शक्ति के खिलाफ है**

पीएम ने कहा– कल मुंबई में इंडी अलायंस की रैली थी। चुनाव घोषित होने के बाद इंडी अलायंस की ये पहली और उनके लिए सबसे महत्वपूर्ण रैली थी। उस रैली में उन्होंने अपना घोषणा पत्र जारी किया और उनके घोषणा पत्र का ऐलान है कि मेरी (इंडी अलायंस) लड़ाई शक्ति के खिलाफ है। हम सब शक्ति की आराधना करते हैं। हमने चंद्रयान की सफलता को भी शिव शक्ति नाम देकर शक्ति को समर्पित किया है। एक ओर शक्ति के विनाश की बात करने वाले लोग हैं। दूसरी ओर शक्ति की पूजा करने वाले लोग हैं।

**कांग्रेस और बीआरएस के परिवारवाद-भ्रष्टाचार पर**

मोदी ने कहा–एक ओर वो कांग्रेस पार्टी है, जिसने तेलंगाना के सपनों को कुचला। दूसरी ओर बीआरएस है, जिसने यहां के लोगों की भावनाओं का इस्तेमाल किया, सत्ता पाई और बाद में जनता से ही विश्वासघात किया। तेलंगाना निर्माण के पहले 10 वर्षों तक बीआरएस ने तेलंगाना को जमकर लूटा।

**भारत विकसित होगा तो तेलंगाना भी विकसित होगा**

पीएमनरेंद्र मोदी ने कहा– 13 मई को तेलंगाना में होने वाला मतदान विकसित भारत के लिए होगा। जब भारत विकसित होगा तो तेलंगाना भी विकसित होगा।

जयपुर में सीएम भजनलाल-

# विधायक रविंद्र सिंह के बीच बैठक

- **एक घंटे तक हुई बातचीत, भाटी बोले- जनता से बात कर लूंगा फैसला**



**बाड़मेर (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव से पहले सीएम भजनलाल शर्मा पार्टी के अंदर डैमेज कंट्रोल में जुटे हैं। राजस्थान में शेरगढ़ विधायक बाबूसिंह राठौड़, चित्तौड़गढ़ से निर्दलीय विधायक चंद्रभान सिंह आक्या को मनाने के बाद सोमवार को मुख्यमंत्री ने बीजेपी शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी को जयपुर बुलाया और मुलाकात की। सोमवार को जयपुर में सीएम भजनलाल शर्मा, केंद्र व राज्य के मंत्रियों ने शिव विधायक के साथ करीब एक घंटे तक लंबी मीटिंग की। इसके बाद भाटी ने कहा कि मैं मेरे क्षेत्र की 36 कौम की जनता से बात करूंगा और उसके बाद आगे का फैसला करूंगा।

- **भाटी के साथ 1 घंटे तक हुई बातचीत**– सोमवार को सीएम भजनलाल के साथ निर्दलीय विधायक रविंद्र सिंह भाटी के साथ करीब एक घंटे तक लंबी मंत्रणा हुई है। इस दौरान बाड़मेर–जैसलमेर से भाजपा प्रत्याशी कैलाश चौधरी, राज्य मंत्री के.के विश्नोई, विधायक हमीर सिंह भायल, अरुण चौधरी मौजूद रहे।

**रूठे नेताओं को मना रहे सीएम**

लोकसभा चुनाव नजदीक आने के साथ ही बीजेपी व कांग्रेस अपने रूठे विधायकों, नेताओं को मनाने में जुटी है। बीजेपी ने जहां जोधपुर लोकसभा सीट से प्रत्याशी गजेंद्र सिंह शेखावत व बाबूसिंह के बीच चल रही राजनीतिक अदावत को खत्म कर एक साथ होने का मैसेज दिया था। वहीं, चित्तौड़गढ़ से निर्दलीय विधायक चंद्रभान सिंह आक्या की लोकसभा चुनाव लड़ने की घोषणा करने के बाद प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी की मुश्किलें बढ़ गई थी।

# पीएम मोदी को मेरी बातें अच्छी नहीं लगतीं

*उन्हें घुमाकर वह हमेशा अर्थ बदलने की कोशिश करते हैं : राहुल गांधी*

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने 'शक्ति' वाले अपने बयान पर खड़े हुए राजनीतिक विवाद की पृष्ठभूमि में सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनकी बातों का अर्थ बदलने की कोशिश की है, जबकि उन्होंने जिस शक्ति का उल्लेख किया था उसका 'मुखौटा' प्रधानमंत्री खुद हैं। उन्होने यह दावा भी किया कि जिस शक्ति के खिलाफ वह लड़ने की बात कर रहे हैं उसने सभी संस्थाओं और संवैधानिक ढांचे को अपने चंगुल में दबोच लिया है। राहुल गांधी ने रविवार को 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के समापन के अवसर पर मुंबई के शिवाजी पार्क में आयोजित एक रैली में कहा था, ''हिन्दू धर्म में शक्ति शब्द होता है। हम शक्ति से लड़ रहे हैं...एक शक्ति से लड़ रहे हैं। अब सवाल उठता है कि वह शक्ति क्या है? जैसे किसी ने यहां कहा कि राजा की आत्मा ईवीएम में है। सही है...सही



है कि राजा की आत्मा ईवीएम में है... हिंदुस्तान की हर संस्था में है। ईडी में है, सीबीआई में है, आयकर विभाग में है।

# आचार संहिता लागू होने के बाद बड़ी कार्रवाई

- **छह राज्यों के गृह सचिव हटाने के निर्देश; बंगाल डीजीपी भी हटाए गए**

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के दो दिन बाद 7 राज्यों के बड़े अधिकारियों को हटा दिया। इनमें गुजरात के गृह सचिव पंकज जोशी, उत्तर प्रदेश के गृह सचिव संजय प्रसाद, झारखंड के गृह सचिव अरवा राजकमल, बिहार के अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग एस सिद्धार्थ, हिमाचल के गृह सचिव अभिषेक जैन और उत्तराखंड के शैलेष बागोली हैं। इनके अलावा, बंगाल के डीजीपी राजीव कुमार का नाम सामने आया है। मिजोरम और हिमाचल प्रदेश में सामान्य प्रशासनिक विभाग के सचिव, बृहन्मुंबई नगर आयुक्त इकबाल सिंह चहल शामिल हैं।

# बिहार में एनडीए के घटक दलों के बीच सीटों का बंटवारा

- **भाजपा-17, जदयू-16, चिराग-5 और मांझी-कुशवाहा को 1-1 सीट**
- **पशुपति पारस की पार्टी को एक भी सीट नहीं, जेडीयू की एक सीट कम**

**नईदिल्ली/पटना (एजेंसी)।** दिल्ली में सोमवार को बिहार एनडीए में शामिल घटक दलों के बीच शीट शेयरिंग की घोषणा हो गई है। बीजेपी 17 और जदयू 16 सीटों पर चुनाव लड़ेंगी। वहीं, चिराग पासवान की पार्टी लोजपा (आर) को 5, जीतन राम मांझी की पार्टी हम और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी आरएलएम को 1-1 सीट मिली है। हम को गया और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी को काराकाट सीट दी गई है। इस बार नवादा सीट भाजपा ने खुद अपने पास रखा है, पहले यह सीट लोजपा के पास थी। वहीं, गया और काराकाट सीट जदयू से लेकर मांझी की पार्टी हिंदुस्तान आवाम मोर्चा और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा को दी गई है। इसी तरह से शिवहर भाजपा के पास थी, इसे इस बार जदयू को दिया गया है।




सुप्रीम कोर्ट ने कहा-

# 21 मार्च तक सारी जानकारी दे एसबीआई

## इलेक्टोरल बॉन्ड के नंबर भी बताएं; चेयरमैन हलफनामा दें कोई जानकारी नहीं छिपाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार (18 मार्च) को एसबीआई से कहा कि वह इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ी हर जानकारी 21 मार्च तक दे। सुप्रीम कोर्ट ने नए आदेश में उन यूनीक बॉन्ड नंबर्स के खुलासे का भी आदेश दिया, जिनके जरिए बॉन्ड खरीदने वाले और फंड पाने वाली राजनीतिक पार्टी का लिंक पता चलता है।



सुप्रीम कोर्ट ने कहा- 21 मार्च की शाम 5 बजे तक एसबीआई के चेयरमैन एक एफिडेविट भी दाखिल करें कि उन्होंने सारी जानकारी दे दी है। सीजेआई चंद्रचूड़ की बेंच ने कहा कि एसबीआई जानकारियों का खुलासा करते वक्त सिलेक्टिव नहीं हो सकता। इसके लिए आप हमारे आदेश का इंतजार न करें।

# कार चलाते हुए सो गया बैंक का मैनेजर

## बस के इंतजार में खड़े तीन लोगों को रौंदा, एक की मौत, दो गंभीर

**नोएडा (एजेंसी)।** ग्रेटर नोएडा में यमुना एक्सप्रेसवे पर एक तेज रफ्तार कार की तीन लोगों से टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए। जिसके बाद कार के ड्राइवर को हिरासत में ले लिया गया है। पूछताछ में ड्राइवर ने बताया कि गाड़ी चलाते हुए उसे नींद आ गई और वो सो गया था जिस वजह से तीन लोगों को उसने टक्कर मार दी। दरअसल ये घटना शाम को हुई जिस वक्त जेवर में तीन लोग यमुना एक्सप्रेस वे पर बस का इंतजार कर रहे थे। इतने में दिल्ली में रजिस्टर्ड एक मारुति स्विफ्ट कार ने तीनों को टक्कर मार दी। इसके बाद उन्हें पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां एक ने दम तोड़ दिया और अन्य का इलाज चल रहा है। एक स्थानीय पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान जेवर के जहांगीरपुर के रहने वाले सुरेश सिंह (37) के रूप में हुई है।

# अजमेर में साबरमती-आगरा सुपरफास्ट ट्रेन के 4 कोच पटरी से उतरे, कोई जनहानि नहीं



**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान के अजमेर में मदार रेलवे स्टेशन के पास देर रात साबरमती-आगरा सुपरफास्ट ट्रेन के 4 कोच पटरी से उतर गए। अधिकारियों ने सोमवार सुबह बताया कि घटना से किसी भी तरह का नुकसान नहीं हुआ है। वहीं, एक पैसेंजर ने बताया रात करीब 1 बजे वे सो रहे थे। तब ही उन्हें बहुत तेज आवाज आई। उन्होंने बाहर देखा तो पता चला कि 4 कोच पटरी से उतर गए है। घटना के बाद तुरंत रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स और रेलवे पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। रेस्क्यू ऑपरेशन अभी भी जारी है।


**यूपी के पूर्व मंत्री आजम खान को 7 साल की कैद**

## कोर्ट ने 5 लाख का जुर्माना भी लगाया; डूंगरपुर में सरकारी घरों को तोड़ा था

**रामपुर (एजेंसी)।** यूपी के पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान को एमपी/एमएलए कोर्ट ने सोमवार को रामपुर के चर्चित डूंगरपुर मामले में 7 साल जेल की सजा सुनाई। साथ ही 5 लाख रुपए जुर्माना भी लगाया है। अन्य तीन दोषियों को 5 साल की सजा दी है, जबकि 2 लाख का जुर्माना लगाया है। 16 मार्च को कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रखा था। आजम खान कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंस से पेश हुए।

# 12 लाख श्रद्धालुओं ने किए खाटूश्यामजी के दर्शन

- **बेंगलुरु के गुलाबी फूलों से सजा श्याम दरबार; देश-विदेश से पहुंच रहे भक्त**



**सीकर (एजेंसी)।** देशभर में प्रसिद्ध सीकर के खाटूश्याम लक्खी मेले का आज आठवां दिन था। श्री श्याम मंदिर कमेटी के अनुसार खाटू धाम में अब तक 12 लाख से अधिक श्रद्धालु श्याम बाबा के दर्शन कर चुके हैं। जैसे-जैसे एकादशी नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे खाटू में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ रही है। बाबा के दर्शन करने के लिए देशभर से श्रद्धालु निशान लेकर जत्थों में बाबा के जयकारे लगाते हुए पहुंच रहे हैं।

रविवार को छुट्टी होने के कारण खाटू धाम में लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ रही। खाटू नगरी की हर एक गली श्रद्धालुओं से लबालब नजर आई। रींगस से लेकर खाटू में बाबा के दरबार तक श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी लाइनें देखने को मिली। देर रात से ही खाटू परिसर भक्तों से भरा हुआ है। खाटू धाम हारे के सहारे के जयकारों से गूंज रहा है।

# खगड़िया में ट्रैक्टर से टकराई एसयूवी, 8 बारातियों की मौत

**शादी से लौटते समय हादसा, 7 दूल्हे के रिश्तेदार; 3 बच्चों की भी गई जान**

**खगड़िया।** खगड़िया में शादी के बाद लौट रही बारातियों से भरी एसयूवी सोमवार सुबह ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। मौके पर ही 7 बारातियों की मौत हो गई, जबकि एक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। मरने वालों में तीन बच्चों भी शामिल हैं। मृतकों में 7 दूल्हे के रिश्तेदार थे। हादसे में 3 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। हादसा पसराहा थाना क्षेत्र में विद्यानंद पेट्रोल पंप के पास हुआ।



बताया जा रहा है कि सभी लोग चौथम थाना क्षेत्र के ठुठ्ठी मोहनपुर गांव से बारात में शामिल होकर लौट रहे थे। इस दौरान सीमेंट लदे ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली और बारातियों से भरी गाड़ी में टक्कर हो गई। हादसे में मारे गए अंशु कुमार के बहनोई पुरुषोत्तम कुमार ने बताया कि बिठला गांव के रहने वाले इंद्रदेव ठाकुर के मंझले बेटे सौरभ कुमार की शादी थी।

**मरने वालों में तीन बच्चे भी शामिल**

एसपी चंदन कुशवाहा ने बताया कि मरने वाले लोग बारात से वापस आ रहे थे। इसी बीच पसराहा थाना के पास ट्रैक्टर से कार टकरा गई। इसमें तीन बच्चे समेत सात लोगों की मौत हो गई। तीन लोगों की स्थिति नाजुक बनी हुई है। सभी घायलों का इलाज सदर अस्पताल खगड़िया में चल रहा है। खगड़िया के परबत्ता प्रखंड के मड़ैया थाना क्षेत्र बिठला गांव में इन्द्रदेव ठाकुर के मंझले बेटे सौरव कुमार की शादी थी। रविवार की रात चौथम थाना क्षेत्र के ढुठ्ठी मोहनपुर गांव में रात 12 बजे करीब बारात पहुंची थी। बारात में करीब 100 लोग थे। खाना-पीना खाने और शादी की रस्म पूरी होने के बाद सुबह करीब 4 बजे बाकी लोग चले गए। दूल्हे और उसके कई रिश्तेदार दुल्हन के घर पर ही रुके थे।

# कोलकाता में 5 मंजिला बिल्डिंग गिरी, 4 की मौत

## कई लोगों के फंसे होने की आशंका; आरोप- बगैर परमिशन हो रहा था निर्माण



**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता में रविवार देर रात एक 5 मंजिला अंडर कंस्ट्रक्शन बिल्डिंग गिर गई। सुबह तक इसमें 2 लोगों के मौत की खबर थी अब यह आंकड़ा 4 हो गया है। घटना साउथ कोलकाता के मेटियाब्रूज की है। अब तक 13 लोगों का रेस्क्यू किया जा चुका है। मलबे में कई और लोगों के दबे होने की आशंका है। उधर, सोमवार सुबह बंगाल की सीएम ममता बनर्जी भी हादसे वाली जगह पर पहुंचीं। पुलिस के मुताबिक घटना के समय बिल्डिंग खाली थी। इसके बगल में झुग्गियां हैं, जिन पर बिल्डिंग गिर गई। वहां लोग सो रहे थे। लोगों की तलाश करने के लिए मलबे को गैस कटर से काटकर हटाया जा रहा है। कोलकाता पुलिस, डिजास्टर मैनेजमेंट और फायर सर्विस की टीमें अभी भी सर्च ऑपरेशन चला रही हैं। कई एम्बुलेंस भी तैनात की गई हैं। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल का इलाका भीड़भाड़ वाला है। इसलिए सावधानी बरती जा रही है।

# जेपीएससी और जेएसएससी प्रश्न पत्र लीक का भंडाफोड़ करे राज्य सरकार : बंधु तिर्की

## छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

वरीय संवाददाता

**रांची।** पूर्व मंत्री, झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि झारखंड में अनेक परीक्षा केन्द्रो में तथाकथित रूप से झारखंड लोक सेवा आयोग की प्रतियोगिता परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक की घटना एक सुनियोजित षड्यंत्र है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि कुछ सप्ताह पूर्व भी जेएसएससी का प्रश्नपत्र लीक हुआ था और उस मामले पर भी सरकार तेजी से कार्रवाई करते हुए अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित करे।

श्री तिर्की ने कहा कि ऐसी घटनाओं से एक ओर, झारखंड के लाखों छात्र-छात्राओं, युवाओं का भविष्य बर्बाद करने की साजिश होती है वहीं दूसरी ओर झारखंड की छवि भी धूमिल हो रही है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि यदि यह मामला सच है तो इसकी गहन जांच कर दोषी तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जानी चाहिये, चाहे वह कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो। साथ ही ऐसी साजिश रचनेवालों के चेहरे से नकाब हटाने की भी जरूरत है।श्री तिर्की ने कहा कि हर हाल में ब्लैकलिस्टेड कंपनियों को परीक्षा की सम्पूर्ण प्रक्रिया से अलग रखा जाना चाहिये क्योंकि वैसे संगठनों को जिम्मेदारी देना दुर्भाग्यपूर्ण होगा



और इस मामले में सरकार को किसी भी हाल में किसी के प्रति भी कोई रियायत नहीं बरतनी चाहिये।

श्री तिर्की ने कहा कि झारखंड में मौलिक रूप से कभी भी यह संस्कृति नहीं रही कि प्रश्न पत्र लीक जैसी घटनायें हो, इसके अतिरिक्त ऐसी किसी भी घटना में यहां के आदिवासियों-मूलवासियों का हाथ नहीं होता। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं की पृष्ठभूमि में जो भी मामला जांच के उपरांत पकड़ में आता है उसकी जड़ में कहीं-ना-कहीं, बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान जैसे दूसरे प्रदेशों के दागी, अपराधी, अवांछित तत्वों का ही हाथ होता है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता परीक्षा का क्वेश्चन लीक, बिहार-यूपी आदि की संपूर्ण बहाली प्रक्रिया का एक हिस्सा बन गया है। जिसमें उन्हीं राज्यों के तत्व शामिल होते हैं और अब वैसे ही लोग झारखंड में भी अपनी जड़ जमा चुके हैं और यहां अपनी कारस्तानियों को अंजाम दे रहे हैं। सरकार को इस मामले में भी जांच करनी चाहिये। कांग्रेस नेता ने कहा कि राज्य के युवाओं के प्रति भाजपा का रवैया कभी भी सकारात्मक नहीं रहा है और भारतीय जनता पार्टी और उसके नेता झारखंड की एक वैसी छवि बनाना चाहते हैं कि यहां कांग्रेस और गठबंधन सरकार बेहतर शासन व्यवस्था नहीं दे सकती। दूसरी ओर यहां के जनजातीय समाज की छवि खराब करने की भी यह गहरी साजिश है जो दुर्भाग्यपूर्ण है और न केवल कांग्रेस बल्कि संपूर्ण गठबंधन सरकार भाजपा और उसके नेताओं की इस चाल को किसी भी हाल में, कभी भी सफल नहीं होने देगी।

श्री तिर्की ने कहा कि निष्पक्ष प्रतियोगिता परीक्षा के आयोजन के संदर्भ में झारखण्ड विधानसभा से पारित विधेयक को जल्द-से-जल्द लागू करने की दिशा में राज्य सरकार तुरंत कार्रवाई करे ताकि ऐसी किसी भी अवांछित घटना पर वैधानिक रूप से रोक लगायी जा सके।

## केके झा बने विहिप के सामाजिक समरसता प्रांत प्रमुख



**प्रतिनिधि,रांची।** विश्व हिंदू परिषद् की प्रांत कार्य समिति बैठक में रांची विभाग मंत्री कृष्ण कुमार झा को समाजिक समरसता प्रांत प्रमुख का दायित्व दिया गया। इस नवीन दायित्व के लिए रांची महानगर के द्वारा उन्हें बधाई दी गई। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष माननीय कैलाश केसरी, मंत्री चंद्रदीप दुबे, सह मंत्री विश्व रंजन ,बजरंग दल सहसंयोजक दीपक साहू, रवि शंकर राय, पारस मिश्रा , सुरेंद्र तिवारी,प्रकाश रंजन एवं अन्य लोगों ने उन्हें बधाई दी। उक्त जानकारी कैलाश केसरी, रांची महानगर अध्यक्ष ( विहिप ) ने दी।

## साबु ट्रेड के ग्यारह किस्म के मिलेट जल्द ही बाजार में होंगे उपलब्ध




**वरीय संवाददाता ,रांची।** एफएमसीजी उत्पादों के निर्माता साबु ट्रेड प्राइवेट लिमिटेड, सेलम, चालीस वर्षो से लगातार देश भर में उच्चतम मापदंडों वाला साबूदाना एगमार्क में तथा शुद्ध फरीयाली साबूदाना पापड़ आदि उपलब्ध करा रही है । पिछले दस-पन्द्रह वर्षों में कम्पनी ने अनेक नये शुद्ध उत्पाद जैसे अल्पाहार ब्रांड में सेलम की उच्च करक्युमिन वाली हल्दी का पाउडर, नारियल का शुद्ध अति गुणवत्ता वाला कोलेस्ट्रोलमुक्त हाइ-फेट पाउडर, हेंड-पिक्ड फूल-मखाना आदि तथा कुकरीजॉकी ब्रांड में पाँच तरह के उच्च पोषक और स्वास्थ्यवर्धक श्रीधान्य (मिलेट) सोर्टेक्स क्लीन करवा कर पाँच किस्म मोरधन-भगर, कोदरा, कंगनी, झंगोरा और रागी आकर्षक उपभोक्ता पैक में लगातार बाजार में ग्राहक सेवा में उपलब्ध हैं । उपभोक्ता भी पूरे विश्वास से साबु के उत्कृष्ट उत्पादों को बाजार में अच्छा प्रतिसाद दे रहे हैं । साबु ट्रेड के प्रबंध निर्देशक गोपाल साबु ने अपने इंदौर प्रवास पर बताया कि - हमारी कम्पनी ने कुकरीजॉकी ब्रांड में छह उत्तम किस्म के अन्य श्रीधान्य ((छेन्ना, राजगीरा, हरी कंगनी, ज्वार, बाजरा, और किनोवा मिलेट)भी सोर्टेक्स क्लीन कर उपभोक्ता पैकिंग में लांच कर दिये हैं।

## क्षेत्र में मनीष जायसवाल ने शुरू किया जनसंपर्क अभियान



**प्रतिनिधि, हज़ारीबाग।** भाजपा के हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने टिकट की घोषणा होते ही हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में तूफानी जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया। उनका यह जनसंपर्क अभियान 02 मार्च से शुरू हुआ जो निरंतर 17 मार्च तक चला। इस दौरान उन्होंने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के हजारीबाग, रामगढ़, चतरा और कोडरमा जिले के सभी प्रखंड क्षेत्रों का सघन दौरा किया।भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने इस दौरान स्थानीय भाजपा मंडलों के कार्यकर्ताओं संग बैठक की और आगामी लोकसभा चुनाव में देश हित और पार्टी हित में पीएम नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों को आगे बढ़ाने तथा नरेंद्र मोदी के गारंटी करने से संबंधित जानकारी को लेकर मतदान तक जनता के बीच रहने और अपने बूथ को मजबूत बनाने पर जोर देने का अनुरोध किया वहीं जनसंपर्क अभियान चलाकर जनता से सीधे रुबरु होते हुए मोदी सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए फिर एक बार प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनाने का अपील किया। मनीष जायसवाल ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बंगाल बॉर्डर रामगढ़ के गोला प्रखंड स्थित बरलंगा पंचायत से लेकर बिहार बॉर्डर के चौपारण प्रखंड स्थित चौरदाहा पंचायत तक लोगों के बीच पंहुच बनाई। वहीं चतरा जिले के बचरा और कोडरमा जिले के चंदवारा पहुंचकर लोगों से पीएम मोदी के विकसित भारत के लक्ष्य की पूर्ति हेतु भाजपा के पक्ष में मतदान करने का अपील किया।

**जनता के विश्वास पर उतरूंगा खरा- मनीष जायसवाल** भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने बताया कि भाजपा कार्यकर्ताओं और हजारीबाग की जनता के विश्वास पर पार्टी ने भरोसा जताया है। पार्टी कार्यकर्ता, जनता और पार्टी के उम्मीदों पर खरा उतरने का पूर्ण प्रयास करूंगा। उन्होंने यह भी कहा की जनसेवा और विकास हमारी प्राथमिकता रही है और भविष्य में भी इसी प्राथमिकता के आधार पर कार्य करूंगा ।

## सैमसंग का गैलेक्सी ए55 5जी और गैलेक्सी ए35 5जी लॉन्च

**रांची।** सैमसंग ने शानदार इनोवेशन के साथ गैलेक्सी ए55 5जी और गैलेक्सी ए35 5जी के लॉन्च की घोषणा की है। नई ए सीरीज़ के इन फोन्स में कई विशेषताएं हैं जिनमें गोरिल्ला ग्लास विक्टस+ सिक्योरिटी, एआई आधारित एडवांस्ड कैमरा फीचर्स और एक टेम्पर रजिस्टेंस सिक्योरिटी सॉल्यूशन, सैमसंग नॉक्स वॉल्ट और कई दूसरे नए फीचर शामिल हैं। सैमसंग गैलेक्सी ए55 5जी और गैलेक्सी ए35 5जी की डिज़ाइन में कई नए इनोवेशन हैं। गैलेक्सी ए55 5जी में पहली बार मेटल फ्रेम पेश किया गया है। वहीं, गैलेक्सी ए35 5जी में पहली बार प्रीमियम ग्लास बैक में पेश किया गया है। इन फोन्सी में एक लिनियर लेआउट के साथ फ्लैगशिप-इंस्पायर्ड फ्लोटिंग कैमरा डिज़ाइन है। ये प्रीमियम और मजबूत फोन तीन ट्रेंडी रंगों ऑसम लिलैक, ऑसम आइसब्लू और ऑसम नेवी में उपलब्ध हैं। आगे और पीछे गोरिल्ला ग्लास विक्टस+ प्रोटेक्शहन दिया है। जिससे इनके हाथ से फिसलने और गिरने का डर कम हो जाता है। टिकाउपन इन स्मार्टफ़ोन की एक बड़ी ताकत है। इन फोन्स को आइपी67 रेटिंग दी गई है, जिसका अर्थ है कि ये 1 मीटर ताजे पानी में 30 मिनट तक रह सकते हैं। इन स्मार्टफ़ोन में डॉल्बी-इंजीनियर्ड स्टीरियो स्पीकर के साथ बेहतर साउंड फीचर्स भी हैं।

## पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ युवक को दबोचा



**प्रतिनिधि, बरकट्ठा।** थाना को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार की सुबह में पुलिस दल ने छापामारी कर सलैया , बेलाटांड टोला स्थित सरकारी अस्पताल के भवन से सोनू कुमार, पिता लालधारी महतो ग्राम घसकोडीह, थाना बरकट्ठा, जिला हजारीबाग निवासी को करीब 5.94 ग्राम ब्रॉउन शुगर के साथ धर दबोचा। इस बाबत बरकट्ठा थाना कांड संख्या-45/24,दिनांक 18.03.24 धारा-21बी /22(बी) एनडीपीएस धारा अंकित कर प्राथमिकी अभियुक्त सोनू कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय के फैकल्टी मेंबर्स मिले राज्यपाल से



### विकास के लिए सुरक्षा और आर्थिक सुरक्षा दोनों महत्वपूर्ण- सीपी राधाकृष्णन

विशेष संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को राज भवन में राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय, नई दिल्ली के फैकल्टी एंड कोर्स मेंबर्स द्वारा नेशनल सिक्योरिटी एंड स्ट्रैटेजिक स्टडीज कोर्स के तहत झारखंड राज्य में इकोनोमिक सिक्योरिटी पर अध्ययन के लिए आये टीम के सदस्यों के साथ संवाद करते हुए कहा कि विकास के लिए सुरक्षा एवं आर्थिक सुरक्षा दोनों महत्वपूर्ण है। वर्तमान में हमारा देश विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा कि मैं विभिन्न देशों का भ्रमण कर चुका हूं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय, नई दिल्ली का गौरवशाली इतिहास रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में स्थापित झारखंड रक्षा विश्वविद्यालय को सैनिक विश्वविद्यालय के रूप में गठन करने हेतु इच्छुक हैं।

राज्यपाल ने कहा कि झारखंड राज्य का गठन बिहार से अलग होकर 15 नवम्बर, 2000 को सृजन हुआ और जब यह संसद में विधेयक रखा गया था तब वे लोक सभा सांसद थे एवं उन्हें इस पर अपना मत देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। राज्यपाल ने कहा कि यहां पर्यटन के विकास की असीम संभावनाएं हैं। यहां के कई स्थल पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। झारखंड राज्य में खेल के क्षेत्र में कई प्रतिभा हैं, महेंद्र सिंह धोनी, जिनके नेतृत्व में भारत ने 2011 में विश्व कप जीता, यहीं के रहने वाले हैं। झारखंड को %तीरंदाजी की भूमि% कहा जाता है। यहां की कई बेटियाँ हॉकी में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर देश एवं झारखंड को गौरवान्वित कर रही है। उक्त अवसर पर उपस्थित कोर्स मेंबर्स की टीम के सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किये।

## डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित हुए वरिष्ठ पत्रकार विनय कुमार वर्मा



**रांची।** वरिष्ठ पत्रकार विनय कुमार वर्मा को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। 28 फरवरी को जयपुर में उन्हें यह उपाधि प्रदान की गयी। रोल ऑफ न्यूज पेपर इन डेमोक्रेसी एंड लिटरेचर एंड सोशल सर्विसेज के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए सोशल अवेयरनेस एंड पीस यूनिवर्सिटी ने श्री वर्मा को यह सम्मान दिया गया है। डॉ.वर्मा को यह सम्मान प्राप्त होने पर उनके मित्रों व शुभचिंतकों ने बधाई दी।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने बैंक के प्रतिनिधियों संग की बैठक

### आदर्श आचार संहिता के दौरान बैंक खातों पर संदिग्ध बड़े वित्तीय लेन देन पर नजर रखने एवं सूचना देने का निर्देश

पूर्वांचल सूर्य ब्यूरो




**हज़ारीबाग।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने समाहरणालय सभागार में लोकसभा चुनाव को लेकर विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ सोमवार को बैठक की। इस दौरान उपायुक्त ने सम्बंधित बैंक के प्रतिनिधियों को कई आवश्यक दिशा- निर्देश देते हुए कहा कि चुनाव आयोग के द्वारा जारी वित्तीय ट्रांजेक्शन से संबंधित सभी दिशा-निर्देशो का पालन सुनिश्चित कराए जाए।

उपायुक्त ने सभी बैंकों के प्रतिनिधि से कहा कि किसी भी खाते में 10 लाख या उससे अधिक के लेने देने वाले संदेहास्पद खातों पर विशेष नजर रखे तथा इसकी सूचना उपायुक्त कार्यालय को भी दे।

वित्त मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी पत्र आदेश के अनुसार कई निर्देश दिए गए है। उपायुक्त ने कहा कि विभिन्न बैंकों के एटीएम मशीन में नगद राशि जमा करने वाले एटीएम वैन में सभी संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज व आईडी कार्ड को वाहन में साथ रखें ताकि किसी प्रकार के जांच के क्रम में स्थिति स्पष्ट हो सके।

**संदेहास्पद वित्तीय ट्रांजेक्शन पर नजर रखने हेतु निर्देश** असामान्य और संदिग्ध नकद निकासी या बैंक खाते में अधिक नकद जमा करना। चुनाव की प्रक्रिया के दौरान एक लाख, पिछले दो महीनों के दौरान जमा या निकासी की ऐसी कोई घटना नहीं हो।

चुनाव प्रक्रिया के दौरान एक बैंक खाते से एक जिला निर्वाचन क्षेत्र में कई व्यक्तियों के खातों में आरटीजीएस के जरिये राशि का असामान्य हस्तांतरण की जानकारी देने को कहा। एक लाख रुपये से अधिक नकद जमा करना या नकद निकालना पर भी नजर रखने को कहा।कोई अन्य संदिग्ध नकद लेनदेन, जिसका उपयोग मतदाताओं को रिश्वत देने के लिए किया जा सकता है।

बैंकों से अधिक निकासी होने की सूचना आयकर विभाग को देने को कहा गया।

बैंको में मतदाता जागरूकता हेतु वोटर अवरनेस फोरम को क्रियाशील करने का निर्देश*

उपायुक्त ने सभी बैंक प्रतिनिधियों से अपने अपने बैंक शाखाओं में मतदाता जागरूकता के लिए वीएएफ (वोटर अवरनेस फोरम) का गठन कर बैंको में आने वाले लोगों को मतदाता जागरूकता संबंधी जानकारी देने को कहा। वफ हेतु हर बैंक को एक एक नोडल पदाधिकारी नामित करना इसकी सूचना देने को कहा।

बैठक में अपर समाहर्ता संतोष कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देव प्रिया, सदर एसडीओ शैलेश कुमार एवं विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि मौजुद रहे।

## आईशा फतीमा ने झारखंड का नाम पूरे देश में रौशन किया - आशुतोष द्विवेदी

**वरीय संवाददाता ,रांची।** भाजयुमो कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी ने पांचवीं राष्ट्रीय युवा संसद में झारखंड का प्रतिनिधित्व करने वाली एनएसएस ( राष्ट्रीय सेवा योजना ) की स्वयंसेवक व रांची विमेंस कॉलेज बी ए राजनीतिक शास्त्र सेमेस्टर छह की छात्रा आईशा फतीमा को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम की शुरुआत रांची विमेंस कॉलेज कॉलेज से हुई थी। जिसके अंतर्गत आईशा फतीमा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था। इसके बाद आईशा फतीमा ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया। फिर इन्होंने पांचवीं राष्ट्रीय युवा सांसद कार्यक्रम में झारखंड का नाम पूरे देश में रौशन किया। उन्होंने संविधान सदन में अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बनाए गए विकसित भारत पर अपनी बात रखा। इस अवसर पर आईशा फतीमा को लोकसभा के स्पीकर ओम बिड़ला एवं युवा मामले के मंत्री अनुराग ठाकुर ने सम्मानित किया।

इस अवसर पर आशुतोष द्विवेदी ने कहा आईशा फतीमा जैसे कई प्रतिभाशाली छात्राओं की वजह से झारखंड राज्य काफी गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उन्होंने उनकी सफलता के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



## महावीर मंडा सर्वजाति हिंदू समाज का होली मिलन समारोह आयोजित

**प्रतिनिधि,बड़कागांव।** महावीर मंडा सर्वजाति हिंदू समाज, हरली के बैनर तले पूर्व मुखिया महेंद्र महतो की अध्यक्षता में तथा कोषाध्यक्ष केशव नाथ महतो के नेतृत्व बेला बाध में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन हरली समाज के पूर्व अध्यक्ष त्रिवेणी महतो ने किया। समारोह की शुरुआत बजरंगी झंडा का ध्वजारोहण एवं पुरुषोत्तम भगवान राम के मूर्ति पर पूजा अर्चना कर की गई। होली मिलन समारोह में सभी लोगों ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर भाईचारगी का मिसल पेश किया। मिलन समारोह में सांस्कृतिक कला मंच हरली के नेतृत्व में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित भीड़ होलियारी गीतों



में सराबोर हो गए। साथ ही साथ भोज का भी आनंद लोग दिनभर लेते रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि बड़कागांव में इस तरह का होली मिलन समारोह पहली बार हो रही है जो हरली सर्वजातीय हिंदू समाज का ऐतिहासिक है। इतना विशालतम होली मिलन समारोह प्रखंड भर में आज तक नहीं हुई थी। लोगों ने कहा कि होली पर्व सभी भेदभाव मिटाकर आपसी भाईचारगी मिलन का त्यौहार है। समारोह में केंद्रीय कुशवाहा समाज के बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष सोहनलाल मेहता, अखिल भारतीय तैलिक समाज के बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष जगन नंदन प्रसाद गुप्ता, सचिव कैलाश साव, पदुम साव, हरली समाज के अध्यक्ष राम सुंदर महतो, पत्रकार नरेश कुमार, उमेश कुमार दांगी, उमेश महतो, पूर्व पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र कुमार, शिवदयाल महतो, रामेश्वर राम, संतोष कुमार राणा, सुनील कुमार, श्यामलाल निराला, नरेश कुमार, धनेश्वर महतो, संजय कुमार, मटुकधारी महतो, रामेश्वर साव,धानेश्वर पासवान, संजय भुइयां, सबूर महतो, तेजू ठाकुर, कन्हाई राणा, रोशन महतो, किरण बाला, विमला कुमारी, नथू महतो, रामनाथ महतो, बीनू महतो, सेवंती देवी, ललिता कुमारी सहित ग्राम पंचायत के विभिन्न जाति समुदाय के हजारों की संख्या में महिला-पुरुष शामिल थे। कार्यक्रम में बाहर से आए हुए कलाकार एवं हरली समाज के महिला कलाकार द्वारा भी होलियारी गीत प्रस्तुत किया गया।

## लखी माई को मिला राष्ट्रीय स्टूडेंट फिल्म फेस्टिवल सम्मान



**प्रतिनिधि, बरही।** राष्ट्रीय कला मंच द्वारा मुंबई में आयोजित नेशनल स्टूडेंट फिल्म फेस्टिवल 2024 में बेस्ट डॉक्यूमेंट्री हेतु लखी माई को भी चयनित किया गया। साथ ही बेस्ट डॉक्यूमेंट्री के लिए निदेशक नितेश कुमार को चेक और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। ज्ञातव्य हो कि यह होनहार युवक बरही प्रखंड के रसोईयाधमना पंचायत के पुरहरा गांव निवासी स्व होरिल यादव के पुत्र है। इस डॉक्यूमेंट्री में किसानों की व्यथा, उसके परिश्रम और उससे मिलने वाले लाभ का मार्मिक चित्रण किया है। पूरा डॉक्यूमेंट्री ग्रामीण परिवेश पर आधारित है। इस डॉक्यूमेंट्री में बीज की बुआई से से लेकर कटाई तक के सभी कार्यों को बड़े ही बेहतर तरीको से प्रदर्शित कर किसान के लालसा और मेहनत को दर्शाने का काम किया गया है। जिसमे निदेशक ने गीतों को भी ग्रामीण परिवेश में अपनी नानी के साथ फिल्माने का काम किया है। विदित हो कि इस डॉक्यूमेंट्री को अब तक झारखंड सहित विभिन्न राज्यों में कई मौकों पर सम्मानित किया जा चुका है। इस सम्मान के लिए स्थानीय लोग सहित यहां के जनप्रतिनिधि, प्रबुद्धजन ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी है।

## नशा मुक्त होली मनाने का स्वर्णकार संघ ने लिया संकल्प

### स्वर्णकार भवन मे होली मिलन समारोह मनाया गया



**पूर्वांचल सूर्य ब्यूरो,हजारीबाग।** स्वर्णकार व्यवसायी संघ की ओर से हजारीबाग स्वर्णकार भवन में सोमवार को भव्य तरीके से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता संघ अध्यक्ष बिक्रम प्रसाद ने किया। इस मौक़े पर सभी स्वर्ण व्यवसायी बंधुओं ने एक जुट हो कर समाज का काम करने का संदेश दिया। समारोह में जिले के मंडाई, इचाक,विष्णुगढ़,बड़कागांव के अलावे हज़ारीबाग़ के प्रखंडों से भी लोग जुटे थे। सभी ने एक सुर में संघ की एकता और संघ को मज़बूत बनाने का संकल्प लिया। नशा मुक्ति समाज पर भी चर्चा हुई। नशा मुक्त होली मनाने और दूसरों को इसके प्रति प्रेरित करने की भी बात कही गई। इस दौरान सभी एक-दूसरे को गुलाल लगाकर गले मिले और होली की शुभकामनाएं दी। समारोह के दौरान सभी लोगों ने जमकर लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया। संकल्प लिया कि समाज के सभी लोगों का जीवन इसी तरह खुशहाल और रंगीन बनी रहे। समारोह को सफल बनाने के लिए रिंकु वर्मा, सावन शुभम्, रणजीत सोनी, निशु सोनी , राजकुमार सोनी , राकेश कश्यप, अमित आनंद डॉन , भास्कर वर्मा,मोनू सोनी ,संजय सोनी,मनोज वर्मा,तारकेश्वर सोनी व जिले के स्वर्णकार संघ की अहम भूमिका रही।

## श्री महावीर मंडल रांची के नवनिर्वाचित पदधारियों का अभिनंदन



**वरीय संवाददाता ,रांची।** श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति भूताहा तालाब के मंदिर प्रांगण में श्री महावीर मंडल रांची के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू सहित सभी नवनिर्वाचित पदधारियों का स्वागत सम्मान समारोह किया आयोजित गया।

इस स्वागत समारोह में श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति के मुख्य संरक्षक किशोर साहू, महावीर मंडल के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा, श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति के कार्यवाहक महामंत्री गोपाल पारीक, ललित नारायण ओझा, संजय जायसवाल, संजय सिंह लल्लू, रबिन्द्र वर्मा,सुनील सहाय, जीतेन्द्र वर्मा, सुरेश प्रसाद साहू, राजेश सोनी,दुर्गा जोहरी,संजय प्रसाद सोनी सहित अनेक राम भक्त शामिल हुए। महावीर मंडल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू द्वारा, श्री खाटू श्याम जी श्याम परिवार के द्वारा निकाली गयी शोभा यात्रा में शामिल होकर शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उनके टीम को बधाई देने वालो में सांसद संजय सेठ, रांची के विधायक सीपी सिंह, गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, संजीव विजयवर्गीय, पूर्व विधायक जय प्रकाश गुप्ता, संतोष प्रसाद स्वर्णकार समाज के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा जोहरी, डॉ दिलीप सोनी, रविंद्र लाल वर्मा, दिलीप स्वर्णकार, नन्दलाल साहू,संतोष सोनी,सोना चाँदी व्यवसाई समिति राँची के कार्यवाहक मंत्री संजय प्रसाद सोनी, कार्यवाहक कोषाध्यक्ष अजय कुमार वर्मा, संजय प्रसाद, रुपेश कुमार बर्मन, उमेश वर्मा, अरविन्द सोनी, सुनील सोनी, उदय बर्मन, विजय सोनी, नीरज सोनी, सुरेंद्र वर्मा शामिल थे।

## श्री महावीर मंडल चुनाव :सर्वाधिक 428 मतों से कोषाध्यक्ष पद पर जीते प्रमोद सारस्वत,सदस्यों के प्रति जताया आभार



**वरीय संवाददाता ,रांची।** श्री महावीर मंडल रांची के चुनाव में कोषाध्यक्ष पद के उम्मीदवार प्रमोद सारस्वत ने श्री महावीर मंडल, रांची के सभी राम भक्तों का आभार व्यक्त किया है।

श्री सारस्वत ने कोषाध्यक्ष पद के लिए भारी मतों से विजयी बनाए जाने पर कहा कि सभी राम के भक्तों के स्नेह और प्यार ने हमेशा अपने से जोड़े रखा है। गत वर्षो की तरह इस वर्ष भी कोषाध्यक्ष पद पर पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य करूंगा। सभी श्री राम के भक्तों की यह जीत हुई है।

श्री सारस्वत ने चुनाव समिति के मुख्य चुनाव पदाधिकारी कैलाश यादव व उनके अन्य सभी सहयोगियों का भी बहुत-बहुत धन्यवाद दिया।

जिन्होंने बहुत ही शांतिपूर्ण ढंग से निष्पक्ष चुनाव कराने में सहभागिता निभाई।

## शाकाहार पर हुआ कार्यशाला का आयोजन

### शाकाहार अपनाएं, बीमारियों को दूर भगाएं –मुकुंद साव

**प्रतिनिधि, चौपारण।** चौपारण( ,हजारीबाग) स्वस्थ भोजन ही तन और मन को स्वस्थ रखता है। इस वातावरण में मांसाहार एवं शाकाहार दो प्रकार के भोजन करने वाले लोग जीवन यापन करते हैं। अधिकतर लोगों का मानना है कि मांसाहार अपेक्षाकृत स्वास्थ्य के लिहाज से अच्छा नहीं है। बहरहाल, सच्चाई जो हो पर विश्व मांस बहिष्कार दिवस पर तमाम लोगों ने इससे तौबा करने की बात कही है।उक्त बाते आज विश्व मांस वहिष्कार दिवस के मौके पर ग्राम स्वराज अभियान हजारीबाग जिला इकाई के अध्यक्ष मुकुंद साव ने ग्राम स्वराज मंच के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि माना जाता है कि जो लोग सब्जियों से अधिक प्रोटीन प्राप्त करते हैं ,उनका रक्तचाप सामान्य रहता है, जबकि मांस का अधिक सेवन करने वाले ज्यादातर लोग हाई ब्लड प्रेशर के शिकार होते हैं। ऐसा अब तक हुए कुछ एक शोधों में दावे भी किए जाते रहे हैं। शोध के अनुसार उन लोगों में हाई ब्लड प्रेशर ज्यादा पाया गया जो मांस से अधिक प्रोटीन प्राप्त करते थे। हालांकि इसका सेवन करने वालों की संख्या अधिक है लेकिन विश्व मांस बहिष्कार दिवस के मौके पर बातचीत के दौरान शाकाहारी लोगों ने इसके बहिष्कार पर जोर दिया। श्री साव ने कहा है कि मांस खाने से इंसान का मन दूषित हो जाता है।साथ ही त्वचा को भी नुकसान पहंचता है,इसलिए मांस नहीं खाना चाहिए,,किसी जीव। की हत्या करके मांस खाना पाप है, मांस का सेवन सभी के लिए हानिकारक है। इस बैठक की अध्यक्षता राजेंद्र प्रसाद ने की और संचालन नारायण प्रसाद ने किया।बैठक में ग्राम स्वराज के सैकड़ों प्रतिनिधि समेत गई गणमान्य उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य उप केंद्र हेम्पूर में लगे चापाकल कई महीनो से खराब ग्रामीणों ने किया मरम्मती का मांग



**प्रतिनिधि,बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत धाधू पंचायत में संचालित स्वास्थ्य उप केंद्र हेम्पूर में लगे चापाकल कई महीनो से खराब पड़े हैं।ग्रामीणों ने कहा कि खराब पड़े चापानल को कई बार विभाग से मरम्मत करने की मांग की गई लेकिन चापाकल की मरम्मती अब तक नहीं हो पाई है जिससे उपचार कराने आने वाले ग्रामीणों को पेयजल संबंधित समस्या का सामना करना पड़ रहा है। स्वास्थ्य विभाग के एमपीडब्ल्यू नितेंद्र सिन्हा एवं एएनएम रिंकू कुमारी ने संयुक्त रूप से कहा कि पेयजल विभाग द्वारा अगर चापाकल की मरम्मती कर दी जाती है तो स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले ग्रामीणों को लाभ मिलेगा।

श्री श्याम मित्र मंडल का स्थापना दिवसः

# 1008 निशान के साथ निकाली गई खाटू नरेश की भव्य शोभा यात्रा

### डोरी खेंच के राखिजो – यो है बाबा को निशान

वरीय संवाददाता

**रांची।** श्याम प्यारे के जयकारों के साथ भक्ति के सैलाब के रूप में निकली खाटू नरेश के पवित्र निशान की शोभायात्रा अद्भुत थी। अवसर था श्री श्याम मित्र मंडल, रांची की स्थापना दिवस पर पांच दिवसीय रंग रंगीलो श्री श्याम फागण अमृत महोत्सव के दूसरे दिन श्याम प्रभु को नगर भ्रमण के लिए निकाली गई शोभायात्रा। मारवाड़ी भवन हरमू रोड से 1008 श्याम भक्तों ने नंगे पैर पवित्र निशान को हाथों में थामे नगर भ्रमण शुरू किया। शोभायात्रा 2ः00 बजे दिन में शुरू हुई। रथ पर विराजमान खाटू नरेश के शीश का विभिन्न सुगंधित एवं आकर्षक फूलों से श्रृंगार किया गया। शोभायात्रा गोरखनाथ लेन महावीर चौक गांधी चौक शहीद चौक अल्बर्ट एक्का चौक





कोतवाली रोड कार्ट सराय रोड से होते हुए हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर पहुंची। मुख्य रथ पर अध्यक्ष सुरेश सरावगी, पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया एवं राजीव रंजन मित्तल खाटू नरेश की सेवा कर रहे थे।भक्तिमय भजनों से निशान शोभायात्रा बढ़ती जा रही थी। आगे आगे बादल ग्रुप की ताशा पार्टी उसके बाद झुंझुनू से आई 51 सदस्यों की डफ पार्टी सुमधुर भजनों को पेश कर रहे थे। मंदिरा सिंह ग्रुप की नृत्य मंडली मनोहारी नृत्य पेश कर रही थी। धनबाद से आए गायक पंकज सांवरिया एवं पंकज मोदी भजनों की गंगा प्रवाहित कर रहे थे। मेरे श्याम की दीवानगी सर चढ़कर बोले, थान देख कोनी पाई बाबा श्याम घुंघटियो आड़े आओ जी, म्हारा प्यारा है गजानंद आइजो, कन्हैया जमुना में डर लागे रे, सांवरिया थारो खूब सज्यो दरबार, दुनिया चले ना श्री राम के बिना आदि भक्ति गायन निशान यात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। पवन शर्मा मदन सोनी रवि जोशी विनोद डागा सलज अग्रवाल तनय काठपाल ने भजनों की गंगा बहाई । निशान धारकों का उत्साह एवं भक्ति दर्शनीय थी। सूरज संगम महावीर चौक, जन कल्याण समिति प्यादा टोली सहित कई संस्थाओं ने शोभा यात्रा का स्वागत किया। भक्तों ने विभिन्न स्थानों पर श्याम प्रभु की आरती उतारी। 11000 बुंदिया प्रसाद के पैकेट मार्ग में वितरित किए गए। देर शाम शोभायात्रा गंतव्य पर श्री श्याम मंदिर पहुंची। गौरव अग्रवाल मोनू ,पवन गाड़ोदिया, आदित्य लोहिया ने संचालन किया।प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि महोत्सव के दूसरे दिन प्रातः 5ः30 बजे मंगला आरती के साथ विभिन्न धार्मिक आयोजन शुरू हुए। श्रृंगार पंच आरती के बाद 4ः00 बजे से दर्शन शुरू हुए। रात्रि 7ः00 बजे ग्वाल भोग एवं पंच आरती, 8ः30 बजे शयन आरती हुई। अभिषेक जैन के जन्मोत्सव पर मंदिर में निर्मित विशेष प्रसाद एवं केक का भोग लगाया गया।

### सुंदरकांड पाठ आज

19 मार्च को 94 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ होगा । पंकज मोदी एवं पंकज सांवरिया सामूहिक संगीतमय पाठ कराएंगे । विनोद अग्रवाल, राजकुमारी अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल और सौम्या अग्रवाल हनुमान जी की अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित करेंगे । निशान शोभा यात्रा में श्रवण ढांढनिया, अनिल नारनोली, रौनक पोद्दार, अरविंद सोमानी, रोशन खेमका, कौशल चौधरी, संजय सराफ, अमित सरावगी, पंकज सरावगी, श्याम सुंदर जोशी, किशन शर्मा, मुकेश बरनवाल, दिनेश अग्रवाल, अभिषेक सरावगी, अंकित मोदी, लोकेश जालान, यश सुरेखा, सिद्धार्थ पोद्दार, निखिल नारनोली, स्नेहा पोद्दार, विशाल पोद्दार, आशुतोष खेतान, अर्जुन अग्रवाल, आशीष डालमिया सहित बड़ी संख्या में भक्तों ने सहयोग किया ।

## अर्थव्यवस्था मजबूत करने को लेकर उद्यमियों/व्यवसायियों के लिए एफजेसीसीआई की कार्यशाला का आयोजन कल

वरीय संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा के निर्देश पर भारत सरकार ने झारखंड राज्य में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने, किसानों की आय में सुधार करने, कृषि अवसंरचना व्यवसाय और लघु कृषि उद्योगों में उद्यमियों को आकर्षित करने के लिए आकर्षक योजना शुरू की है। इस योजना के तहत सामान्य जाति के लाभार्थियों को 25 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान की जा रही है और महिलाओं / अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के लाभार्थियों को 33.5 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान की जा रही है द्ध इसके अलावा बैंक ब्याज पर 3 प्रतिशत की दर से सब्सिडी भी प्रदान की जाती है द्ध 50 मीट्रिक टन क्षमता से 5000 मीट्रिक टन क्षमता तक आधुनिक गोदाम, मिनी ऑयल मिल, मिनी दाल मिल, दूध चिलिंग प्लांट, रेफ्रिजेटेटेड वैन, अनाज सफाई और ग्रेडिंग मशीनरी, सब्जी / फल सफाई और ग्रेडिंग मशीन, पैक हाउस, कोल्ड रूम , सब्जी/फल खुदरा स्टोर के निर्माण व व्यवसाय के लिए इस योजना के तहत सब्सिडी और बैंक ऋण प्रदान किया जाता है। एफजेसीसीआई की कृषि बागवानी और कृषि ग्रामीण उद्योग समिति द्वारा झारखंड राज्य में कृषि बुनियादी ढांचे, कृषि उद्योग और प्राथमिक कृषि प्रसंस्करण व्यवसाय को बढ़ावा देने और झारखंड की सामाजिक आर्थिक स्थिति को मज़बूत करने के लिए बुधवार (20 मार्च) को दोपहर दो बजे चैंबर भवन , रांची में कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। झारखंड के सभी इच्छुक उद्यमियों और लाभार्थियों को पूरी जानकारी और प्रक्रियाओं को समझने के लिए कार्यशाला में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

कार्यशाला पंजीकरण शुल्क पांच सौ रुपए है।चैम्बर के अध्यक्ष किशोर मंत्री एवं अहारी उप समिति के चेयरमैन आनंद कोठारी ने संयुक्त रूप से झारखंड राज्य के उद्यमियों एवं प्रगतिशील किसानों एवं खाद्यान एवं खाद्य व्यापारी से यह अपील की है इस योजना का पूर्ण लाभ उठाकर झारखंड के सामाजिक आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करें। रजिस्ट्रेशन का समय दोपहर 12 बजे से 2 बजे होगा।

श्रीकृष्ण प्रणामी सेवा समिति का होली मिलन समारोह आयोजित

## अधर्म पर धर्म की जीत का महापर्व है होली : स्वामी सदानंद जी महाराज

वरीय संवाददाता

**रांची।** संत शिरोमणी श्रीश्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज के सानिध्य में श्री कृष्ण प्रणामी सेवा समिति के तत्वावधान में होली मिलन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। होली मिलन कार्यक्रम मे संत श्री ने अपने प्रवचन मे कहा कि हिन्दुओं के महापर्व होली का पर्व अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक है। होली मिलन कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए गुरु जी ने कहा कि अधर्म पर हर समय धर्म ही जीतता है। धर्म भले थोड़ा परेशान होता है, लेकिन अंत में धर्म की जीत होती है। गुरु जी ने कहा कि हमारी संस्कृति पश्चिम सभ्यता की ओर जा रही है आज के हमारे बच्चे विदेशी रहन-सहन की ओर आकर्षित हो रहे हैं। हमें बच्चों के बीच देशभक्ति का अलख जगाना चाहिए। गुरुजी ने शिष्यों के साथ फूलों की होली खेली एवं आशीर्वाद दिया। गुरु जी ने कहा



कि होली का महत्व भक्त प्रह्लाद के भक्ति पर आधारित है।

स्वामी सदानंद जी महाराज सुबह रायगढ़ से चलकर 10 सुंदरगढ़ ओडिशा पहुंचे। फिर सुन्दरगढ से सड़क मार्ग द्वारा परमहंस भागवत भास्कर संत शिरोमणि डॉक्टर श्री श्री 108 श्री सदानन्द जी महाराज जी एवं गीता प्रवचन कर्ता शास्त्री रविकांत राय भी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एव नंदकिशोर चौधरी के साथ सुन्दरगढ से चलकर संध्या 4ः00 बजे रांची स्थित संस्था निर्माणाधीन मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग सेवाधाम आश्रम के प्रांगण में (श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर) पहुंचे। गुरुजी सदानंद जी महाराज के रांची पहुंचने पर उनके शिष्यों द्वारा गुरु जी को चंदन वंदन कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात गुरुजी एवं गीता प्रवचन कर्ता रविकांत राय भी गुरु महाराज के साथ रेलमार्ग द्वारा पटना के लिए प्रस्थान किये। कार्यक्रम में अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, उपाध्यक्ष निर्मल जालान,राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, ननद किशोर पाटोदिया, बिष्णु सोनी,नन्द किशोर चौधरी, सुरेश चौधरी,बिजय अग्रवाल, नवल अग्रवाल,अनुप अग्रवाल, ओमप्रकाश सरावगी,पुर्णमल सर्राफ,सज्जन पाडिया,सुरेश चौधरी,वेकट गाडोदिया,सुरेश अग्रवाल,सुरेश भगत, दिलीप अग्रवाल, शिव भगवान अग्रवाल महिला समिति की विधा देवी अग्रवाल,प्रमिला पुरोहित,बिमला जालान, शोभा जालान,सरिता अग्रवाल,कविता गाड़ोदिया, शिला मुरारका,सुनीता अग्रवाल,सरीता अग्रवाल,पुनम अग्रवाल,अंशुल अग्रवाल सहित काफी संख्या में सदस्य उपस्थित थे। उक्त जानकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने दी।

## पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी को प्रत्यासी बनाने की मांग की

### चतरा संसदीय क्षेत्र का सर्वागीण विकास केएन त्रिपाठी कर सकते है – सुरेंद्र पासवान

**प्रतिनिधि,मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय समीप प्रखंड कांग्रेस कार्यालय मे कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राजकिशोर सिंह की अध्यक्षता मे बैठक आयोजित की गई। बैठक मे चतरा संसदीय क्षेत्र से प्रत्यासियो के बावत चर्चा किया गया। बैठक के दौरान कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान ने कहा की चतरा संसदीय क्षेत्र की जनता को हमेशा से बाहरी प्रत्यासीयो ने ठगने का काम किया है। इस क्षेत्र का भला तभी हो सकता है, जब चतरा संसदीय क्षेत्र की माटी का कोई बेटा चतरा की आवाज बनेगा। चतरा संसदीय क्षेत्र से पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी प्रत्यासी के तौर पर पुरी तरह से फिट बैठते है। इस दौरान बैठक मे उपस्थित कार्यकर्ताओ ने आलाकमान से



एक स्वर मे चतरा संसदीय क्षेत्र से स्थानीय प्रत्यासी देने की मांग किया गया। उक्त स्थानीय प्रत्यासी मे प्रखंड के कांग्रेसीयो ने राज्य के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी को चतरा संसदीय क्षेत्र से प्राथमिकता देने की मांग आलाकमान से किया है। बैठक मे कांग्रेस के कार्यकर्ताओ ने कहा की पुर्व मंत्री केएन त्रिपाठी रांकी कला पंचायत के ही पुराने बसिंदा है। वही पुर्व मंत्री ने अपने मंत्रितत्व काल मे राज्य व क्षेत्र के विकास मे महत्वपूर्ण भुमिका निभाया है। इनके द्वारा सरयु एक्सन प्लान के तहत ग्रामीण क्षेत्रो के विकास मे भी अपना सराहनीय योगदान दिया है। चतरा संसदीय क्षेत्र की जनता के हित मे प्रखंड के कांग्रेसीयो ने पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी को कांग्रेस पार्टी से प्रत्यासी बनाने की मांग कांग्रेस के आलाकमान से किया है। चतरा संसदीय क्षेत्र से पूर्व मंत्री को कांग्रेस पार्टी से प्रत्यासी बनाने की मांग करने वालो मे कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, प्रखंड बीसुत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, सुरेंद्र भारती, ईदरीश अंसारी, गुड्डू सिंह, सागीर अंसारी, गंगेश्वर यादव समेत कई लोग शामिल है।

## नारी सेना का होली मिलन समारोह आयोजित

**विशेष संवाददाता ,रांची।** नारी सेना, केंद्रीय कमिटी,केशव नगर,पहाड़ी टोला की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन केंद्रीय अध्यक्ष पूनम सिंह की अध्यक्षता में राजकलश गेस्ट हाउस में संपन्न हुआ। इस अवसर पर नारी सेना के संयोजक सागर वर्मा,मुख्य संरक्षक राजकुमार गुप्ता,दीपक वर्मा,देवी दयाल मुंडा,शिव किशोर शर्मा,सूरज सिंह भवानी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मिसेज इंडिया रश्मि बेसरा,पूर्व वार्ड पार्षद सह समाज सेविका सुनीता देवी सहित अन्य मौजूद थे।



पूनम सिंह ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व भेदभाव को मिटाता है। संरक्षक शिव किशोर शर्मा ने विशिष्ट अतिथि मिसेज इंडिया रश्मि बेसरा का परिचय देते हुए कहा कि इन्होंने महिलाओं की शान बढ़ाते हुए झारखंड का नाम रौशन किया है।सुनीता देवी ने उपस्थित लोगों को होली पर्व की शुभकामनाएं दी। वहीं ,मिसेज रश्मि बेसरा ने कहा कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं है। दृढ़ संकल्प के साथ कार्य करें तभी अपनी मंजिल पा सकते हैं।मंच संचालन सूरज सिंह भवानी एवं धन्यवाद ज्ञापन सागर वर्मा ने किया। महिलाओं ने एक से बढ़कर एक फगुवा गीत गाए और एक दूसरे को रंग अबीर लगाया।इसके पूर्व झारखंड (दुमका) की बेटी रश्मी बेसरा एवं अन्य अतिथियों का नारी सेना ने भव्य स्वागत किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष पूनम सिंह,उपाध्यक्ष कमला विश्वकर्मा,मंत्री रूपा देवी, महामंत्री किरण देवी,प्रवक्ता लवली पांडे, सह प्रवक्ता अनुपमा सिंह,मीडिया प्रभारी कामिनी सिंह सहित सुमन देवी,गीता देवी, सुचिता देवी,रानी राणा,ज्योति सिंह,प्रभा सिंह,प्रियंका सिंह, नीता सिंह,ममता कुमारी,सोनी कुमारी का सहयोग मिला।

## जेसीआई यूथ ने स्कूल में शुद्ध पेयजल के साथ मूलभूत सुविधाएं कराई उपलब्ध

वरीय संवाददाता

**रांची।** जेसीआई यूथ द्वारा बर्दवान कंपाउंड स्थित डीएवी बुद्धा स्कूल मे मूलभूत सुविधा का उद्घाटन जेसीआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ईशान अग्रवाल ने किया। जेसीआई यूथ की अध्यक्ष सोनल अग्रवाल ने बताया कि स्कूल एक ऐसी जगह है,जहां बच्चों का सामाजिक विकास तेजी से होता है। हमउम्र बच्चों के साथ वे घुलमिलकर चीजों को बेहतर तरीके से समझते हैं। वैसे तो समाजीकरण के मामले में घर को सबसे बड़ा स्कूल माना जाता है। पिछले कई वर्षों से हमारी संस्था के सदस्यों द्वारा स्कूल में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि स्कूल के बच्चों को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गई।स्कूल में लगभग 100 बच्चे पढ़ाई करते हैं।स्कूल में विद्यार्थियों के बीच कापी पेंसिल और जरूरतों की वस्तु बांटी गई।स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम के साथ तरह तरह के प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था की अध्यक्ष सोनल अग्रवाल, सचिव ऋचा जालान,मीडिया प्रभारी मोनिका गोएनका,पूर्व अध्यक्ष प्रतीक बदानी, सदस्य प्रवीण कुमार,हर्ष सिंघानिया,गुणीत सिंह, जेसीआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ईशान अग्रवाल,जोन अध्यक्ष वसुंधरा सिंह,जोन उपाध्यक्ष देवेश नागौरी ,जोन डायरेक्टर मैनेजमेंट विशाल धोना की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## चौपारण पुलिस को मिली बड़ी सफलता, अवैध शराब का जखीरा किया बरामद



**प्रतिनिधि, चौपारण।** चौपारण (हजारीबाग) सोमवार को पुलिस अधीक्षक महोदय हजारीबाग को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम भगहर पंचायत के ग्राम भण्डार स्थित परमेश्वर यादव के घर में भारी मात्रा में तस्करी करने के लिए अवैध रुप से

अग्रेंजी शराब छुपा कर रखा हुआ है। इस सूचना के आलोक में सत्यापन के लिए एक टीम गठीत कर छापामारी हेतु ग्राम-भण्डार थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह सशस्त्र बलों के साथ पहुँचे तथा भण्डार स्थित परमेश्वर यादव के घर का घेरा बंदी कर विधिवत तलाशी लिया गया। तलाशी के

क्रम में घर के अन्दर में छुपा कर रखा लगभग 100 पेटी अंग्रेजी शराब एंव 02 प्लास्टिक के बोरा में देशी पाउच शराब

500 पीस बरामद किया गया। 100 पेटी अंग्रेजी शराब में से 20 पेटी ब्लैक डॉट कंपनी का अंग्रेजी शराब एंव 80

पेटी इंपीरियल ब्लू कंपनी का 375 मिलीलीटर की अंग्रेजी शराब, जप्त की गई। इस संबध में चौपारण थाना काण्ड सं0-71/24 दिनांक-18/03/24 धारा- 272/273/290/414/34 भाद0वि0 एंव 47(ए) उत्पाद अधि0 दर्ज किया गया । बरामदगीः- 100 पेटी अंग्रेजी शराब जिसमें से 20 पेटी ब्लैक डॉट कंपनी का अंग्रेजी शराब एंव 80 पेटी इंपीरियल ब्लू कंपनी का 375 मिलीलीटर का देशी पॉउच शराब 500 पीस बरामद किया गया।छापामारी दल मैं मुख्य रूप से पु0 अ0नि0 दिपक कुमार सिंह थाना प्रभारी चौपारण थाना,स0अ0नि0 संजय हाँसदा एवं चौपारण थाना सशस्त्रबल के जवान शामिल थे।

## चतरा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने चतरा कॉलेज चतरा पहुंच बज्र गृह, मत पत्र गणना कक्ष समेत अन्य का लिया जायजा



**प्रतिनिधि, चतरा।** लोकसभा आम चुनाव 2024 को देखते हुए सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा रमेश घोलप ने पुलिस अधीक्षक श्री विकास कुमार पाण्डेय, उप निर्वाचन पदाधिकारी रजवंती कुमारी,निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा सुरेन्द्र उरांव समेत अन्य कोषांग के पदाधिकारी के साथ चतरा कॉलेज चतरा पहूंच बज्र गृह, मत पत्र गणना कक्ष समेत अन्य का निरीक्षण किया। मौके पर उपस्थित पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा अगर निर्वाचन के कार्य होने वाले कॉलेज भवन में मरम्मति की आवश्यकता है या सुरक्षा की दृष्टिकोण से कोई और आवश्यकता है तो इसे जल्द से जल्द संबंधित पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए दुरूस्त कराएं। साथ ही शौचालय, पेजयल, विद्युत, पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति, सी0सी0टी0वी0 का अधिष्ठापन समेत कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए।

## इंसानियत फाउंडेशन के सदस्यों ने तीन गर्भवती महिलाओं को किया रक्तदान

**प्रतिनिधि, पाकुड़।** इंसानियत फाउंडेशन के सदस्यों ने पवित्र माहे रमजान मे धर्म की दीवार तोड़कर रक्तदान के लिए आगे आकर लोगों की जान बचाने की कार्य कर रहा है। संस्था की ये पहल जो सराहनीय है। सदर अस्पताल सोनाजोरी मे भर्ती गर्भवती महिला 27 वर्षीय समा खातून को ए पॉजिटिव ब्लड और महेशपुर की साहिना खातून को ए पॉजिटिव ब्लड की अत्यंत जरूरत पड़ी। परिजनों ने इंसानियत फाउंडेशन के अध्यक्ष सद्दाम हुसैन और पाकुड़ उप विकास आयुक्त के गार्ड महबूब आलम से संपर्क किया एवं दोनों ने ब्लड की व्यवस्था कर दिया। इमरजेंसी को देखते हुए बड़हरवा प्रखंड के श्रीकुंड पलसबोना के तोफाइल हक को बुलाया गया और रात को ही ब्लड डोनेट किया गया। शाइमा बीवी पति इसहाक शेख ग्राम पियादापुर पाकुड़ की रहने वाली है ये भी गर्भवती महिला है जो सोनाजोड़ी हॉस्पिटल में एडमिट है इसे इमरजेंसी में रात को ही ब्लड का जरूरत था जिसे पूरा किया गया, दूसरा महेशपुर के सिदाम लेट ए पॉजिटिव अपने जीवन मे 5 वी बार रक्तदान किया तब जाकर इलाज संभव हो पाया। मौके पर अध्यक्ष सद्दाम हुसैन, अनवर शेख, मेहबूब आलम, कर्मचारी नवीन कुमार और पियूष दास थे।




# पांडेयबारा चपरीकला में अंग्रेजी माध्यम ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल का हुआ भव्य उद्घाटन

- अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए विद्यालय की अटूट प्रतिबद्धता - रंजीत चंद्रवंशी
- ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में एक नया इतिहास रचेगा - भुनेश्वर यादव
- बेहतर शिक्षा एवं अग्रेंजी वातावरण के साथ अभिभावकों की उम्मीदों पर खरा उतरना हमारा प्रयास - पंचम कुमार पाण्डेय




**प्रतिनिधि, चौपारण।** चपरीकला (चौपारण) प्रखंड अंतर्गत पांडेय बारा पंचायत के चपरीकला में ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल का भव्य उद्घाटन वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता भुनेश्वर यादव, भाजपा नेता रंजीत चंद्रवंशी, अनिल पांडेय, रेनबो स्कूल बरही निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा, त्रिपुरारी पांडे, पप्पू चंद्रवंशी, महेंद्र यादव, अखिलेश पांडेय, करुणा सिंह, बिपिन बिहारी पांडेय एवं निदेशक पंचम कुमार पांडे, धनंजय कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काट कर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय में पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम का संचालन परमेश्वर प्रजापति ने किया। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक एवं परिवार को शुभकामनाएं देते हुए रंजीत चंद्रवंशी ने कहा कि क्षेत्र में इंग्लिश मीडियम एवं प्ले स्कूल की आवश्यकता थी। आज इस क्षेत्र को इंग्लिश मीडियम का स्कूल मिला है। इस नए स्कूल के खुलने के बाद क्षेत्र के बच्चे अंग्रेजी में पढ़ पाएंगे और उनका विकास संभव हो सकेगा। साथ ही उन्होंने कहा क प्ले स्कूल खुलने से बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलेगी। बेहतर शिक्षा के लिए अब बच्चों को बाहर नही जाना पड़ेगा। कहा कि अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ इष्टतम वातावरण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए संस्थान की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

वही वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता भुनेश्वर यादव ने कहा कि इस इंग्लिश मीडियम स्कूल के निर्माण से आसपास के क्षेत्र के अभिभावकों पर काफी सहूलियत होगी। कहा कि क्षेत्र में बच्चों में भावनात्मक, सामाजिक, शारीरिक और मानसिक विकास के लिए बेहतर स्कूल की तलाश अब खत्म हुई। बताया कि इससे बच्चे आजादी से सीखते है। कहा कि बच्चों का मस्तिष्क का 90 प्रतिशत विकास पांच वर्ष के उम्र तक हो जाता है। प्ले स्कूल में पढ़ने से अन्य बच्चों की अपेक्षा तेजी से होता है। कहा कि ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्रायें शिक्षा के क्षेत्र में एक नई इतिहास रचेगी। शिक्षा के क्षेत्र में नए मुकाम हासिल करने की शुभकामना दिया। वही निदेशक पंचम कुमार पाण्डेय ने बताया कि यहां प्ले से कक्षा छः तक शिक्षण की व्यवस्था है। यहां शिक्षण सामाग्री के साथ-साथ खेल की भी शिक्षा दी जाएगी। साथ ही स्कूल आने अथवा जाने के लिए सुरक्षित वाहन की व्यवस्था है। स्कूल का वातावरण पूर्ण रूप से अंग्रेजी होगा। साथ ही साथ बच्चों में संस्कार निर्माण की भी शिक्षा दी जाएगी। बताया की पहले 50 बच्चों का निशुल्क नामांकन भी किया जायेगा। उद्घाटन के अवसर पर अभिभावको द्वारा 10 बच्चों का निशुल्क नामांकन भी कराया गया। कार्यक्रम का समापन फाउंडर धनंजय कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया। उद्घाटन के अवसर पर रामलखन सिंह, किनकर सिंह, रामस्वरूप सिंह, विनय सिंह, आशीष सिंह, मिथलेश सिंह, युगेश सिंह, रामपुकार ठाकुर, साधुचरण सिंह, वासुदेव सिंह, महेंद्र पांडेय, प्रमोद पांडे, रतन पांडे, कपिल पांडे, मुन्ना पांडे, सत्येंद्र पांडे, उपेंद्र पांडे, शुभम गुप्ता, राजेश यादव, कुमारी स्वेता, शिवानी जायसवाल, कुमकुम जायसवाल, संतोष कुमार, बजरंगी केशरी सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## जेल अदालत का हुआ आयोजन



**प्रतिनिधि, पाकुड़।** झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ बाल कृष्ण तिवारी के निर्देश पर 17 मार्च 2024 रविवार को जेल अदालत का आयोजन किया गया जिसमें सचिव अजय कुमार गुड़िया, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी निर्मल कुमार भारती, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी कमल प्रकाश समेत जेल के प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## दादपुर में कुशवाहा समाज का होली मिलन समारोह आज, संजय मेहता होंगे मुख्यातिथि



**प्रतिनिधि, चौपारण। दादपुर (चौपारण)** प्रखण्ड के कुशवाहा समाज का होली मिलन समारोह आज कुशवाहा भवन दादपुर में आयोजित होगा। इस सम्बंध में कुशवाहा समाज के प्रखण्ड अध्यक्ष सुखदेव दांगी के द्वारा दी गई। जानकारी देते उन्होंने कहा कि कुशवाहा समाज का पहला होली मिलन समारोह गतवर्ष भगहर में हुआ था। इस साल प्रखण्ड के दादपुर पंचायत के दादपुर में स्तिथ कुशवाहा भवन में आयोजित होगा। जिसकी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। होली मिलन समारोह कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जेबिकेएसएस के केंद्रीय उपाध्यक्ष संजय मेहता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कुशवाहा युवा प्रदेश अध्यक्ष बबलू कुशवाहा होंगे। वहीं इस कार्यक्रम में खोरठा के कॉमेडी स्टार व गीतकार दिलीप वर्मा होली के गीतों व कॉमेडी के रंगों से सरोबोर करेंगे। वहीं उन्होंने आगे कहा कि प्रखण्ड में 12 ऐसे गांव हैं जहां कुशवाहा समाज अधिसंख्य संख्या में हैं। उन्होंने कुशवाहा समाज की ओर से समाज के सभी माताओं बहनों और कुशवाहा समाज के सभी सम्मानित बुद्धिजीवी अभिभावक गण एवं कल के भविष्य युवा साथियों को कुशवाहा होली मिलन समारोह में सादर आमंत्रित किया है। कार्यक्रम सुबह 10:00 बजे से प्रारंभ होगा। इधर कार्यक्रम का आयोजन दादपुर में होने के कारण दादपुर के युवाओं में भी काफी उत्साह है। वे कार्यक्रम को सफल बनाने में जुट गए हैं। कार्यक्रम की तैयारी में पूर्व अध्यक्ष महेश्वरी मेहता, मुखिया गंदौरी दांगी,पंचायत समिति सदस्य शम्भू दांगी,प्यारी दांगी,पंकज दांगी,मुखीया प्रतिनिधि पवन दांगी,पल्लू मेहता,दुलारी दांगी,मनोज दांगी,राधेश्याम दांगी,राजेश मेहता,बिनोद दांगी,रंजित दांगी,मुकेश कुशवाहा,यदुनाथ दांगी,मन्टू दांगी,कैलाश दांगी,महेंद्र दांगी,अजय दांगी सहित कई दादपुर के युवा लगे हुए हैं।

## शहर के कई बूथों पर भाजपा ने चलाया लाभार्थी संपर्क अभियान

**प्रतिनिधि, पाकुड़।** भाजपा नगर अध्यक्ष पंकज कुमार शाह के नेतृत्व में पाकुड़ नगर के कई बूथों पर एवं बूथ क्रमांक 411 में लाभार्थियों की समृद्धि मोदी की गारंटी कार्यक्रम को लेकर सभी लाभार्थियों से संपर्क अभियान चलाया गया। संपर्क अभियान में अतिथि के तौर पर राजमहल विधानसभा के प्रभारी पूर्व जिला परिषद के अध्यक्ष भाजपा नेता बाबूधन मुर्मू मुख्य रूप से उपस्थित थे। भाजपा नेता बाबूधन मुर्मू ने देशवासियों के नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पत्र सभी लाभार्थियों के बीच वितरण करते हुए मोदी जी का प्रणाम एवं सभी लाभार्थियों के आवास पर स्टीकर लगाने का काम किया गया। मोदी जी के 10 वर्ष के कार्यकाल को सभी लाभुकों के बीच जाकर समझने का काम किया गया ,सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सब का प्रयास, की प्रेरणा से लगातार 10 वर्षों से निरंतर ऐसी योजनाओं लागू की गई जिसमें गरीबों की मुश्किलें कम हो और उनका जीवन आसान बने। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत करीब 4 करोड़ से अधिक गरीबों को पक्का का मकान मिला और पक्का का मकान पाकर गरीब अति प्रसन्न एवं उत्साहित हैं। आने वाले 2024 में लोकसभा के चुनाव में फिर से मोदी को भारत के प्रधानमंत्री के रूप में भारत के देशवासी देखना चाहते हैं। आज के लाभार्थी अभियान कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा किसान मोर्चा के नेता विक्रम कुमार मिश्रा, नगर मंत्री प्राची चौधरी, ओबीसी मोर्चा के नगर मंत्री बूथ अध्यक्ष निधि गुप्ता, क्रांति शर्मा, विक्रम रजक, सोनू शाह ,एवं कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# आदर्श आचार संहिता के अनुपालन हेतु अनुमण्डल दण्डाधिकारी चतरा एवं सिमरिया द्वारा किया गया आदेश जारी

### दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 लागू

पूर्वांचल सूर्य ब्यूरो

**चतरा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक सभा आम निर्वाचन-2024 की घोषणा दिनांक- 16.03.2024 शनिवार को कर दी गई है। भारत निर्वाचन आयोग की घोषणा की तिथि से हीं सम्पूर्ण क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। इस अवधि में विभिन्न राजनीतिक दलों तथा प्रत्याशियों के द्वारा चुनाव प्रचार हेतु जन-सभा/जुलूस का आयोजन किया जाएगा। जन सभा एवं जुलूस में राजनीतिक प्रतिद्वंदिता एवं प्रतिस्पर्द्धा के कारण शस्त्र एवं शक्ति प्रदर्शन कर मतदाताओं को प्रभावित/आतंकित किये जाने तथा विधि-व्यवस्था भंग होने की प्रबल संभावना बनी रहती है। इसके अतिरिक्त मतदाताओं को डराने, धमकाने, जातीय, साम्प्रदायिक तथा धार्मिक विद्वेष की भावना फैलाने के लिए अवांछित/असामाजिक तत्वों के सक्रिय होने के कारण विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो सकती है, जिसके कारण लोक शान्ति भंग हो सकती है।

अतः उपर्युक्त परिपेक्ष्य में अनुमण्डल दण्डाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज एवं अनुमण्डल दंडाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव द्वारा अनुमंडल अन्तर्गत निष्पक्ष चुनाव के आचरण एवं अनुकूल, स्वस्थ और शान्तिपूर्ण माहौल बनाये रखने के लिए संतुष्ट होकर चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति होने तक अथवा अधिकतम 60 दिनों तक जो पहले हो, दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 में प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए चतरा जिला के चतरा एवं सिमरिया अनुमण्डल के सम्पूर्ण क्षेत्र में निषेधाज्ञा आदेश जारी करते हुए निम्नांकित आदेश जारी किया गया है।

**रैली, सभा एवं धरना** किसी भी व्यक्ति/राजनीतिक दल/संगठन/उम्मीदवार/अभ्यर्थी के द्वारा राजनीतिक प्रयोजन से संबंधित किसी भी प्रकार की सभा, जुलूस, धरना या किसी भी प्रकार का प्रदर्शन बिना सक्षम पदाधिकारी के पूर्वानुमति के आयोजित नहीं किया जाएगा।

जुलूस में किसी भी व्यक्ति के पास किसी भी प्रकार का धारदार हथियार (अस्त्र एवं शस्त्र) जो मानव शरीर के लिए घातक हो, को लेकर चलने पर प्रतिबंध रहेगा।

चुनावी अभियान/प्रचार के दौरान उपयोग में लाये जाने वाले वाहन बिना सक्षम पदाधिकारी की अनुमति के बगैर उपयोग नहीं किया जायेगा।

रैली सभा एवं धरना में सरकारी सम्पति का उपयोग करना वर्जित रहेगा।

**ध्वनि विस्तारक यंत्र*** ज्ञ्झारखंड राज्य ध्वनि विस्तारक यंत्र अधिनियम 1955 के अन्तर्गत ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग रात्रि-10.00 बजे से प्रातः-6.00 बजे तक वर्जित रहेगा।

ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग समक्ष पदाधिकारी की अनुमति के बगैर नहीं करेंगे।

ध्वनि विस्तारक यंत्र में किसी प्रकार के जाति, धर्म, समुदाय विशेष से संबंधित गीत-संगीत/नारे का उपयोग नहीं किया जायेगा, ताकि दो समुदायो में शत्रुता या घृणा पैदा नहीं हो। ऐसा किये जाने पर आवेदक की ध्वनि विस्तारक यंत्र की अनुमति रद्द करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

**सम्पति विरूपण अधिनियम–** किसी सरकारी संपत्ति पर नारा लिखना, पोस्टर/पम्पलेट चिपकाना, पार्टी विशेष का झण्डा लगाना, होर्डिंग लगाना एवं तोरण द्वार लगाना प्रतिबंधित रहेगा। सार्वजनिक स्थलो पर प्रचार-प्रसार का कार्य सक्षम पदाधिकारी के अनुमति के उपरान्त ही किया जायेगा। उक्त प्रतिबंध का उल्लंघन किये जाने पर संबंधित व्यक्तियों पर संपत्ति विरूपण अधिनियम1987 के सुसंगत धाराओं/प्रावधानों के तहत् कार्रवाई की जायेगी।

किसी भी व्यक्तिगत संपत्ति पर बिना संपत्ति मालिक के लिखित अनुमति के नारा लिखना, पोस्टर, पम्पलेट चिपकाना, पार्टी विशेष का झण्डा लगाना, होर्डिंग लगाना आदि प्रतिबंधित रहेगा।

**पाँच या उससे अधिक व्यक्ति पर प्रतिबंध–** भारतीय दण्ड संहिता में परिभाषित किसी भी अपराध करने तथा शांति भंग करने के उद्देश्य से पाँच या उससे अधिक व्यक्ति का किसी भी स्थान पर एकत्रित होना प्रतिबंधित रहेगा।

कोई भी व्यक्ति/राजनीतिक दल/संगठन/उम्मीदवार/अभ्यर्थी ऐसे किसी प्रकार का पोस्टर, पर्चा, आलेख, फोटो आदि का प्रयोग नहीं करेंगे, जो किसी व्यक्ति/समुदाय/धर्म/जाति की भावनाओं को आहत करता हो, तथा इससे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होता हो। किसी भी व्यक्ति अथवा राजनीतिक दल या संगठन, उम्मीदवार/अभ्यर्थी किसी व्यक्ति विशेष के विरूद्ध ऐसे किसी आपत्तिजनक टिप्पणी, विधि-विरूद्ध संदेश का प्रयोग व्हाट्सएप/फेसबुक/ट्विटर/इंस्टाग्राम अथवा सोशल मिडिया पर या किसी भी तंत्र पर नहीं करेंगें, जिससे किसी भी व्यक्तिगत/मानसिक/धार्मिक/जातीय भावनाएँ आहत होती हों तथा चुनाव संबंधी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होता हो। उक्त का उल्लंघन करने की स्थिति में संबंधित पर सुसंगत धाराओं/प्रावधानों के तहत् कार्रवाई की जाएगी। ( Sec 125 of RPA, 1951 और 153A Of IPC)*

**कोई भी राजनीतिक दल/अभ्यर्थी निम्नवत् कार्य नहीं करेंगे** किसी भी व्यक्ति/राजनीतिक दल/संगठन/उम्मीदवार/अभ्यर्थी किसी धार्मिक स्थल का प्रयोग राजनीतिक प्रचार के लिए नहीं करेंगें। मतदाताओं को डराने, धमकाने का कार्य नहीं करेंगें और न हीं किसी भी मतदाता को प्रलोभन में लाने का प्रयास एवं साम्प्रदायिक भावना को भड़काने का कार्य करेंगें। (स्द्रू 129 शब्द त्रक्क 1951 शब्द-द्वक्कट 171 (क्त) (ष्ट)(श्व) ड्डठ्ठस्र (स्न) के अन्तर्गत दण्डनीय होगा।

किसी राजनीतिक दल अथवा अभ्यर्थी अथवा अन्य किसी व्यक्ति के द्वारा ऐसा कोई कार्य नहीं किया जायेगा, जिससे विभिन्न जातियों या धार्मिक या भाषायी समुदायों के बीच घृणा की भावना उत्पन्न हो।

सरकारी स्वामित्व वाले गेस्ट हाउस, भवन का कोई भी हिस्सा किसी भी राजनीतिक गतिविधियों/सभा/बैठक के लिए उपयोग नहीं किया जायेगा।

प्रदूषण फैलाने वाले प्रचार सामग्रियों यथा प्लास्टिक/पॉलिथीन से बने पोस्टर, बैनर का इस्तेमाल राजनीतिक प्रचार-प्रसार के लिए नहीं किया जायेगा।

कोई भी पार्टी अपना अस्थाई कार्यालय धार्मिक स्थल, शिक्षण संस्थान एवं मतदान केन्द्र के 200 मीटर के अन्दर नहीं करेंगे।

कोई व्यक्ति शराब, नकदी या कोई अन्य ऐसी सामग्री वितरित करते हुए पाया जाता है, जिससे चुनाव कार्य प्रभावित हो सकता है, तो उसे विधिसम्मत धाराओं/प्रावधानों के तहत् दण्डित किया जायेगा।

निर्वाचन से संबंधित पम्पलेट, पोस्टर इत्यादि पर मुद्रक एवं प्रकाशक का नाम व पता होना अनिवार्य होगा अन्यथा यह 127 शब्द त्रक्क 1951 का उल्लंघन माना जायेगा।

सार्वजनिक खजाने की लागत पर सरकार या पार्टी की उपलब्धियों को हाईलाइट करते हुए किसी भी नई विज्ञापन की अनुमति नहीं होगी और मौजूदा विज्ञापन को जारी रखने की अनुमति नहीं होगी। मतदाताओं को कोई प्रलोभन वित्तीय या अन्य किसी प्रकार से प्रदान नहीं करेंगे।

मतदाताओं के जाति या साम्प्रदायिक भावनाओं से जोड़कर मतदाताओं को आकर्षित नहीं करेंगे।

विभिन्न जाति या समुदायों या धर्मों के बीच मौजूदा विभेदों को बढ़ावा देने या तनाव पैदा करने का कोई प्रयास नहीं करेंगे।

चुनाव के दौरान किसी भी राजनीतिक पार्टी या कार्यकर्ता द्वारा भ्रष्टाचारिक प्रथाओं या चुनावी अपराधों का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए अन्यथा विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी।दूसरी राजनीतिक पार्टियों या उम्मीदवारों द्वारा आयोजित सार्वजनिक सभाओं या जुलूसों में कोई व्यवधान/बाधा नहीं उत्पन्न करेंगे।

चुनाव की घोषणा की तारीख से चुनाव समाप्ति तक 10 वाहनों से अधिक के काफिले की अनुमति नहीं होगी, सुरक्षा वाहनों को छोड़कर।

कोई भी व्यक्ति/राजनीतिक दल/संगठन/उम्मीदवार/अभ्यर्थी किसी भी प्रकार का लाईसेन्सड हथियार लेकर नहीं चलेगा तथा आग्नेयास्त्र, तीर-धनुष, लाठी, भाला एवं मानव शरीर के लिए अन्य घातक हथियार का प्रदर्शन नहीं करेंगे।

परन्तु उल्लेखनीय है कि यह आदेश परम्परागत रूप से शस्त्र धारण करने वाले समुदाय (नेपालियों द्वारा खुखरी धारण करने तथा सिखों द्वारा कृपाण धारण करने वाले), विधि-व्यवस्था एवं निर्वाचन कर्तव्य पर लगे दण्डाधिकारियों/निर्वाचन कर्मियों और पुलिस पदाधिकारियों पर लागू नहीं रहेगा।

यह आदेश जिला दण्डाधिकारी द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन के अवसर पर निर्गत किये जाने वाले आदेश के आलोक में निर्दिष्ट स्थान पर शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा शस्त्र निरीक्षण कराने एवं शस्त्र जमा करने हेतु शस्त्र ले जाने वाले अनुज्ञप्तिधारियों पर शिथिल रहेगा।

कोई भी व्यक्ति/राजनीतिक दल/संगठन/उम्मीदवार/अभ्यर्थी के द्वारा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता के संदर्भ में समय-समय पर जारी दिशा-निर्देश के विपरीत कोई भी कार्य नहीं किया जायेगा।*

यह आदेश पूर्वानुमति प्राप्त सभा/जुलूस/शादी/बारात पार्टी/शव-यात्रा/हाट-बाजार/ अस्पताल जा रहे मरीज के साथ-साथ जा रहे व्यक्तियों, विद्यालय एवं महाविद्यालय जाने वाले छात्र/छात्राओं एवं कर्तव्य पर तैनात सरकारी कर्मचारी/पुलिस बल पर लागू नहीं होगा।

उन्होंने आदेश जारी कर यह भी कहा है कि संबंधित सभी व्यक्तियों को तत्काल रूप में नोटिस तामिला कराना संभव नहीं है, अतः यह आदेश एक पक्षीय पारित किया जाता है।

यह आदेश मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर से दिनांक-16.03.2024 शनिवार अपराह्न से जारी किया गया है।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

## लोकसभा चुनाव को लेकर बैंकों के जिला समन्वयक के साथ डीईओ ने की बैठक

**प्रतिनिधि,पाकुड़।** सोमवार को समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला अंतर्गत सभी बैंकों के जिला समन्वयक के साथ एक बैठक आहूत की गई। बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर बैंक प्रतिनिधियों को आवश्यक दिशा-निर्देशा दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि बैंक यह सुनिश्चित करेंगे कि बाह्यय स्त्रोत एजेंसियों व कंपनियों से नकदी ले जानेवाली गाड़ियां किसी भी परिस्थिति में बैंक की नकदी के अतिरिक्त किसी अन्य पक्ष की नकदी अपने साथ वाहन में नहीं रखेंगे। बाह्यय स्त्रोत एजेंसी व कंपनी के पास बैंकों द्वारा जारी पत्र व दस्तावेज इत्यादि होने चाहिए। जिसमें उन्हें बैंकों द्वारा दी गई नकदी की विवरणी व किसी प्रयोजन के लिए राशि उपलब्ध कराया गया है (जैसे-एटीएम मशीनों में भरने/अन्य शाखाओं अथवा बैंकों में रखने आदि) का उल्लेख होगा। बाह्यय स्त्रोत एजेंसियों व कंपनियों के कार्मिक (जो नकदी ले जाने वाली गाड़ी के साथ जा रहे हैं) के पास संबंधित एजेंसी द्वारा जारी किया गया पहचान पत्र उपलब्ध रहना चाहिए। साथ ही निर्वाचन प्रकिया के दौरान प्रतिनियुक्त किए गए उड़नदस्ता दल व स्थैतिक निगरानी दल के द्वारा इन गाड़ियों को रोका जाता है तो उनके द्वारा सत्यापन किया जायेगा। बैंक प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि 10 लाख रू या इससे ऊपर का कैश ट्रांजेक्शन किसी बैंक खाता में हो तो इसकी सूचना व्यय लेखा कोषांग को दें। निष्पक्ष व त्रुटिरहित लोकसभा चुनाव संपन्न कराने में सभी से सहयोग की अपील की गई। बैठक में बताया गया कि चुनाव लड़नेवाले अभ्यर्थियों के द्वारा नया बैंक एकाउंट खोलने (बैंक/पोस्ट ऑफिस / कॉपरेटिव बैंक) जाना है। यह बैंक खाता अभ्यर्थी के नाम से अथवा उसके निर्वाचन अभिकर्ता के साथ संयुक्त रूप से हो सकता है। संबंधित बैंक के द्वारा प्राथमिकता देते हुए उस व्यक्ति का खाता खोला जायेगा। साथ ही चुनाव प्रकिया के दौरान अभ्यर्थी व उसके अभिकर्ता के द्वारा उक्त खाते से किये जानेवाले ट्रांजेक्शन में बैंक के द्वारा प्राथमिकता दिया जायेगा। इसके अलावा बैठक में श्वस्स्ब्स और सी विजिल एप के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम (श्वस्स्ब्स) से किस प्रकार चुनाव में अनैतिक गतिविधियों पर राकथाम लगाया जा सकता है इसकी विस्तृत जानकारी दी गई ।

मौके पर सहायक समाहर्ता, परियोजना निदेशक, आईटीडीए, अपर समाहर्ता,अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी,जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, एसएमपीओ एवं विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक समेत अन्य उपस्थित थे।

## होली और चुनाव को लेकर एसपी ने किया क्राइम मीटिंग




**पूसू प्रतिनिधि,गिरिडीह।** होली और चुनाव को लेकर सोमवार को पपराटांड़ स्थित न्यू समाहरणालय के एसपी कार्यालय में क्राइम मीटिंग आयोजित की गई। बैठक के दौरान एसपी दीपक कुमार शर्मा ने सभी एसडीपीओ और थाना प्रभारियों को शराब तस्करी को लेकर खास ध्यान देने का निर्देश देते हुए कहा कि इंटर डिस्ट्रिक्ट स्तर पर जिले के सभी चेक पोस्ट पर निगरानी करने की जरूरत है। हर वाहनों की जांच करने का निर्देश दिया गया। वहीं चुनाव को देखते हुए एसपी ने कहा कि दो लाख तक में छूट है लेकिन इससे अधिक कैश होने पर उसे सीज कर लिया जाये। कहा कि इसके लिए हर थाना प्रभारी आईटी का सहारा ले, और बगैर जांच के नगद को तत्काल मुक्त करने पर सख्त पाबंदी भी लगाने का सुझाव दिया।

इस दौरान एसपी ने होली के पर्व को ध्यान में रखते हुए इलाके में गश्त बढ़ाने का निर्देश दिया। जबकि असामजिक तत्वों पर भी नजर रखने की बात कही। क्राइम मीटिंग में एसपी ने महिला हिंसा से जुड़े मामलों को गंभीरता से लेने का निर्देश दिया।

बैठक में एसडीपीओ सुमित प्रसाद,एसडीपीओ बिनोद रवानी, डीएसपी अंबिका राय, एसडीपीओ धनंजय राम, साइबर डीएसपी आबिद खान, प्रशिक्षु डीएसपी नीलम कुजूर, कैलाश महतो समेत कई थाना प्रभारी और पुलिस अधिकारी शामिल थे।

## जिला समाज कल्याण पदाधिकारी-सह-नोडल पदाधिकारी,स्वीप कोषांग ने स्वीप एक्टिविटी को ले की बैठक

### स्वीप कोषांग की बैठक में मतदाता जागरूकता को लेकर लिए गए निर्णय




**पूसू प्रतिनिधि,गिरिडीह।** जिला समाज कल्याण पदाधिकारी-सह-नोडल पदाधिकारी, स्वीप कोषांग, श्रीमती स्नेह कश्यप ने स्वीप एक्टिविटी को लेकर अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में सोमवार को बैठक आयोजित की। बैठक में मुख्य रूप से लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को सफल बनाने के लिए जिला स्वीप कोषांग के द्वारा वृहत प्रचार-प्रसार करने पर चर्चा हुई। साथ ही लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर स्वीप कोषांग द्वारा किए जाने वाले कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इस दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी-सह-नोडल पदाधिकारी, स्वीप कोषांग ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि स्वीप कोर कोषांग के सभी पदाधिकारीगण अपने-अपने कार्यों का निर्वहन करना सुनिश्चित करेंगे। स्वीप कोषांग का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची में पंजीकरण बढ़ाकर कोई मतदाता न छूटे, श्लोगन को चरितार्थ करना, शत-प्रतिशत मतदाता द्वारा मतदान प्रक्रिया में भाग लेना सुनिश्चित करना, पीडब्लूडीएस मतदाता पंजीकरण एवं उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि जिला स्वीप प्लान का कार्य मतदाता सूची में पंजीकरण बढ़ाकर मतदान प्रक्रिया में भागीदारी बढ़ाना, नैतिक एवं गुणवत्तापूर्ण मतदाता सहभागिता सुनिश्चित करना, युवा मतदाताओं विशेषकर 18 से 19 वर्ष का पंजीकरण करना, प्रजातंत्र एवं चुनाव प्रक्रिया पर सतत् प्रशिक्षण एवं प्रचार-प्रसार करना, निर्वाचक नामावली में दृष्टिगत जेंडर गैप कम करना तथा वंचित वर्गों का पंजीकरण कराना, दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं का शत-प्रतिशत पंजीकरण एवं मतदान प्रक्रिया में सहभागिता सुनिश्चित करना आदि शामिल है।

इस दौरान जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर यूनिसेफ, कार्यक्रम प्रबंधक, पीरामिल फाउंडेशन, प्रधान लिपिक, स्वीप कोषांग, वरीय लेखा लिपिक, स्वीप कोषांग व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# लोकसभा चुनाव को लेकर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ उपायुक्त ने की बैठक



**प्रतिनिधि,पाकुड़।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल सोमवार को समाहरणालय सभागार में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

बैठक में उन्होंने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि 16 मार्च को भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा चुनाव की तिथि की घोषणा के पश्चात ही पाकुड़ जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गया है ऐसे में इसका अनुपालन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यालयों व परिसरों से पोस्टर्स बैनर्स आदि को हटाया गया है एवं सार्वजनिक स्थानों जैसे रेलवे स्टेशन बस अड्डे आदि स्थानों से भी राजनीतिक पोस्टर बैनर झंडा को भी हटाया गया है। इसके साथ ही चुनावी खर्च को लेकर विभागीय निर्देश की जानकारी दी गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि से कहा की भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए सभी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित रूप से हो,इसके लिए सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल को दिशा-निर्देश का पालन करना अतिआवश्यक है। उन्होंने कहा की कोई भी अभ्यर्थी अधिकतम चुनाव प्रचार में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 95 लाख राशि खर्च कर सकता है। व्यय लेखा का संधारण प्रत्येक अभ्यर्थी को कराना होगा और उन्हें समय-समय पर जिला द्वारा निर्धारित तिथि को अपने व्यय लेखा की जांच करानी होती है,वे अनिवार्य रूप से अपने व्यय लेखा की जांच निर्धारित तिथि में कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि 50 हजार से ज़्यादा कैश लेकर आवागमन की स्थिति में उक्त कैश का स्क्रुटनी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बगैर अनुमति के कोई भी रैली या रोड शो पर प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सी-विजिल एप के बारे में विस्तार से बताया। सभी राजनीतिक दलों को ईवीएम मूवमेंट के बारे में बताया गया। चुनाव के लिए व्यय कोषांग द्वारा चुनाव प्रचार एवं चुनाव से संबंधित उपकरण/ वाहन प्रयोग में लाने हेतु रेट (दर) का निर्धारण हुआ है, उसकी सूची सभी राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराया गया है। पार्टी कार्यालय के बाहर किसी भी प्रचार प्रसार के लिये हर हाल में अनुमंडल पदाधिकारी से अनुमति लेनी होगी। चुनाव प्रचार प्रसार में कोई भी लाउडस्पीकर या पी0ए0 सिस्टम का प्रयोग लेने के पहले अनुमंडल पदाधिकारी से अनुमति लेनी होगी। मौके पर पुलिस अधीक्षक, सहायक समाहर्ता, परियोजना निदेशक, आईटीडीए, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी एवं विभिन्न राजनीतिक दल के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## पाकुड़ पॉलिटेक्निक में तीन दिवसीय स्पोर्ट्स फेस्ट 2024 हर्षोल्लास के साथ हुआ संपन्न



**प्रतिनिधि, पाकुड़।** जिले का एक मात्र पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रांगन में 15 से 18 मार्च तक संस्थान के छात्रों के बीच खेल-कूद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ÷स्पोर्ट्स फेस्ट 2024÷ का आयोजन किया गया 7 संस्थान के खेल-कूद मैदान में छात्रों ने 15 मार्च को अंतर्शाखा टीम बनाकर मार्च-पास्ट किया 7 संस्थान के प्राचार्य डॉश ऋषिकेश गोस्वामी एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निखिल चंद्रा ने मशाल प्रज्वलित कर छात्रों को सौंपा जिसे सिविल, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, मेटलर्जी, माइनिंग एवं बी सी ए के टीमों ने पुरे संस्थान परिसर में भ्रमण कर तीन दिनों के क्रीड़ाउत्सव के लिए मुख्य खेल-कूद मैदान में स्थापित किया। स्पोर्ट्स फेस्ट का समापन 18 मार्च को विजेता टीमों एवं उम्मीदवारों को ट्राफी एवं मेडल्स से सम्मानित कर बड़े ही हर्षोल्लास के माहौल में संपन्न हुआ। इस स्पोर्ट्स फेस्ट में क्रिकेट, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, खो खो, टग ऑफ वॉर सहित अन्य एथलेटिक्स खेलों को सम्मिलित किया गया था। सभी खेलों में छात्र-छात्राओ के साथ सभी विभागाध्यक्ष एवं शिक्षकों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। रंग विरंगे परिधानों में सजे छात्र-छात्राओं ने संस्थान परिसर को रमणीय बना दिया । संस्थान के अंतिम वर्ष के छात्रों ने विभिन्न स्टाल लगाकर सभी खिलाडियों को प्रोत्साहित करते देखे गए।

संस्थान के निदेशक अभिजित कुमार एवं शासी निकाय की सदस्या रेणुका यशस्वी ने संयुक्त रूप से ऑनलाइन जुड़कर कर छात्र-छात्रावों के मनोबल को बढ़ाते हुए खेलभावना को सर्वोपरी रखने का सन्देश दिया। अभिजीत कुमार ने छात्रों से कहा कि खेल खेल-कूद हमें टीम स्पिरिट की गुण विकसित करता है जो आने वाले जीवन में एक सफलता की सीढ़ी साबित होगी ।

क्रिकेट में सिविल ब्रांच (विजेता टीम), मैकेनिकल + बी सी ए ब्रांच (उप-विजेता टीम)। वॉलीबॉल में - मैकेनिकल + बी सी ए ब्रांच (विजेता टीम), माइनिंग + मेटलर्जी ब्रांच (उप-विजेता टीम) खो खो में माइनिंग + मेटलर्जी ब्रांच (विजेता टीम) । बैडमिंटन में डबल (गर्ल्स) ज्योति और प्रियंका (विजेता) । स्पोर्ट्स फेस्ट का समापन करते हुए संस्थान के प्राचार्य ने अगले वर्ष पुनः खेल उत्सव में नये जोश एवं तैयारी के साथ मिलने एवं जल्द ही पाकुड़ पॉलिटेक्निक टेक-फेक्ट के लिए छात्र-छात्राओं को तैयार रहने का आह्वाहन किया जहाँ उन्हें अपनी तकनीकी प्रतिभा को दर्शाने का मौका मिलेगा । अंत में उन्होंने संस्थान के सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को इस आयोजन को उत्साह, उमंग एवं अनुशासन के साथ संपन्न कराने के लिए संतोष प्रकट करते हुए धन्यवाद् दिया ।

## घूस मांगने का आरोप लगा जलसहियाओं ने किया प्रदर्शन,कर्मी कार्यालय छोड़ भागे



**पूसू प्रतिनिधि,गिरिडीह।** बकाए मानदेय के भुगतान को लेकर जनप्रतिनिधि और प्रशासन के उदासीन रवैये से नाराज जलसहियाओं ने सोमवार को गिरिडीह में प्रदर्शन किया। इस दौरान जलसहियाएं पीएचईडी के दोनों कार्यालय पहुंची और जमकर हंगामा किया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रही दिव्या, सरिता देवी, सितारा प्रवीण, पूनम पांडेय, नीलम बेबी, माला पांडेय, नीतू देवी, उर्मिला देवी समेत काफी संख्या में जलसहियाओं ने इस दौरान पीएचईडी कार्यालय पहुंच नारेबाजी की। दोनों कार्यपालक अभियंताओ के खिलाफ नारेबाजी की गई। हालांकि दोनों कार्यालय में मौजूद कई पदाधिकारी और कर्मी इस दौरान जलसहियाओं के गुस्से को देख कर कार्यालय छोड़कर भाग खड़े हुए।जो कर्मी मौजूद रहे, वो आचार सहिंता का हवाला देकर जलसहियाओं को कार्यालय से बाहर जाने की अपील करने लगे। इधर प्रदर्शन के दौरान जलसहियाओ ने दोनों कार्यपालक अभियंता पर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले साल मंत्रीमंडल ने दुर्गा पूजा में बकाया मानदेय के भुगतान की स्वीकृति दे दिया था। जबकि छठ पूजा में पत्राचार भी कर दिया गया और अब होली को देखते हुए दोनों कार्यपालक अभियंता भुगतान के लिए राजी हुए, तो आचार सहिंता का हवाला देकर भुगतान रोका जा रहा है।कहा कि यही नही दोनों कार्यालय के बिचौलिए अब भुगतान के बदले प्रति जलसहिया 5 हजार की मांग कर रहे हैं। लेकिन जब प्रदर्शन हुआ, तो पदाधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि 1200 जलसहियाओं का भुगतान जल्द कर दिया जाएगा। जबकि आठ सौ जलसहियाओं के लिए कोषागार में बिल भेजा जाएगा। पदाधिकारियो से मिले आश्वासन के बाद जलसहियाओं का प्रदर्शन खत्म हुआ।

**कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त,चतरा**
चुनाव का पर्व DESH KA GARV
Phone- 06541-223994,
E-mail-electionoffice.chatra@gmail.com

"आदेश"

लोकसभा आम निर्वाचन–2024 में मतदान के अवसर पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135 (ख) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 26–सिमरिया(अ0जा0) एवं 27–चतरा(अ0जा0) लोक सभा क्षेत्र अन्तर्गत किसी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य संस्थान में नियोजित व्यक्ति जो लोक सभा निर्वाचन में मतदान करने का हकदार है, को मतदान की तिथि 20.05.2024 को सवैतनिक अवकाश की मंजूरी दी जाती है।

किसी नियोजक के द्वारा आदेश का उल्लंघन किये जाने पर अधिनियम द्वारा नियत दण्ड अधिरोपित किया जायगा।

" वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम "

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, चतरा

PR 323064 Election(23-24).D

## स्टील उद्योगपति गुणवंत मोंगिया के जमीन पर कब्जे का प्रयास,केयर टेकर समेत 3 को भूमाफियाओं ने पीटा

पूसू प्रतिनिधि



**गिरिडीह।** जमीन विवाद को लेकर सोमवार को दो पक्षों में हिसंक झड़प हुई। इस दौरान झड़प में एक पक्ष के तीन लोग जख्मी हो गए। इसमें एक महिला भी शामिल है। घटना की जानकारी मिलते ही गिरिडीह नगर थाना की पुलिस भी घटनास्थल पहुंच कर मामले की जानकरी ली और दूसरे पक्ष के अशोक भदानी और मनीष भदानी पर जब सख्ती की तो दोनों पिता-पुत्र एक पक्ष के प्रेम प्रकाश पासवान की जमीन से हटे। इस दौरान नगर थाना पुलिस ने दुसरे पक्ष के अशोक भदानी और मनीष भदानी को जमकर फटकार भी लगाया और नसीहत देते हुए कहा कि अगर दुबारा प्लॉट पर निर्माण कार्य कराया तो दोनों के खिलाफ कार्रवाई होगी। इस बीच जानकारी मिलने के बाद कुछ पत्रकार भी घटनास्थल पर पहुंचे, और मामले में दूसरे पक्ष के अशोक और मनीष से उनकी राय जानने का प्रयास किया। लेकिन दोनों पिता-पुत्र इस दौरान कुछ मीडिया संस्थान के फोटोग्राफर और एक न्यूज चैनल के कैमरापर्सन से उलझ पड़े। इसके बाद नगर थाना पुलिस ने सख्ती किया। तो दोनों प्रेम प्रकाश पासवान के जमीन से पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहे। हालांकि नगर थाना पुलिस अशोक भदानी और मनीष भदानी को दबोचने के लिए छापेमारी कर रही थी। इधर मामले में नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद ने कहा कि दोनों पिता-पुत्र द्वारा प्रेम प्रकाश पासवान समेत तीन लोगो को पीटकर जख्मी कर दिया। लिहाजा, अब दोनों की गिरफ्तारी को लेकर प्रयास किया जा रहा है।

जब मामला कोर्ट में चल रहा है। तो दुसरे पक्ष ने नियमों को तोड़ने का प्रयास किया है। इधर भुक्तभोगी प्रेम प्रकाश पासवान ने नगर थाना को दिए आवेदन में बताया कि शहर के अबेंडकर चौक में गिरिडीह के प्रसिद्ध स्टील उद्योगपति डा गुणवंत सिंह मोंगिया को पावर ऑफ अटार्नी दोनों बंगाली परिवार से हासिल है। भुक्तभोगी पासवान ने नगर थाना को दिए आवेदन में आरोप लगाते हुए कहा कि प्लॉट पर स्टील उद्योगपति डा मोंगिया का कब्जा पिछले कई दशकों से है और डा मोंगिया ने उन्हें इसका देखभाल करने के लिए उन्हें और उनके परिवार को रहने के लिए दिया है। लेकिन इस प्लॉट पर अशोक भदानी और मनीष भदानी दोनों मिलकर अवैध कब्जे के प्रयास में है। इसी क्रम में सोमवार को दोनों डा मोंगिया की जमीन पर निर्माण कार्य शुरु करा दिया। इस दौरान जब प्रेम प्रकाश ने मिस्त्री को रोकते हुए मामले की जानकारी डा मोंगिया को दिया, तो दोनों पिता-पुत्र ने प्रेम प्रकाश पासवान और उनकी पत्नी समेत तीन लोगों को पीटकर जख्मी कर दिया।

**उपायुक्त–सह–**
**जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़**
**(जिला योजना)**

–:: सूचना ::–

Advertisement PR NO. 322048

कार्यालय ज्ञापांक 87/जि०यो० दिनांक 09.03.2024 द्वारा Virtual Reality Lab (VR Lab) हेतु अति अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रित की गयी है। दिनांक 16.03.2024 को आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के तहत् आदर्श आचार संहिता लागू होने के उपरान्त उक्त निविदा तत्काल स्थगित की जाती है। उक्त निविदा की अगली तिथि बाद में निर्धारित की जाएगी, जिसकी सूचना रामगढ़ जिला के वेबसाईट/पोर्टल https://ramgarh.nic.in/ पर दी जाएगी।

ह०/–
उपायुक्त,रामगढ़

PR 323074 (District)23-24*D

**समाहरणालय, गढ़वा**
(जिला निर्वाचन शाखा)
(E-mail ID – dep-eo-gar@gov.in / electiongarhwa1950@gmail.com)

आम सूचना

लोक सभा आम चुनाव के निमित्त चुनाव की घोषणा भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 16/03/2024 को कर दी गई है। चुनाव घोषणा की तिथि से पूरे गढ़वा जिला में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है।

शांति पूर्ण/निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने एवं विधि–व्यवस्था बनाये रखने के निमित्त जिला नियंत्रण कक्ष एवं District Contact Centre का गठन किया गया है, जिसका सम्पर्क संख्या निम्नवत् है:–

| क0 | जिला नियंत्रण कक्ष | District Contact Centre (Toll Free No.) |
|---|---|---|
| 1 | 6201261084, 112 (Toll Free No.) | 1950 |

अतएव गढ़वा जिला के सभी नागरिकों/मतदाताओं/राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित किसी भी प्रकार के मामले के संबंध में उक्त दूरभाष पर सम्पर्क कर सकते हैं।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह–उपायुक्त, गढ़वा

PR 323086 Election(23-24)D

**समाहरणालय, गढ़वा (जिला निर्वाचन शाखा)**
(E-mail ID – dep-eo-gar@gov.in / electiongarhwa1950@gmail.com)

आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के लिए आयोग द्वारा प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 16/03/2024 को जारी कर दी गई है। प्रेस विज्ञप्ति निर्गत तिथि से हीपूरे गढ़वा जिला में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गया है। आम जनता के लाभ के निमित्त् चुनाव की प्रक्रिया के दौरान प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मिडिया में चुनाव खर्च की निगरानी के लिए रिश्वत और निर्वाचनो असम्यक असर डालने के संदर्भ में IPC की धारा 171बी और 171सी गढ़वा जिला में लागू रहेगा।

IPC की धारा 171बी –रिश्वत–

1. जो कोई–
   (i) किसी व्यक्ति को इस उद्देश्य से परितोशण देता है कि उस व्यक्ति को या किसी अन्य व्यक्ति को किसी निर्वाचन अधिकार का प्रयोग करने के लिए उत्प्रेरित करे या किसी व्यक्ति को इसलिए इनाम दे कि उसने ऐसे अधिकार का प्रयोग किया है; अथवा
   (ii) स्वयं अपने लिए या किसी अन्य व्यक्ति के लिए कोई परितोशण ऐसे किसी अधिकार में प्रयोग में लाने के लिए या किसी अन्य व्यक्ति को ऐसे किसी अधिकार को प्रयोग में लाने के लिए उत्प्रेरित करने या उत्प्रेरित करने का प्रयत्न करने के लिए इनाम के रूप में प्रतिगृहित करता है, वह रिश्वत का अपराध करता है:
   **परन्तु** लोक नीति की घोशणा या लोक कार्यवाही का वचन इस धारा के अधीन अपराध न होगा।
2. जो व्यक्ति परितोशण देने की प्रस्थापना करता है या देने को सहमत होता है या उपाप्त करने की प्रस्थापना या प्रयत्न करता है, यह समझा जाएगा कि वह परितोशण देता है।
3. जो व्यक्ति परितोशण अभिप्राप्त करता है या प्रतिगृहित करने को सहमत होता है या अभिप्राप्त करने का प्रयत्न करता है, यह समझा जाएगा कि वह परितोशण प्रतिगृहित करता है और जो व्यक्ति वह बात करने के लिए जिसे करने का उसका आशय नहीं है, हेतु स्वरूप, या जो बात उसने नहीं की है उसे करने के लिए इनाम के रूप में परितोशण प्रतिगृहित करता है, यह समझा जाएगा कि उसने परितोशण को इनाम के रूप में प्रतिगृहित किया है।

IPC की धारा 171सी– निर्वाचनों में असम्यक् असर डालना–

1. जो कोई किसी निर्वाचन अधिकार के निर्बाध प्रयोग में स्वच्छ या हस्तक्षेप करता है या हस्तक्षेप करने का प्रयत्न करता है, वह निर्वाचन में असम्यक् असर डालने का अपराध करता है।
2. उपधारा (1) के उपबंधों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना जो कोई–
(क) किसी अभ्यर्थी या मतदाता को, या किसी ऐसे व्यक्ति को जिससे अभ्यर्थी या मतदाता हितबद्ध है, किसी प्रकार की क्षति की धमकी देता है, अथवा
(ख) किसी अभ्यर्थी या मतदाता को यह विश्वास करने के लिए उत्प्रेरित करता है या उत्प्रेरित करने का प्रयत्न करता है कि वह या कोई ऐसा व्यक्ति, जिससे वह हितबद्ध है, दैवीय अप्रसाद या आध्यात्मिक परिनिन्दा का भाजन हो जाएगा, या बना दिया जाएगा, यह समझा जाएगा कि वह उपधारा (1) के अर्थ के अन्तर्गत ऐसे अभ्यर्थी या मतदाता के निर्वाचन अधिकार के निर्बाध प्रयोग में हस्तक्षेप करता है।
3. लोक नीति की घोषणा या लोक कार्यवाही का वचन या किसी वैध अधिकार का प्रयोग मात्र, जो किसी निर्वाचन अधिकार में हस्तक्षेप करने के आशय के बिना है, इस धारा के अर्थ के अन्तर्गत हस्तक्षेप करना नहीं समझा जाएगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, गढ़वा

PR 323089 Election (23-24)_D




# भारत में साधारण लोगों के जीवन-स्तर में सुधार आया

संयुक्त राष्ट्र की ओर से जारी मानव विकास रपट, 2023-24 के मुताबिक 2022 में भारत के स्थान में एक अंक का सुधार आया है और यह एक सौ तिरानबे देशों की सूची में एक सौ चौंतीसवें पायदान पर पहुंच गया है। उल्लेखनीय सुधार लैंगिक असमानता सूचकांक के मामले में आई है, जिसमें 2022 में भारत एक सौ आठवें स्थान पर रहा। 2021 में भारत को इस मामले में एक सौ बाईसवें पायदान पर जगह मिली थी। किसी भी देश में आम लोगों के जीवन-स्तर में आई बेहतरी से ही यह आंका जाना चाहिए कि वहां सरकार की ओर से जनता की जीवन-स्थितियों में सुधार के किए वादे पर वास्तव में कितना काम हुआ। भारत में पिछले कई वर्षों से राजनीतिक बहसें और चुनावी मुद्दे के रूप में विकास एक बड़ा मुद्दा रहा है। आए दिन अर्थव्यवस्था से लेकर अन्य कई मोर्चों पर बेहतरी की तस्वीर पेश की जाती है, मगर सवाल है कि इस सबसे क्या सचमुच साधारण लोगों के जीवन-स्तर में कोई सुधार हुआ है, जीने के लिए अनिवार्य सुविधाओं तक समाज के सबसे कमजोर तबके की पहुंच सुनिश्चित हुई है? संयुक्त राष्ट्र की ओर से जारी मानव विकास रपट, 2023-24 के मुताबिक 2022 में भारत के स्थान में एक अंक का सुधार आया है और यह एक सौ तिरानबे देशों की सूची में एक सौ चौंतीसवें पायदान पर पहुंच गया है। गौरतलब है कि 2021 में भारत की स्थिति एक सौ इक्यानबे देशों के बीच एक सौ पैंतीसवें पायदान पर थी। इसे तुलनात्मक रूप से सुधार कहा जा सकता है। इसीलिए संयुक्त राष्ट्र ने भी भारत की प्रशंसा की है। हालांकि सूची में शामिल कुल देशों की संख्या के लिहाज से यह कोई बड़ा अंतर नहीं है, लेकिन बेहतरी की तस्वीर को देखते हुए भविष्य के लिए उम्मीद जरूर पैदा होती है। एक उल्लेखनीय सुधार लैंगिक असमानता सूचकांक के मामले में आई है, जिसमें 2022 में भारत एक सौ आठवें स्थान पर रहा। 2021 में भारत को इस मामले में एक सौ बाईसवें पायदान पर जगह मिली थी।हालांकि श्रमबल में भागीदारी की कसौटी पर देखें तो 76.1 फीसद पुरुषों के मुकाबले महज 28.3 फीसद महिलाओं की मौजूदगी अब भी बड़े लैंगिक अंतर को दर्शाता है।

# बिग फैट इंडियन वेडिंग



(अक्षय शुक्ला)

पिछले दिनों पूरा देश प्री वेडिंग सेरेमनी के जश्न में डूबा दिखा। देश के सबसे अमीर परिवार के इस आलीशान समारोह में बॉलिवुड कलाकारों समेत दुनियाभर की जानी-मानी हस्तियों और दिग्गज कंपनियों के प्रमुखों ने शिरकत की। देश के आम लोग भी जामनगर से आ रही तस्वीरों और विडियो फुटेज के ज़रिए तीन दिनों तक इस भव्य समारोह का हिस्सा बन गए थे। इनमें से कितने लोगों के अरमान जागृत हो रहे थे। खासकर वो लोग जिनकी शादी इस साल होनी है। उन्हें मानो एक नया आइडिया मिल गया था प्री वेडिंग फंक्शन करने का। अभी तक युवा प्री वेडिंग शूट तक ही सीमित थे, लेकिन अब वे प्री वेडिंग सेरेमनी के इस नए आइडिया के बारे में सोचने लगे हैं। भले ही उनका बजट उन्हें ऐसा करने से रोकता हो, लेकिन सिलेब्रिटीज़ को फॉलो करने का क्रेज़ उन पर ऐसा सवार है कि वे किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। दिखावे के इस ट्रैप में फंस चुका देश का मिडल क्लास यह नहीं समझ पाता कि जिनकी नकल वो करना चाहता है, उनके लिए यह बहुत ही मामूली बात है। सागर में से कुछ बाल्टी पानी निकल गया तो कोई फर्क नहीं पड़ेगा। लेकिन एक आम मध्यवर्गीय इंसान के लिए तो वह एक बाल्टी पानी ही जीवन भर की पूंजी है। उसे एक झटके में बहाने के बजाय अपने भविष्य को संवारने के बारे में सोचे तो शायद उसका ज्यादा भला हो।

आज के युवाओं ने अपनी शादी को एक बहुत बड़े इवेंट में तब्दील कर दिया है। लड़का और लड़की दोनों मिलकर खुद तय कर रहे हैं कि उनकी शादी कैसे होगी और कहां होगी। इसके लिए वे अपने बजट से अधिक खर्च करने तक को तैयार हैं। दरअसल, यह सब शुरू हुआ स्टार क्रिकेटर विराट कोहली और एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा की डेस्टिनेशन वेडिंग के बाद। सात साल पहले यह कपल इटली की एक खूबसूरत लोकेशन पर शादी के बंधन में बंधा था। टस्कनी के पास एक शानदार रेज़ॉर्ट में परिवार और खास दोस्तों के साथ संपन्न हुई सेरेमनी की तस्वीरें खूब वायरल हुईं। इसके अगले ही साल एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा और अमेरिकी सिंगर, एक्टर निक जोनस की जोधपुर के उम्मेद भवन पैलेस में हुई शादी भी खूब चर्चा में रही। फिर क्या था, इसके बाद तो सिलेब्रिटीज़ के साथ ही आम लोगों में भी डेस्टिनेशन वेडिंग का क्रेज़ बढ़ता चला गया।

यही नहीं, अब युवा अपने शादी समारोह के वेन्यू के लिए नई और अनोखी जगहों की तलाश करने लगे हैं। हाल में हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पिति से ऐसी ही एक शादी का विडियो खूब वायरल हुआ। यहां शून्य से 25 डिग्री नीचे के तापमान में बर्फबारी के बीच एक युवा जोड़े ने फेरे लिए। ज़ाहिर है, इन्हें देखकर दूसरे कई कपल इससे भी रोमांचक तरीके से अपने बड़े दिन को और खास बनाने की तैयारी करने लगे होंगे।

20 साल पहले तक घर के पास ही कोई बैंक्विट हॉल या पार्क बुक करके विवाह समारोह आयोजित किए जाते थे। उससे कुछ साल पहले तक तो घर या धर्मशाला में ही पूरी शादी निपट जाती थी। लेकिन फिर 90 के दशक में 'हम आपके हैं कौन' फिल्म आई और मध्यवर्ग के अरमानों को पंख लग गए। यहां से कई दिनों तक चलने वाले भव्य समारोहों की शुरुआत हुई। बंद कमरे में ढोलक की थाप पर होने वाला संगीत बड़े आयोजन में तब्दील हो गया, जिसमें लड़के और लड़की वालों का पूरा परिवार स्टेज पर परफॉर्म करने लगा। जो रस्में पहले सामान्य तरीके से निपट जाती थीं, उनके बजाय अब अलग-अलग बड़े आयोजन होने लगे।

सजावट और कपड़ों पर पहले कोई ध्यान ही नहीं देता था, तीन-चार जोड़े कपड़ों में तो पूरी शादी निपट जाती थी। अब हर कार्यक्रम के लिए डिज़ाइनर ड्रेस सिलवाई जाने लगी हैं। मेहंदी, हल्दी, संगीत, गणेश पूजन, मंडप, लगन, फेरे, विदाई और अगले दिन रिसेप्शन, हर मौके की अलग ड्रेस। ये शादियां घर के बुजुर्गों की सलाह और देखरेख के बजाय वेडिंग प्लानर्स के निर्देशन में आयोजित होने लगी हैं। जामनगर के जश्न के बाद इन प्लानर्स की लिस्ट में अब प्री वेडिंग सेलिब्रेशन भी ज़रूर जुड़ गया होगा। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

# अग्नि न होती तो आधुनिक इंसान भी न होता, दुनिया की हर प्राचीन सभ्यता में आग को पूजने की परंपरा

**प्राचीन सभ्यताओं में पूजा : सिंधु घाटी सभ्यता ईसा पूर्व चार हजार साल पुरानी है। इस सभ्यता के दो प्रमुख नगरों कालीबंगन और लोथल में अग्नि पूजन के साक्ष्य मिलते हैं। लगभग इतनी ही पुरानी सभ्यता मेसोपोटामिया की है, जहां आज का ईरान, इराक और सीरिया हैं। इस सभ्यता के ईरान क्षेत्र में इस्लाम आने से पहले तक बड़े पैमाने पर अग्निपूजन के चिह्न मिलते हैं। इजिप्ट की सभ्यता में अग्नि को सूर्य का प्रतिनिधि मानकर पूजा जाता रहा है। सनातन में प्रतिष्ठा : अब दुनिया के तमाम धर्मों पर नजर डालते हैं। सनातन धर्म में अग्नि की महिमा सर्वाधिक है। इसका सबसे बड़ा साक्ष्य यह है कि ऋग्वेद की करीब 10 हजार ऋचाओं में भगवान इंद्र के बाद सबसे ज्यादा महिमागान अग्नि देव का किया गया है। हमारी हर पूजा की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से होती है। कोई भी यज्ञ तब तक संपन्न नहीं होता जब तक कि अग्नि देवता के आवाह्न के साथ अग्निकुंड में हवन ना हो जाए। परिणय सूत्र में बंधने की विधि तब पूरी होती है जब वर-वधू अग्नि के समक्ष सात फेरे ले लेते हैं।**

(संजय निरुपम)

क्या आप जानते हैं कि हर साल दुनिया में 12 लाख लोग जलकर मर जाते हैं? सिर्फ भारत में हर साल 16 लाख अग्निकांड होते हैं, जिनमें 27 हजार लोगों की मौत हो जाती है। हिंदू मान्यताओं के अनुसार, मानव शरीर की रचना जिन पंच तत्वों 'क्षिति जल पावक गगन समीरा' से हुई है, उनमें पावक यानी अग्नि का व्यापक महत्व है। मगर वही अग्नि कहीं भी रौद्र रूप लेकर हाहाकार मचाती है और उस पर काबू पाने के लिए अग्निशमन यंत्रों और फायर ब्रिगेड सेक्टर का एक बड़ा बाजार तैयार हो गया है। एक मार्केट रिसर्च के अनुसार, इस समय विश्व बाजार में अग्निशमन सेक्टर का टर्नओवर साढ़े चार लाख करोड़ का है।

**अग्नि की कृपा :** दुनिया की हर सभ्यता में अग्नि पूजा का धार्मिक या आध्यात्मिक महत्व है या रहा है। क्यों? क्योंकि अग्नि मानव जाति की पहली खोज है। अग्नि की मनुष्य पर बहुत भारी कृपा रही है। अगर उसके दुरूह सफर में उसे अग्नि नहीं मिलती तो आदिम मानव कब का नष्ट हो चुका होता और आज हमारा अस्तित्व नहीं होता।

**प्राचीन सभ्यताओं में पूजा :** सिंधु घाटी सभ्यता ईसा पूर्व चार हजार साल पुरानी है। इस सभ्यता के दो प्रमुख नगरों कालीबंगन और लोथल में अग्नि पूजन के साक्ष्य मिलते हैं। लगभग इतनी ही पुरानी सभ्यता मेसोपोटामिया की है, जहां आज का ईरान, इराक और सीरिया हैं। इस सभ्यता के ईरान क्षेत्र में इस्लाम आने से पहले तक बड़े पैमाने पर अग्निपूजन के चिह्न मिलते हैं। इजिप्ट की सभ्यता में अग्नि को सूर्य का प्रतिनिधि मानकर पूजा जाता रहा है।

**सनातन में प्रतिष्ठा :** अब दुनिया के तमाम धर्मों पर नजर डालते हैं। सनातन धर्म में अग्नि की महिमा सर्वाधिक है। इसका सबसे बड़ा साक्ष्य यह है कि ऋग्वेद की करीब 10 हजार ऋचाओं में भगवान इंद्र के बाद सबसे ज्यादा महिमागान अग्नि देव का किया गया है। हमारी हर पूजा की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से होती है। कोई भी यज्ञ तब तक संपन्न नहीं होता जब तक कि अग्नि देवता के आवाह्न के साथ अग्निकुंड में हवन ना हो जाए। परिणय सूत्र में बंधने की विधि तब पूरी होती है जब वर-वधू अग्नि के समक्ष सात फेरे ले लेते हैं।



**अन्य धर्मों में भी महत्व :** बाइबल में लिखा है कि जहां आग है, वहां ईश्वर निवास करते हैं। न्यू टेस्टामेंट में कहा गया है कि ईसा मसीह धरती पर अग्नि लेकर आए थे। ग्रीक पुराणों में जोरास्त्रियन धर्मावलंबियों को अग्नि पूजक बताया गया है। आज के ईरान में कभी हजारों फायर टेंपल्स हुआ करते थे। जोरास्त्रियन धर्म के मतावलंबी इन्हीं अग्नि मंदिरों को पूजा स्थल मानते थे। उनका मानना था कि इन मंदिरों में अग्नि स्वरूप में ईश्वर निवास करते हैं।

**कुरान में अग्नि :** यहूदियों के धर्मग्रंथ तोराह में कहा गया है कि आग जलती रहनी चाहिए। इसका बुझना विपत्ति का संकेत है। कुरान की कई आयतों में अग्नि का जिक्र सजा देने या पवित्रता के संदर्भ में है। बौद्ध धर्म में भी मोमबत्ती जलाने की परंपरा है। इस धर्म के शास्त्रों में अग्नि को ज्ञान का प्रतिनिधि बताया गया है जो अज्ञानता और भ्रम को जला दे।

**अग्नि से पहले की बेचारगी :** मनुष्य के विकास की लोकप्रिय कहानी लिखने वाले लेखक युवल नोह हरारी इसका प्रागैतिहासिक परिप्रेक्ष्य बताते हैं। उनका कहना है कि अपनी उत्पत्ति से लेकर करीब तीन लाख साल पहले तक मनुष्य खतरनाक जानवरों से छुपकर जंगलों में रहता था। यह पाषाण युग से बहुत पहले की बात है। तब उसे खेतीबाड़ी की भी समझ नहीं थी। उसके पास किसी प्रकार के हथियार नहीं थे। बड़े जानवर जो शिकार करते थे, उनके छोड़े हुए और कई बार सड़े हुए मांस खाकर वह गुजारा करता था। पृथ्वी पर वह सबसे असहाय प्राणी था।

आग पर सवार इंसान -तभी उसे अग्नि मिली। संभवतः दो पत्थर या चट्टान टकराए होंगे और अग्नि प्रज्ज्वलित हुई होगी। उसके लिए यह नई चीज थी। उसे अच्छी अनुभूति हुई। अंधेरे में उजाला मिला और थोड़ी गर्मी भी। यह मनुष्य की पहली खोज थी। जैसे रेलवे, कंप्यूटर इत्यादि की खोज के बाद मनुष्य का सशक्तीकरण हुआ, वैसी ही शक्ति उसे अग्नि से मिली। जानवरों में आग जलाने का शऊर नहीं था। इंसान आग के घोड़े पर सवार होकर जानवर से आगे निकल पड़ा।

**बदल गया जीवन :** इस खोज से चार फायदे हुए। सबसे पहले, आग के डर से जंगली जानवर भागने लगे। दूसरा, सूरज डूबने के बाद इंसान रात के अंधेरे को पराजित करने लगा। तीसरा, उसने आग के जरिए जंगली पेड़ों और घासों को जलाना शुरू कर दिया। उन्हीं राखों में से सभ्यता की कोंपलें फूटीं। घर बसे, नगर बने। चौथा, अब उसकी कच्चा मांस खाने की मजबूरी नहीं रही। आग पर वह अपना भोजन पकाने लगा। पका हुआ भोजन खाने से आदिम जाति का इंसान आज का इंसान बनने की जैवीय प्रक्रिया में आ गया। पका हुआ भोजन खाने से उसके लीवर, अंतड़ियों और मस्तिष्क पर सकारात्मक प्रभाव पड़ना शुरू हुआ।

**पवित्रता के तर्क:** अग्नि ने मनुष्य को मनुष्य बनाया। शायद यही कारण है कि संपूर्ण मानव जाति अग्नि के प्रति बेपनाह आदर रखती है। मनुष्य ने अग्नि के पवित्र, दैवीय या नैतिक होने के अपने तर्क गढ़ रखे हैं। सच यह है कि वह अग्नि के अहसान को भूलना नहीं चाहता। (लेखक कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद हैं) ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

# गिरावट का सूचकांक, निवेशकों को करीब 13.5 लाख करोड़ रुपए का नुकसान

अगर शेयर के खरीदारों की तादाद आपूर्ति के मुकाबले ज्यादा है तो इसका स्वाभाविक असर सूचकांक पर पड़ेगा शेयरों में उछाल आएगा और उसकी कीमतों में इजाफा होगा। अगर यह रुख तेज और ज्यादा तीखा रहा तो इसका सीधा असर आर्थिक विकास के दावों पर दिख सकता है। शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव इस कारोबार का एक आम हिस्सा है, मगर बुधवार को जिस तरह इसमें भारी गिरावट दर्ज की गई, उससे यही पता चलता है कि अनिश्चितता के बीच इसे निर्धारित करने वाले कारकों का संतुलन एक बार फिर डगमगाया। दरअसल, बुधवार को स्थानीय शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट आई और सूचकांक 900 अंक से अधिक को गोता लगाते हुए तिहत्तर हजार अंक के स्तर के भी नीचे आ गया। साथ ही, इस कारोबार में बिकवालों के हावी रहने की वजह से निवेशकों को करीब 13.5 लाख करोड़ रुपए का भी नुकसान हुआ। इस क्रम में छोटी और मध्यम आकार वाली कंपनियों के सूचकांक में तेज गिरावट के बीच चौतरफा लिवाली से बाजार को खासा नुकसान हुआ। बाजार के नीचे आने के कारकों में बिजली,



ऊर्जा और धातु के शेयरों में नुकसान और विदेशी संस्थागत निवेशकों की हाल की बिकवाली भी मुख्य रही। यों पिछले कई वर्षों के आंकड़ों के हिसाब से देखें तो हर वर्ष मार्च का महीना शेयर बाजार में गिरावट के लिहाज से संवेदनशील रहा है। इसलिए इस बार की बड़ी हलचल को भी उसी उतार-चढ़ाव का हिस्सा माना जा रहा है।

हालांकि शेयर बाजार अपनी प्रकृति में जैसा रहा है, उसमें हर रोज उतार-चढ़ाव और गिरना-संभलना उसका अभिन्न हिस्सा है। मसलन, भारी गिरावट के बाद अगले ही दिन शेयर बाजार में खासी तेजी देखी गई और सूचकांक में 330 अंकों से ज्यादा का संतोषजनक उछाल देखा गया और पिछले दिन के मुकाबले राहत का संकेत मिला। आमतौर पर यह शेयर खरीदने वालों की संख्या के समांतर मांग और आपूर्ति की स्थिति पर निर्भर रहता है कि सूचकांक की तस्वीर कैसी रहेगी।

अगर शेयर के खरीदारों की तादाद आपूर्ति के मुकाबले ज्यादा है तो इसका स्वाभाविक असर सूचकांक पर पड़ेगा, शेयरों में उछाल आएगा और उसकी कीमतों में इजाफा होगा। अगर यह रुख तेज और ज्यादा तीखा रहा तो इसका सीधा असर आर्थिक विकास के दावों पर दिख सकता है। एक पहलू यह भी है कि ऐसी स्थिति अक्सर बनती दिखती है तो विदेशी निवेशकों के उत्साह में कमी आने की आशंका पैदा होती है।


# कहीं आप अपनी प्राणशक्ति तो बर्बाद नहीं कर रहे

**प्राण ऊर्जा हमें तीन स्रोतों से मिलती है। सूर्य से, आकाश यानी हवा से और पृथ्वी यानी जमीन से। सूर्य अगर न हो तो पृथ्वी पर जीवन संभव नहीं। सूर्य की किरणों में प्राण की ऊर्जा भरी हुई रहती है। इसलिए सुबह अगर आप जानबूझकर कुछ देर सूरज की किरणें शरीर पर पड़ने देंगे, तो आपके भीतर यह ऊर्जा थोड़ी अतिरिक्त रहेगी। आप सांस जब लेते हो तो हवा को ही भीतर खींचते हो। हवा में ही प्राणवायु रहती है। ऑक्सीजन। आपको कुछ देर तक यह प्राणवायु न मिले तो आप जीवित नहीं रह पाते। प्राण ऊर्जा या इसे प्राण शक्ति भी कह सकते हैं, का तीसरा स्रोत आपका भोजन है जो जमीन से पैदा होता है।**

(सुंदरचंद ठाकुर)

आप रोज सुबह उठने के बाद महसूस करते होंगे कि आप एक नई ऊर्जा से भरे हुए हैं। खासकर तब जबकि आप 7-8 घंटे की गहरी हेल्दी नींद लेकर सुबह उठते हैं। आप अपने रोम-रोम में एक ताजगी महसूस करते हैं। सुबह उठने के बाद हम अगर पूरी चेतना, जागृति और बोध के साथ सांस भरें, तो उस सांस के साथ हम शरीर में एक ऊर्जा के प्रवाह को भी महसूस कर सकते हैं। बहरहाल, यह जो रात की गहरी नींद पिछले दिन की पूरी थकान सोखकर आपको ताजगी से भर देती है और आप पूरे दिन का मुकाबला करने के लिए खुद को तैयार पाते हो, यह आपके भीतर बह रही प्राण ऊर्जा का कमाल होता है। प्राण ऊर्जा हमें तीन स्रोतों से मिलती है। सूर्य से, आकाश यानी हवा से और पृथ्वी यानी जमीन से। सूर्य अगर न हो तो पृथ्वी पर जीवन संभव नहीं। सूर्य की किरणों में प्राण की ऊर्जा भरी हुई रहती है। इसलिए सुबह अगर आप जानबूझकर कुछ देर सूरज की किरणें शरीर पर पड़ने देंगे, तो आपके भीतर यह ऊर्जा थोड़ी अतिरिक्त रहेगी। आप सांस जब लेते हो तो हवा को ही भीतर खींचते हो। हवा में ही प्राणवायु रहती है। ऑक्सीजन। आपको कुछ देर तक यह प्राणवायु न मिले तो आप जीवित नहीं रह पाते। प्राण ऊर्जा या इसे प्राण शक्ति भी कह सकते हैं, का तीसरा स्रोत आपका भोजन है जो जमीन से पैदा होता है।

जमीन भोजन में प्राणशक्ति डालती है और भोजन को ग्रहण कर उस शक्ति को अपने भीतर लेते हैं। जब हम सुबह उठते हैं तो हमारे भीतर रात का खाना पूरी तरह पच चुका होता है, रात को नींद ने अपना कारनामा दिखा हमारे शरीर के भीतर सब टूटफूट रिपेयर कर ली होती है। हमारी प्राणशक्ति अपने सबसे ऊंचे स्तर पर होती है। यह जो



प्राणशक्ति आपके भीतर रहती है, यही आपके सारे काम करती है। शारीरिक और मानसिक काम तो करती ही है, शरीर के भीतर बीमारियों से लड़ने और आपके शरीर को उनसे बचाए रखने जिम्मेदारी भी इसी की होती है। न सिर्फ इतना बल्कि यह आपके भीतर बहुत सूक्ष्म स्तर पर काम करते हुए आपके मन में आने वाले संकल्पों को भी तय करती है कि वे कैसे रहें। जब आपके संकल्प अच्छे रहते हैं, तो वही आपकी आभा बनकर आपके चेहरे पर भी दिखने लगते हैं। आपने देखा होगा जो बड़े योगी होते हैं, सिर्फ कहने के नहीं बल्कि असली योगी, जो तप व साधना वाला जीवन जीते हैं, उनके चेहरे पर आपको ऐसा तेजोमंडल दिखाई देता है।

सवाल यह है कि आप इतनी कीमती प्राणशक्ति को कैसे दिन भर अपने भीतर बनाए रख सकते हैं। अमूमन होता यह है कि सुबह की प्राणशक्ति हमारी दिनचर्या, हमारे सोचने और काम करने के गलत तरीकों और उथली सांस लेने व गरिष्ठ भोजन करने की वजह से बहुत जल्दी कम हो जाती है। शरीर के भीतर जब प्राणशक्ति शिथिल हो जाती है, तब वह हमारी रोगों से रक्षा नहीं कर पाता। घातक रोग भी हमारे शरीर में अपनी जड़े जमाने लगते हैं। यानी इनसे बचना है और अपने को तमाम किस्म के रोगों से मुक्त रखना है, तो हमें पूरे दिन अपने भीतर प्राणशक्ति के स्तर को बनाकर रखना है। सूर्य से जो ऊर्जा मिलनी है, वह तो सहज ही मिलती रहती है, लेकिन सांस और भोजन की ऊर्जा को हम नियंत्रित कर सकते। खासकर सांस को लेकर हम लोग बहुत ज्यादा लापरवाह रहते हैं। हम पेट से गहरी सांस लेने की बजाय छाती से उथली सांस ही लेते हैं जिसके चलते हम अपनी सामर्थ्य की महज आधी ऑक्सीजन ही ले पाते हैं। अपनी इस गलती को हम सिर्फ सांस के प्रति जागरूक होकर, बोधपूर्ण होकर ही ठीक कर सकते हैं।

प्राणशक्ति का जो तीसरा महत्वपूर्ण स्रोत है, हमारा भोजन, इसे लेकर हम सबसे ज्यादा बड़ी गलती करते हैं। अमूमन भोजन से भी हमें शक्ति मिलने की बजाय उसे पचाने के लिए अपनी ही प्राणशक्ति खर्च करनी पड़ती है। जी हां, याद रखें कि भोजन जितना सात्विक लेंगे और जितना कम लेंगे, आपको उतनी ज्यादा प्राणशक्ति मिलेगी। भोजन जितना गरिष्ठ और जितना ज्यादा लेंगे उतना हम अपनी प्राणशक्ति उस पर खर्च करेंगे क्योंकि गरिष्ठ भोजन को पचाने में बहुत ज्यादा शक्ति लगानी पड़ती है। यह भी है कि जब शरीर भोजन पचाने में अपनी शक्ति लगा रहा होगा, उस दौरान वह आपको कोई भी क्रिएटिव काम नहीं करने देगा बल्कि वह आपको सुलाने की कोशिश करेगा। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।



# घर पर आसानी से उगाया जा सकता है हरा धनिया

भारतीय घरों में खाने का जायका बढ़ाने के लिए हरा धनिया का इस्तेमाल किया जाता है। इसलिए हर रसोई में खाने में स्वाद और फ्लेवर के लिए फ्रेश धनिया गार्निश के लिए डाला जाता है। हालांकि, हर वक्त फ्रेश धनिया लाना थोड़ा मुश्किल हो जाता है। लेकिन अगर हम आपसे कहें कि आप घर में ही फ्रेश धनिया उगा सकती हैं और वो भी 3 तरीकों से।

## सीड्स से उगाएं हरा धनिया

आप अपने गार्डन में हरा धनिया बीज की सहायता से लगा सकती हैं। (सेहत के लिए वरदान है हरा धनिया, डाइट में जरूर करें शामिल) आपको किसी भी प्लांट की शॉप से बीज आसानी से मिल जाएंगे, जिसे आप किसी गमले, कंटेनर या फिर प्लास्टिक की बोतल में मिट्टी की मदद से पौधा लगा सकती हैं। हालांकि, पौधे की ग्रोथ तभी होगी जब आप इसका नियमित रूप से ध्यान रखेंगी जैसे- आप मिट्टी की नमी पर ध्यान दें, पौधे में नियमित रूप से पानी डालें।

## कटिंग से उगाएं हरा धनिया

आप अपने किचन में भी हरा धनिया का पौधा लगा सकती हैं। इसके लिए, आपको बस धनिये के पत्ते की जरूरत होगी। हालांकि, इसके पौधे को सही तरीके से लगाने के लिए आपको मिट्टी सही तरीके से तैयार करनी होगी। साथ ही, आपको बाजार से गमला खरीदकर लाना होगा और इसमें मिट्टी और खाद की मदद से कटिंग लगानी होगी।

## हरा धनिया की जड़ का करें इस्तेमाल

बहुत-सी महिलाएं हरा धनिये की जड़ को बेकार समझकर फेंक देते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि आप इसकी जड़ की सहायता से फ्रेश हरा धनिया भी उगा सकती हैं। कहा जाता है कि जड़ से उगाया गया पौधा बीज से ज्यादा अच्छा होता है। साथ ही, इसकी ग्रोथ भी अच्छी होती हैं। इसके लिए बस आपको मिट्टी में जड़ को बोना है और नियमित तौर पर पानी डालना है।

## धनिया उगाने का आसान तरीका

**आवश्यक सामग्री**- कंटेनर/गमला/प्लास्टिक की बोतल, मिट्टी और खाद, कटिंग/बीज, पानी

**विधि** - पौधा लगाने के लिए सबसे पहले आपको गमले का चुनाव करना होगा। आप छोटा गमला सेलेक्ट कर सकती हैं। गमले का चुनाव करने के बाद आप इसमें मिट्टी डालें और अच्छी तरह से मिला लें। आप पौधे की मिट्टी तैयार करते समय 50% कोको-पीट और 50% वर्मीकम्पोस्ट का इस्तेमाल कर सकती हैं। मिट्टी तैयार करने के बाद आप इसमें पौधे की कटिंग, बीज को अच्छी तरह से लगा दें। कटिंग या बीज को लगाने के बाद आप पौधे में पानी डालें। बस आपका पौधा पूरी तरह से तैयार है। आप इसका नियमित रूप से ध्यान रखें और फ्रेश हरा धनिया आने का इंतजार करें।



# अपने बच्चे को क्रिएटिव थिंकिंग के लिए करें प्रोत्साहित

**हमारी शिक्षा, लाइफ और करियर में क्रिएटिविटी एक बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। लेकिन यह बात छोटे बच्चे को आप कैसे समझाएं? ऐसे में पैरेंट्स यही सोचते हैं कि समर वेकेशन की इन छुट्टियों को बच्चों के लिए कैसे प्रोडक्टिव बनाएं।**

क्रिएटिविटी एक ऐसी चीज है, जो आपको जीवन में और बेहतर बनाता है। हालांकि यह एक गलत धारणा है कि रचनात्मकता एक जन्मजात प्रतिभा है। इसमें आप खूब सारे आइडियाज और इमेजिनेशन का यूज करते हैं और कुछ शानदार आर्ट के साथ आते हैं। हमारी शिक्षा, लाइफ और करियर में क्रिएटिविटी एक बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। लेकिन यह बात छोटे बच्चे को आप कैसे समझाएं? अब समर वेकेशन शुरू हो चुकी है और ऐसे में पैरेंट्स यही सोचते हैं कि इन छुट्टियों को बच्चों के लिए कैसे प्रोडक्टिव बनाएं। अपने बच्चों को क्रिएटिव थिंकिंग के लिए कैसे प्रोत्साहित करें यह हर मां-बाप सोचता है। सीनियर क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट कहती हैं, 'बच्चों को नई चीजों को आजमाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्हें उन चीजों के बारे में बताएं और वो चीजें करने के लिए प्रेरित करें, जो उनकी स्कूल करिकुलम का हिस्सा न हों। उनके साथ डॉक्यूमेंट्री देखें और उनसे डॉक्यूमेंट्री के बारे में पूछें।' आइए एक्सपर्ट से जानें कि बच्चों को और किन तरीकों से प्रेरित किया जा सकता है।

## बच्चों को सवाल पूछना सिखाएं

बच्चों में रचनात्मक सोच विकसित करने का एक मेन तरीका यह है कि उन्हें हमेशा सवाल करते रहने के लिए प्रेरित करें।जब भी आप उनके साथ समय बिता रहे हों तो उनसे सवाल पूछें। जैसे आप उनसे छोटे-छोटे सवाल कर सकते हैं। ऐसे में उनके मन में जिज्ञासा बनेगी और वह नई चीजों के बारे में समझने की कोशिश करेंगे। इससे उनके कल्पनाशील कौशल में वृद्धि होगी और समस्या को सुलझाने की क्षमता विकसित होगी।

## अच्छी डॉक्यूमेंट्रीज दिखाएं

एक शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री स्टोरी स्टूडेंट्स की लिटरेसी को सोर्स, स्वयं से और दुनिया से जुड़ाव के साथ बढ़ाने में मदद करती है। यह न केवल दुनिया को समझने और उससे जुड़ने का अवसर प्रदान करती हैं, बल्कि हमारे आसपास कई चीजों को समझने का भी एक अच्छा तरीका है। अपने बच्चों के साथ कोई भी डॉक्यूमेंट्रीज देखें तो उसकी चर्चा करें। उन्होंने इससे क्या सीखा और क्या समझा जानने की कोशिश करें।

## सामाजिक और भावनात्मक कौशल सिखाएं

अपने बच्चों सामाजिक और भावनात्मक कौशल सिखाना भी बहुत जरूरी है। उन्हें पशु आश्रयों और वृद्धाश्रमों जैसी जगहों पर ले जाएं और स्वयं सेवा का महत्व सिखाएं। जब बच्चे ऐसा करेंगे तो वह औरों के प्रति भी सेंसेटिव अप्रोच रखने में सक्षम होंगे। ऐसी जगहों पर वे महत्वपूर्ण सामाजिक और भावनात्मक कौशल सीख सकेंगे और साथ ही समाज में भी योगदान दे सकेंगे।

## नींद में न करें लापरवाही

इन सबके बाद सबसे महत्वपूर्ण चीज है कि आपका बच्चा पूरी और अच्छी नींद ले। अच्छी नींद का मतलब है कि उसके दिमाग को बेहतर आइडियाज उत्पन्न करने के लिए और नई चीजों पर काम करने के लिए समय मिलेगा। इनोवेटिव आइडियाज तभी आएंगे जब उसके दिमाग को शांति मिलेगी। बाकी एक्टिविटी के साथ उसकी नींद का भी पूरा ध्यान दें।

## उनके साथ क्विज और पजल खेलें

क्विज और पजल जैसे गेम बच्चों के दिमागी विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। पजल आपके बच्चे की समस्या-समाधान और क्रिटिकल थिंकिंग स्किल को विकसित करती हैं, जो बाद में जीवन में अन्य स्किल की महारत के लिए महत्वपूर्ण होती हैं। पजल्स बच्चों को पैटर्न रिकग्निशन, मेमोरी और ग्रॉस और फाइन मोटर स्किल दोनों में मदद कर सकती हैं। इसलिए उनके साथ पजल खेलें।

## आउटडोर गेम खिलाएं

अपने बच्चों को घर में रहने के लिए ही न कहें। उन्हें बाहर निकालें और कई फन एक्टिविटीज में उन्हें शामिल होने के लिए कहें। बच्चों के साथ आउटडोर गेम्स खेलें। ऐसे में उनकी एक्सरसाइज भी होगी और वे कुछ नया भी सीखेंगे। आप उन्हें तैराकी करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। किसी गेम में जैसे क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन आदि जैसे खेलों में शामिल होने के लिए कह सकते हैं।





# घर में लगाएं ये फूल तनाव होगा दूर

**आजकल के भागदौड़ भरे जीवन में सुकुन के दो पल चुराना बेहद मुश्किल हो गया है। बिजी लाइफ स्टाइल की वजह से लोग अक्सर तनाव में रहते हैं। ऐसे में इस तनाव को दूर करने के लिए अधिकतर लोग शहर से दूर बाहर किसी हिल स्टेशन पर जाना पसंद करते हैं। लेकिन हर कोई टेंशन कम करने के लिए हिल स्टेशन नहीं जा सकते हैं। लेकिन इसका ये मतलब नहीं है कि आप तनाव में रहें।**

आप जीवन की टेंशन को घर में ही कम कर सकते हैं। आपके दिमाग में भी यहीं सवाल आया होगा कि कैसे टेंशन कम होगी? घबराइए मत हम आपकी सारी उलझन को दूर कर देंगे। इस लेख में हम आपको कुछ फूल के बारे में बताएंगे, जो आपके घर में खुशियां लेकर आएंगे। साथ ही यह फूल घर के साथ-साथ जीवन को भी महका देंगे।

## चमेली

फूल न केवल घर की सुंदरता को बढ़ाते हैं बल्कि घर का वातावरण भी शुद्ध होता है। ऐसे में आप अपने घर में चमेली के फूल का पौधा लगा सकते हैं। चमेली का फूल अक्सर हर घर में मिल जाता है। इस फूल से पॉजिटिव एनर्जी मिलती है। फूल की भीनी-भीनी खुशबू आपके घर को खुशनुमा माहौल देगी। कहा जाता है कि चमेली का पौधा लगाने से घर में खुशियां आती हैं।

## कमल

हिंदू धर्म में कमल का फूल बेहद खास माना जाता है। यह फूल मां लक्ष्मी को बेहद प्रिय है। कहा जाता है कि इस फूल को लगाने से घर में लक्ष्मी और सुख-समृद्धि आती है। घर में इस पौधे को लगाना बेहद शुभ माना जाता है।

## मोगरा का फूल

ऐसा कहा जाता है कि घर में मोगरा पौधा लगाने से नकारात्मक ऊर्जा कम हो जाती है। मोगरे के फूल गर्मियों के मौसम में खिलता है। इस फूल की भीनी-भीनी खुशबू आपके तनाव को कम कर देंगे। मोगरा के फूल की खुशबू से घर आपके मन को तरोताजा कर देगी।

## गुलाब

गुलाब का फूल न केवल दिखने में खूबसूरत है बल्कि यह फूल औषधीय गुण से भरपूर है। गुलाब की खुशबू तनाव को दूर करने में मदद करती है, साथ ही इससे रिश्ते की मिठास बनी रहती हैं।

## चम्पा

चम्पा फूल को लगाने से घर का वातावरण शुद्ध होता है। हल्के पीले और सफेद रंग के ये चम्पा के फूल बहुत ही खूबसूरत होते हैं। इस फूल को लगाने से घर में सौभाग्य आता है।

## गुड़हल का फूल

गुड़हल के फूल का उपयोग पूजा-पाठ में किया जाता है। भगवान गणेश को लाल गुड़हल के फूल बेहद पसंद है। ऐसा माना जाता है कि इस फूल को घर में लगाने से सकारात्मक ऊर्जा आती है। लाल गुड़हल के फूल को आप भगवान बजरंगबली को भी अर्पित कर सकते हैं।

## पारिजात

ऐसा माना जाता है कि पारिजात का फूल लगाने से घर में सुख-शांति बनी रहती है। यह फूल रात के समय में खिलते हैं सुबह पेड़ से टूटकर गिर जाते हैं। इस फूल की खुशबू से पूरा घर महक जाता है। सुबह-सुबह घर में भीनी-भीनी खुशबू से घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती हैं। पारिजात के फूल को हरसिंगार के नाम से भी जाना जाता है। इस फूल की खुशबू से तनाव कम हो जाता है।



# घर में प्लास्टिक फर्नीचर रखते समय रखें ध्यान

**फर्नीचर हर घर की जरूरत है। आमतौर पर, लोग अपने घर के लिए ऐसे फर्नीचर खरीदना पसंद करते हैं, जो देखने में आकर्षक भी हों और बेहद अफोर्डेबल भी हों। इस लिहाज से प्लास्टिक के फर्नीचर का चयन करना एक अच्छा ऑप्शन माना जाता है। इनमें आपको डिजाइन से लेकर साइज व कलर आदि में एक बिग वैरायटी देखने को मिलेगी।**

यूं तो प्लास्टिक के फर्नीचर का इस्तेमाल करने में कोई समस्या नहीं है। लेकिन अगर आप प्लास्टिक के फर्नीचर को घर में जगह दे रही हैं, तो आपको वास्तु के कुछ नियमों का ध्यान रखना चाहिए। दरअसल, प्लास्टिक के फर्नीचर को अगर घर में सही तरह से ना रखा जाए तो यह कभी-कभी नकारात्मकता भी पैदा कर सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में आपको वास्तुशास्त्री डॉ.आनंद भारद्वाज बता रहे हैं कि घर में प्लास्टिक के फर्नीचर रखते समय किन वास्तु टिप्स का ख्याल रखा जाना चाहिए

## कलर का रखें ख्याल

जब आप प्लास्टिक के फर्नीचर का इस्तेमाल कर रही हैं, तो आपको इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखना चाहिए कि उस फर्नीचर का कलर कैसा है। आमतौर पर, प्लास्टिक के फर्नीचर के लिए क्रीम, व्हाइट, येलो और लाइट कलर का इस्तेमाल करना काफी अच्छा माना जाता है। कभी भी ब्लैक कलर के प्लास्टिक फर्नीचर को घर में नहीं रखना चाहिए। वहीं, आजकल ऐसे प्लास्टिक फर्नीचर भी अवेलेबल हैं, जिसमें एक साथ कई कलर मिक्स होते हैं, बेहतर होगा कि आप उसे भी अवॉयड करें।

## जब करें पूजा

ऐसे कई लोग होते हैं, जिन्हें घुटनों की समस्या होती है तो वह कुर्सी पर बैठकर पूजा करते हैं। कोशिश करें कि आप जिस कुर्सी का इस्तेमाल पूजा स्थान में कर रहे हैं,, वह प्लास्टिक की ना हो। लेकिन फिर भी अगर आप ऐसा कर रहे हैं, तो कुर्सी पर कोई कपड़ा अवश्य बिछाएं। आपको यह विशेष रूप से ध्यान रखना है कि पूजा करते समय आप प्लास्टिक के डायरेक्ट संपर्क में ना रहें।

## लॉन में करें इस्तेमाल

यूं तो प्लास्टिक के फर्नीचर को लोग घर के किसी भी हिस्से में इस्तेमाल करते हैं। लेकिन आमतौर पर इस तरह के फर्नीचर को ऐसी जगह रखने की सलाह दी जाती है, जहां पर आप फुर्सत के पल बिताते हों और कोई बहुत आवश्यक या सेंसेटिव काम ना करते हों। इस लिहाज से प्लास्टिक फर्नीचर को घर के पीछे लॉन या फिर सामने खुले आंगन, व छत आदि पर रखना अधिक अच्छा माना जाता है।

## प्लास्टिक का ना हो बेड

कुछ समय पहले तक बेड बनाते समय केवल लकड़ी का ही इस्तेमाल किया जाता था, लेकिन अब मार्केट में प्लास्टिक के बेड भी मिलने लगे हैं। हालांकि, कभी भी घर में प्लास्टिक के बेड का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। बेड एक ऐसा फर्नीचर है, जिस पर आप एक लंबा समय बिताते हैं। ऐसे में प्लास्टिक की एनर्जी आपकी बॉडी की एनर्जी में नकारात्मक परिवर्तन ला सकती है। बेड के लिए हमेशा लकड़ी के इस्तेमाल को ही प्राथमिकता दें।

## जब करें स्टडी

आजकल बच्चों की स्टडी टेबल और चेयर प्लास्टिक की मिलती हैं, जिन्हें लोग खरीदना काफी पसंद करते हैं। लेकिन वास्तु के अनुसार बच्चों की स्टडी टेबल और चेयर प्लास्टिक की नहीं होनी चाहिए। इससे बच्चे को पढ़ाई में ध्यान लगाने में समस्या पैदा हो सकती है। बेहतर होगा कि आप उनके लिए लकड़ी से बने फर्नीचर को प्राथमिकता दें। हालांकि, आप किसी कारणवश प्लास्टिक फर्नीचर का इस्तेमाल कर रहे हैं तो उस पर कोई कपड़ा बिछा दें।



# ट्रक से टकराई कार, आदित्यपुर के चार युवकों की मौत

**जमशेदपुर से चांडिल जा रही थी कार**



**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर कांदरबेड़ा के पास सोमवार को एक तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे खड़े ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे कार में सवार चार लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना के बाद चारो सवार कार में फंसे रह गए। जिन्हें निकालने के लिए क्रेन की मदद लेनी पड़ी। सड़क हादसे के शिकार युवकों की पहचान हो गई है। सभी आदित्यपुर कॉलोनी के रहनेवाले बताये जाते हैं. इस हादसे की खबर मिलते ही युवकों के परिजनों में कोहराम मच गया है। वहीं, कॉलोनीवासी शोक की लहर दौड़ पड़ी है। इन युवकों में अभय रंजन सिंह उर्फ निखिल की पहचान आदित्यपुर-2 के बाबा आश्रम के रहनेवाले के रूप में हुई है। वहीं, अन्य तीन युवकों की पहचान आदित्यपुर-2 के रोड नंबर-22 निवासी सूरज आर्यन, रोड नंबर-17 निवासी संस्कार मिश्रा और रोड नंबर-21 निवासी नवनीत कुमार शर्मा के रूप में हुई है. इनकी उम्र 20 से 25 साल के बताया जा रहा है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि तेज रफ्तार कार जमशेदपुर की ओर से कांदरबेड़ा चौक की ओर जा रही थी. उसी दौरान कार चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और और सड़क किनारे खड़े एक ट्रक को जोरदार टक्कर मार दी. इस हादसे में चारो युवक कार के अंदर ही फंस कर रह गए और उनकी मौत हो गई है. सभी युवक जमशेदपुर के रहने वाले बताये जा रहे हैं. इस दुर्घटना में कार के परखच्चे उड़ गए हैं. वहीं, क्रेन की मदद से चारो युवकों के शव बाहर निकाला गया.

**पहली जनवरी को छह युवकों की गई थी जान**

जानकारी हो कि इस वर्ष की पहली जनवरी की अहले सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में बाबा आश्रम के छह युवकों की जमशेदपुर सर्किट हाउस एरिया में दर्दनाक मौत हो गई थी। आज हुई घटना ने कालोनी के लोगों को पुरानी घटना की याद ताजा कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो कार के इंजन में चिंगारी उठने से उसमें आग भी लग गई। किसी तरह आनन-फानन में शवो को बाहर निकाला गया। इस घटना के बाद वहां राहगीरों की भीड़ इकट्ठा हो गई। सभी इस ह्रविदारक घटना को देखकर दंग थे। संभावना जतायी जा रही है कि कार की स्पीड 100-150 किलोमीटर प्रति घंटे की रही होगी। तभी कार के परखच्चे उड़े। दूसरी ओर पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### गोदराशोल गांव के पास अप रेलवे किनारे मिला अज्ञात व्यक्ति का शव



**पूसू प्रतिनिधि, चाकुलिया।** चाकुलिया थाना क्षेत्र के गोदराशोल गांव के पास अप रेलवे लाइन की पोल संख्या 188-9 और 188 - 11 के पास सोमवार की सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव पाया गया। मृतक काले रंग का पेंट और गुलाबी रंग का शर्ट पहने हुए है। मृतक की उम्र 55 वर्ष के आसपास होगी। वह गले में एक गमछा लपेटा हुआ है। ग्रामीणों ने रेलवे लाइन किनारे पड़े शव को देखकर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर चाकुलिया पुलिस एवं आरपीएफ पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन कर शव को अपने कब्जे में लेकर शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर अपने स्तर से मृतक व्यक्ति की पहचान जुटाने कु-प्रयास में जुटी है। इस संबंध में चाकुलिया थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस शव की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

### अधिवक्ताओं की समस्याओं से अवगत हुई विधायक दशरथ गागराई



**पूसू प्रतिनिधि,** चाईबासा। जिला बार एसोसिएशन प्रांगण में सोमवार को खरसावां के विधायक दशरथ गागराई के आगमन पर अधिवक्ताओं ने भेंट वार्ता कर बार में व्याप्त समस्याओं की जानकारी उन्हें दी। मौके पर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद ने नए बार भवन के निर्माण को लेकर आ रही बाधाओं के बारे में जानकारी दी। वही श्री गागराई ने अन्य समस्याओं को सुना। मौके पर मुख्य रूप से उपाध्यक्ष कैसर परवेज, महासचिव फादर अगस्तीन कुल्लू, वरिष्ठ अधिवक्ता अंकुर चौधरी, सुभाष चंद्र मिश्रा, सतीश चंद्र महतो, जगदानंद प्रधान, किशोर महतो, सरकारी वकील पवन शर्मा, आशीष सिन्हा, अधिवक्ता सह सामाजिक कार्यकर्ता राजाराम गुप्ता, विमल विश्वकर्मा, मनीष देवगम, धर्म सिंह हेस्सा अनिल सुंडी, मदन मोहन प्रसाद सिन्हा, बसंत केसरी, बैजनाथ आईकत, अमित आइकत, सकलदीप तिर्की, मोहित शर्मा, सौरभ घोष के अलावा काफी संख्या में अधिवक्तागण मौजूद थे।

### सीएसआर के तहत शाह स्पंज ने शादी के लिए दी सहयोग राशि



**पूसू प्रतिनिधि, पोटका।** इंगला देवी समरसाही टोला, जुड़ी निवासी को शाह स्पंज एंड पावर लिमिटेड के द्वारा सी.एस.आर कार्यक्रम के अंतर्गत उनकी सुपुत्री की शादी के लिए वस्त्र एवं शादी में होने वाले खर्च के लिए सहयोग राशि दी गई। इस कार्यक्रम में प्रबंधन की ओर से सी.ओ.ओ सत्यानंद झा, एचआर राजीव कुमार, जुड़ी ग्राम प्रधान भीम सेन सरदार, माणिक लाल प्रमाणिक, खिरोद प्रमाणिक एवं अन्य उपस्थित थे।

### पुलिस ने तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** चुनाव की निषेधाज्ञा लागू होने के बाद जिला पुलिस सक्रिय हो गई है। बिरसानगर पुलिस ने पुराने मामले में फरार तीन आरोपियों को सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सभी के खिलाफ कोर्ट से वारंट निर्गत था। जिन्हें जेल भेजा गया। उनमें बिरसानगर जोन नंबर एक-बी का रहने वाला पंकज कुमार मिश्रा एवं मुकेश कुमार मिश्रा ((जीआर नंबर-1937/16) तथा जोन नंबर 2बी का रहने वाला सरकार गोप ((जीआर नंबर-3558/18) शामिल हैं।

# चालक व सुरक्षा कर्मी भी बचा सकेंगे किसी की जान

**मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज में सुरक्षाकर्मी व सपोर्ट स्टाफ को दिया गया जीवन रक्षक प्रशिक्षण**



**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज जमशेदपुर के द्वारा एक नयी पहल की गयी जिसमें चिकित्सा महाविद्यालय के वाहन चालक, सुरक्षा कर्मियों एवं सपोर्ट स्टाफ के लिए जीवन रक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन चिकित्सा महाविद्यालय के स्किल लैब में किया गया। इस मौके पर चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. जी प्रदीप कुमार, स्किल लैब के इंचार्ज डॉ अयान पति एवं निश्चेतना विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ श्यामल मैती उपस्थित थे। कार्यशाला में प्रशिक्षक के तौर पैर डॉ अंजनेयुलु कनौरी, डॉ अभिषेक कुमार, डॉ सोनी नारायण, डॉ स्वाति शिखा एवं डॉ जयंति बानिक भी उपस्थित थे। इस कार्यशाला में कुल 32 लोगों को बेसिक लाइफ सपोर्ट की प्राथमिक प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य यह है की किसी विभाग में कार्यरत कर्मचारी भी जीवन रक्षक की भूमिका निभा सकें। इस कार्यशाला में सिखाये गए तकनीकों का इस्तेमाल करके आपात स्थिति में बस चालक एवं सुरक्षा कर्मी सबसे पहले पहल कर किसी की जान बचा सकते हैं। मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज का लक्ष्य जमशेदपुर क्षेत्र के पुलिस कर्मियों, ऑटो एवं बस चालकों, सुरक्षा कर्मियों एवं अन्य आम लोगों को लाइफ सेवर ट्रेनिंग से प्रशिक्षित करना है।

# पीएम आवास योजना के लाभुकों को लोन देने में ढिलाई बरत रहे हैं बैंक

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बिरसानगर में बन रहे आवास (शहरी) के लिए लाभुकों को लोन मुहैया कराने में बैंक तत्परता नहीं दिखा रहे हैं, जिसके कारण लाभुक बैंक एवं जेएनएसी कार्यालय का चक्कर लगाने के लिए मजबूर हो रहे हैं। यह मामला उप नगर आयुक्त के संज्ञान में आने के बाद उन्होंने सोमवार को एमआईएस स्पेशियलिस्ट रितेश राज, एमएफ एंड एएस अंकेश चौधरी, टाउन प्लानर आलोक नारायण के अलावे बैंककर्मियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने बैंकों की ओर से लाभुकों को उपलब्ध कराए गए लोन की समीक्षा की, जिसमें उन्होंने पाया कि अब तक केनरा बैंक के द्वारा 407 संचिकाओं में 26 लाभुकों को गृह ऋण की स्वीकृति दी गई है। इसी तरह एचडीएफसी बैंक के द्वारा पांच संचिकाओं का निष्पादन किया गया है। उप नगर आयुक्त ने इस परियोजना को देख रहे अधिकारी को निर्देश दिया कि बैंक से जल्द से जल्द समन्वय बनाकर लाभुकों को गृह ऋण उपलब्ध कराएं तथा दस्तावेजों की जांच कर उसकी त्रुटि को सुधार करें। ताकि सभी लाभुकों को गृह ऋण आसानी से प्राप्त हो सके। ज्ञात हो कि यह आवास आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के लिए है।

# जिन्तुगढ़ा गांव में मांगे पर्व 18 से होगा प्रारंभ



**पूसू प्रतिनिधि, जगन्नाथपुर।** जगन्नाथपुर प्रखंड के जिंतुगढ़ा गाँव में सोमवार को ग्रामीण मुंडा सोमनाथ सिंकु की अध्यक्षता में ग्रामसभा का आयोजन किया गया, जिसमें गाँव की विकास से सबंधित चर्चा की गयी। पर्व 18 मार्च से होगा प्रारम्भ, मुख्य आयोजन 21, 22 व 23 मार्च को। उक्त जानकारी मुंडा सोमनाथ सिंकु ने दी। उन्होंने बताया कि मागे पर्व के विभिन्न आयोजनों की तिथि सुनिश्चित किया गया है। इसके तहत 18 मार्च को ओते इलि, 19 मार्च को गुरी पोरोब, 21 मार्च को मागे पोरोब 22 मार्च व 23 मार्च को बासी पर्व का आयोजन होगा। जिंतुगढ़ा में आयोजित होने वाला मागे पोरोब सबसे ऐतिहासिक व भव्य होता है। इस पर्व का सबको इंतजार रहता है। उल्लेखनीय है कि मागे पर्व अथवा पोरोब झारखण्ड के हो आदिवासी समुदाय का एक पारंपरिक पर्व है। यह त्योहार माघ महीने की शुरुआत यानी जनवरी-फरवरी में मनाया जाता है। जो आदि धर्म व संस्कृति एंव मानव उत्पत्ति यानी सृष्टि रचना पर्व है। त्योहार के उत्सव के लिए कोई निश्चित तिथि निर्धारित नहीं की जाती है क्योंकि विभिन्न गाँव अलग-अलग तिथियों पर त्योहार मनाते हैं। मागे शब्द का अर्थ माता होता है। इस त्योहार को मुख्यत: आठ दिनों मे सम्पन्न किया जाता हैं। अर्थात पहले दिन अनादेर पर्व, दूसरे दिन लोयो-गुरि, तीसरे दिन ओते इलि, चौथे दिन गौ महरा, पांचवें दिन हे:सकम छठे दिन मरंग पोरोब, सातवें दिन बासि (जतरा) और आठवें दिन हर मागे का आयोजन होता है। लेकिन अलग-अलग गांवों में इसके दिनों की संख्या को व्यस्तता या अन्य वजहों से कम कर दिया जाता है।

# भाई-बहन की जोड़ी ने पेश की मिसाल

**टांगराईन स्कूल को दान में दी जमीन**



**पूसू प्रतिनिधि, पोटका।** धर्मशास्त्र के अनुसार दान देने की परंपरा काफी पुरानी है और इसे बहुत ही पुण्य का काम माना जाता है, परंतु आज दान की परंपरा लुप्त होती जा रही है। इसी परंपरा को बरकरार रखते हुए पोटका प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय टांगराईन को टांगराईन गांव के ही दो भाई- बहन घासीराम मांझी और सरस्वती मांझी दोनों के पिता - स्व लोदो सान्थाल ने विद्यालय से सटे दक्षिण छोर में तफसील मौजा - टांगराईन, थाना नं - 1513, हल्का नंबर -8, खाता नंबर -70, प्लॉट नं -1118, किस्म-दोन-3 एक कियार, रकवा -12 डेसीमल,चौहद्दी - उत्तर विद्यालय, दक्षिण - मुचिराम, पूर्व -लेगड़ा, पश्चिम -राजवल्लब जमीन ग्रामीणों, विद्यालय प्रबंधन समिति, शिक्षकों व छात्र-छात्राओं के समक्ष दान दे कर अपने को पुण्य का भागीदार बनाया। वर्तमान दानकर्ताओं ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद तिवारी व प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मंगला मांझी को सबों की उपस्थिति में दान पत्र सौंपा। कार्यक्रम में भू-मापक उज्जवल कुमार मंडल, विद्यालय के शिक्षकगणों, छात्र-छात्राओं के अलावे ग्रामीण बनबिहारी सिंह मुंडा, घासीराम भगत, लोहारसिंह मुण्डा, विद्याधर मंडल, परमे मांझी, मुन्शी मांझी, फुल्लाई मांझी, हेमन्त भगत, नेपाल भगत, अनंत माझी, उग्रेशन भगत, घासीराम पातर, विमल सिंह मुंडा, माधव भगत, सीताराम मांझी आदि उपस्थित थे।

# ऑर्गेनिक कलर बनाने की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**पूसू प्रतिनिधि, चाईबासा।** रोटरी क्लब चाईबासा के तत्वाधान में राजेश्वरी देवी रूंगटा -रोटरी सहेली सेंटर में सोमवार को होली के उपलक्ष्य में ऑर्गेनिक कलर बनाने की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए क्लब की अध्यक्षा हीना ठक्कर ने सहेली सेंटर की महिलाओं को होली की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस त्योहार में रंगों की विशेष भूमिका होती है। कृत्रिम रंग होली को बदरंग बनाने का काम करते हैं। यह बड़ी विडंबना है कि आजकल होली खेलने के लिए प्रयोग में ले जाने वाले रंग कृत्रिम होते हैं, जिनका हमारे स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों पर घातक प्रभाव पड़ता है।

रोटरी सहेली सेन्टर की संचालिका रोटेरियन कविता शर्मा ने कहा कि प्रकृति की गोद से लिए गए रंगों की फुहार से ही होली की पहचान है, क्योंकि प्राकृतिक रंग त्वचा और पर्यावरण दोनों के लिए सही है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए घर पर उपलब्ध वस्तुओं जैसे, गेंदा, गुड़हल, चुकंदर पालक, धनियां, हल्दी, पलाश, पुदीना इत्यादि वस्तुओं से महिलाओं को प्राकृतिक रंग बनाने का प्रशिक्षण मनीष अग्रवाल एवं चंचल सर्राफ एवं कविता शर्मा द्वारा दिया गया तथा होली के अवसर पर उन्हें शुभेच्छा के तौर पर प्राकृतिक वस्तुओं से बने रंग वितरित किए गए और वहां होली का त्योहार अग्रिम तौर पर मनाया गया और उन्हें प्राकृतिक रंगों से होली खेलने के लिए प्रेरित भी किया गया।

# सीआरपीएफ के सेवानिवृ सैनिकों ने मनाया होली मिलन




**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** सीआरपीएफ से सेवानिवृत्त सैनिक एवं महिला कर्मियों ने बड़े धूम धाम से होली मिलन का कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का आयोजन संजय पाठक एवं बरुण कुमार के संयुक्त प्रयास से भुइयांडीह स्थित प्रीतम पार्क स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित किया गया। जहाँ म्यूजिक सिस्टम पर होली के गीतों पर थिरककर सभी ने खुशी जाहिर की। बाद में सभी ने स्वरुचि भोजन किया। उसके बाद कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। बरुण कुमार ने बताया कि हिंदुओं के सभी त्यौहार ऋतु एवं वातावरण को ध्यान में रखते हुवे लोक कल्याण के लिये बनाये गए हैं, जिससे स्वस्थ शरीर का साथ साथ परिवार और समाज मे खुशहाली का माहौल हो। कार्यक्रम में पूरे जिला में रह रहे सीआरपीएफ के अवकाश प्राप्त जवान शामिल हुए, जबकि पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सुशील कुमार सिंह, राजीव रंजन, दिनेश सिंह, हँसराज सिंह वरिष्ठ सदस्य एवं पदाधिकारी मेहमान के तौर पर शामिल थे। इस एकता को राष्ट्र समाज एवं सैनिकों के कल्याणार्थ उपयोग किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मातृशक्ति वंदना एवं संजू के साथ-साथ संजय पाठक, बरुन सिंह, रमेश कुमार, बृजकिशोर पांडेय, मनोज कुमार सिंह, बिनोद ओझा, संजय सिंह, शिवकांत सिंह, रामविहारी सिंह, मिथिलेश सिंह, ए बी शर्मा, बबन यादव, संजय चौधरी, राजेश सिंह, श्याम ज्ञानी साही, धनंजय सिंह, कपिलदेव मण्डल व सुरेंद्र प्रसाद शामिल थे।

# निर्वाचन कार्यों से मुक्त करने के लिए कई कर्मियों ने दिया आवेदन

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की कार्मिक एवं प्रशिक्षण कोषांग की समीक्षा**



**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के सफल संपादन को लेकर सोमवार को कार्मिक कोषांग एवं प्रशिक्षण कोषांग के वरीय तथा नोडल पदाधिकारी एवं प्रतिनियुक्त कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक हुई। बैठक में कार्मिक एवं प्रशिक्षण कोषांग में प्रतिनियुक्त कई कर्मियों के द्वारा मेडिकल ग्राउंड पर कार्यमुक्त करने के लिए आवेदन दिया गया। जिसपर चर्चा की गई। हालांकि अभी किसी को कार्यमुक्त नहीं किया गया। इसपर विचार करने के बाद ही किसी तरह का निर्णय लिया जाएगा। वहीं उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को अपने दायित्वों का निर्वह्न एवं कार्य सुचारू रूप से करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी कोषांगों के कर्मी को अपने-अपने कोषांग में 18 मार्च की संध्या 5 बजे तक अनिवार्य रूप से योगदान देने के लिए कहा।

**मतदानकरियों का तैयार होगा प्रशिक्षण कैलेंडर**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने पीठासीन पदाधिकारी, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय मतदान कर्मी का प्रशिक्षण का कार्य ससमय पूर्ण कराने का निर्देश दिया। साथ ही प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, पीठासीन पदाधिकारी, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षण कैलेंडर ससमय तैयार करा लें एवं तिथिवार सभी को चुनाव से संबंधित पूर्ण प्रशिक्षण करवाएं।

मौक पर उन्होंने कार्मिक कोषांग एवं प्रशिक्षण कोषांग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी अपने-अपने कोषांग से संबंधित हैंड बुक को पूरी तरह पढ़ लें, इससे चुनाव कार्यो को संपादित करने में काफी सहूलियत होगी।

बैठक में उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, निदेशक एनईपी, जिला योजना पदाधिकारी, अपर नगर आयुक्त मानगो नगर निगम, जिला कल्याण पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# होली व त्योहार में हुड़दंग मचाने वाले पर होगी कारर्वाई : थाना प्रभारी





**पूसू प्रतिनिधि, चाईबासा।** चाईबासा सदर थाना चाईबासा में सोमवार शाम होली त्यौहार के मद्देनज़र शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. जिसकी अध्यक्षता सदर थाना प्रभारी तरुण कुमार के द्वारा संपन्न हुई। शांति समिति की बैठक में चेंबर के नितिन प्रकाश और शांति समिति के सदस्य त्रिशानु राय ने होली त्योहार के दौरान सदर अस्पताल,चाईबासा में नेत्र विशेषज्ञ चिकित्सक प्रतिनियुक्त विशेष तौर पर की करने की मांग की है ताकि किसी के आँखों में रंग चले जाने की स्थिति में उपचार त्वरित हो सके.त्यौहारों के मद्देनजर शहरी क्षेत्र में दोपहर और शाम को नया पुराने पाईप लाईन दोनों में जलापूर्ति करने की मांग उठी। जिसे गंभीरता से लेने को समिति सदस्यों ने कहा

बैठक में सभी प्रबुद्ध नागरिकों ने एक स्वर में कहा कि शहर आसपास क्षेत्रों में नदी,तालाब,डैम में पुलिस बल प्रतिनियुक्त तथा गस्ती की जाए ताकि शहर में कोई अप्रिय घटना ना घटे। पश्चिमी सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजकुमार ओझा ने शंभू मंदिर में महिला पुलिस की तैनाती की मांग की। थाना प्रभारी ने कहा जबरन रंग डालने और हुड़दंग मचाने वाले पर पुलिस प्रशासन की ओर से कार्रवाई की जाएगी।

साफ सफाई को लेकर नगर परिषद की ओर से सिटी मैनेजर लोकेश सिंह मुंडा ने डोर टू डोर कचरा नियमित रूप से उठाने और चौक पर पानी टैंकर की व्यवस्था करने की बातें कहीं, तो वही बिजली विभाग के सहायक अभियंता गम्भीर राजवार ने सचारू रूप से बिजली आपूर्ति देने की बातें की।

शांति समिति की बैठक में विद्युत प्रमंडल के सहायक अभियंता गौतम राजवार, कनीय अभियंता उपेंद्र कुमार नगर परिषद के सिटी मैनेजर लोकेश सिंह मुंडा,सहित पुलिस प्रशासन और चेंबर के नितिन प्रकाश, राजकुमार ओझा, त्रिशानु राय, इरशाद अहमद, सुब्रतो घोष, कैलाश खंडेवाल, पवन शर्मा, गंगा करवा, राधा मोहन बनर्जी, मनोज पटेल, मोहम्मद बारीक, पिंटू प्रसाद, रंजीत यादव ,वसीर अहमद, सौरभ कुमार, नीरज पांडे समेत समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# डीसी ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को पढ़ाया आचार संहिता का पाठ

## प्रिंटिंग प्रेस के संचालकों को प्रचार-सामग्री छापने के दौरान निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का पालन करने का निर्देश

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में सोमवार को लोकसभा निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पूर्ण पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के उद्देश्य से जिले के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा प्रिंटिंग प्रेस के संचालकों के साथ बैठक हुई। समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित बैठक में उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव व अन्य मौजूद रहे। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को आदर्श आचार संहिता, उम्मीदवारों का चुनावी व्यय तथा चुनाव संबंधी शिकायतों के तुरंत निस्तारण के लिए बनाई गई ऑनलाइन व्यवस्था को लेकर तथा प्रिंटिंग प्रेस के संचालकों को प्रचार सामग्री छापने से संबंधित निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गई गाइडलाइन की जानकारी दी गई एवं आवश्यक निर्देश दिए गए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बैठक में शामिल राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि आदर्श आचार संहिता का पालन हर हाल में करना है। उन्होंने सभी से द्वेषपूर्ण भाषण (हेट स्पीच) और अफवाहों से पूरी तरह से दूर रहने के लिए कहा। साथ ही राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सभाएं, जुलूस समेत अन्य आयोजनों व गतिविधियों को लेकर मार्गदर्शिका के नियमों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनसभा, रैली आदि आयोजनों के लिए अनुमति लेनी होगी। निर्धारित स्थानों पर ही आयोजन करने होंगे। तथा बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करके उनकी सूची जिला निर्वाचन कार्यालय के साथ साझा करें। साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि चुनाव के दौरान किसी प्रकार की शिकायत के लिए सी-विजिल ऐप का उपयोग करें, जिससे तत्काल कार्रवाई होगी तथा पारदर्शिता बनी रहेगी।



### छुटे हुए सदस्यों का नाम वोटर लिस्ट में दर्ज कराएं

बैठक में उपायुक्त ने कहा कि सभी राजनीतिक दल अपने सभी सदस्यों का नाम मतदाता सूची में शामिल होने की जानकारी जरूर प्राप्त करें। इस प्रक्रिया के लिए चार माध्यम है। बीएलओ के माध्यम से अथवा ऑनलाईन वोटर हेल्प लाईन एप या वोटर्स सर्विस पोर्टल (https://voters.eci.gov.in/) के माध्यम से या 1950 पर बात कर जांच लें और संतुष्ट हो लें कि उनका नाम संबंधित मतदान केन्द्र की मतदाता सूची में दर्ज है। उन्होंने कहा कि यदि उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है अथवा कोई अन्य त्रुटि है तो नाम पंजीकरण करने एवं सुधार आदि के लिए फॉर्म 6 या फॉर्म 8 समर्पित करने हेतु जानकारी देते हुए प्रेरित किया जाए। यदि किसी का नाम वोटर लिस्ट में नहीं है तो फॉर्म 6 और जिनको कुछ सुधार करवाना है तो फॉर्म 8 भरा जायेगा।

### प्रचार सामग्री में मुद्रक-प्रकाशक का नाम शामिल करें

जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव प्रचार सामग्री छापने वाले प्रिंटिंग प्रेस के संचालकों को निर्देश दिया कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के प्रचार में प्रयोग की जाने वाली प्रचार सामग्री की सम्पूर्ण जानकारी प्रिंटिंग प्रेस व पब्लिशर की होनी जरूरी है। उन्होंने प्रिंटर्स से कहा कि पोस्टर, पॉम्पलेट या अन्य प्रचार सामग्री अभ्यर्थी या राजनैतिक दलों से किसी अधिकृत व्यक्ति का मुद्रक का नाम, प्रकाशक का नाम, मात्रा की संख्या के संबंध में जानकारी जिला निर्वाचन कार्यालय से साझा करें। उन्होंने प्रिंटर्स को प्रिंटिंग किए गए प्रचार सामग्री का पूरी रिकार्ड सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जिले के सभी प्रिंटिंग प्रेस संचालक चुनाव आयोग की गाइडलाइन का कड़ाई से पालन करें, निर्धारित प्रावधानों तथा आयोग के आदेश के किसी भी प्रकार के उल्लंघन को बहुत ही गंभीरता से लिया जाएगा और संबंधित के खिलाफ नियमसंगत कार्रवाई की जाएगी।

# वर्ष 2024 को जेपी स्वर्ण जयंती वर्ष घोषित किया जाएःसरयू राय

## जेपी मूवमेंट के 50 साल होने पर जमशेदपुर में हुआ क्रांतिकारियों का जुटान

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आग्रह किया है कि वह वर्ष 2024 को जेपी आंदोलन के 50 वर्ष होने पर स्वर्ण जयंती वर्ष घोषित करें। श्री राय ने कहा कि आंदोलन के दौरान ही साथियों में मतभेद उभरने लगे थे, बावजूद इसके आंदोलन ने अपना उद्देश्य बहुत हद तक पूरा किया। ये जरूर है कि आज जेपी की प्रासंगिकता पहले की अपेक्षा ज्यादा है। उन्होंने शहर के शहीद चौक को क्रांतिकारियों के नाम पर समर्पित करने का भी आग्रह किया।



गौरतलब है कि सोमवार को राजेंद्र भवन, गोलमुरी में जेपी आंदोलन से जुड़े दर्जन भर से ज्यादा क्रांतिकारी साथियों का जुटान हुआ था। इन लोगों ने अपने-अपने संस्मरण सुनाए। लोगों ने बताया कि कैसे पुलिस वालों ने आंदोलन करने वालों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा और कैसे लोग रास्ता बदल बदल कर कहीं ना कहीं छुपते रहे। वक्ताओं ने इस बात को लेकर चिंता जाहिर की कि जो लोग आंदोलन में शामिल रहे, उनमें से अनेक सत्ता की गोद में बैठे हुए हैं। कार्यक्रम में अजय सिन्हा, विजय सिंह, चंद्र मोहन, संतोष अग्रवाल, भागवत सिंह, वशिष्ठ नारायण तिवारी, हरेंद्र पांडेय, कमलेश, रविंद्र चौबे, चितरंजन वर्मा, राजीव नयन पांडे, प्रवीण पाण्डेय, गुहाराम, कुलविंद्र सिंह ने अपने संस्मरण सुनाए।

# आपात स्थिति में पोलिंग पर्सनल का कैशलैस चिकित्सा का निर्देश

## डीसी-एसएसपी ने जिले के निजी अस्पतालों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में निजी अस्पतालों के प्रतिनिधियों के साथ सोमवार को जिला सभागार में बैठक हुई। जिसमें वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, सिविल सर्जन डॉ जुझार मांझी समेत निजी अस्पताल के प्रतिनिधि मौजूद थे. इस दौरान आसन्न लोक सभा चुनाव, 2024 के आलोक में निजी अस्पतालों की भूमिका को लेकर दिशा-निर्देश दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि आगामी लोकसभा निर्वाचन के दौरान चुनाव कार्य में प्रतिनियुक्त पोलिंग व पुलिस-पारा मिलिट्री बल के किसी भी आकस्मिक घटना से प्रभावित होने की स्थिति से निपटने के लिए चिकित्सा संबंधी सभी सुविधाएं सुचारू अवस्था में रखना सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए सभी अस्पताल अपने मानवबल तथा एंबुलेंस को 24म7 सक्रिय रखेंगे।



### आयुष्मान योजना के तहत सुरक्षा बलों का होगा इलाज

निजी अस्पताल में सुरक्षा बलों को आयुष्मान योजना के साथ जोड़ते हुए नि:शुल्क उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य करने की बात कही। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी पोलिंग पर्सनल को कैशलैस चिकित्सा का लाभ निर्धारित प्रावधानों के अनुसार उपलब्ध करने का निर्देश दिया। उक्त बैठक में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी, निजी अस्पतालों के प्रतिनिधि समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# बर्मामाइंस पुलिस ने चोरी के मामले में सोनार समेत चार को गिरफ्तार किया

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** बर्मामाइंस थानांतर्गत दुर्गापूजा मैदान के पीछे अधिवक्ता सत्येंद्र कुमार सिंह के पुआल टाल स्थित घर से बीते माह 19 फरवरी को हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया दिया है। पुलिस ने इस मामले में सोनार समेत चार को गिरफ्तार किया, जिसमें एक नाबालिग भी शामिल है।



घटना के बाद वरीय अधिकारियों के निर्देश पर डीएसपी सिटी के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई थी। टीम ने अपने खबरी के आधार पर बर्मामाइंस जयप्रकाश आश्रम के रहने वाले राज माझी उर्फ ढूमकू और एक नाबालिग को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें दोनों ने चोरी में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए दो अन्य के शामिल होने की जानकारी दी। पुलिस ने हिरासत में लिए गए दोनों की निशानदेही पर जेवराथ खरीदने वाले ओडिसा मयूरभंज के श्रीकृष्ण परिदा और दूसरा धलभुमगढ़ के आशीष पैडा को गिरफ्तार किया। दोनों के पास से गलाया गया सोना भी बरामद किया गया। सभी ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की, जिसके बाद आज सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## तुलसी भवन में आयोजजित 8 वें भोजपुरी नाट्य महोत्सव का समापन

# हास्य-व्यंग नाटक के जरीए वर्तमान समस्याओं का किया गया मंचन

**पूसू प्रतिनिदि, जमशेदपुर।** भोजपुरी रंगमंच को समर्पित नाट्य संस्था, रंगश्री नई दिल्ली की ओर से तुलसी भवन में आयोजित 8 वें भोजपुरी नाट्य महोत्सव के तीसरे और आखिरी दिन रंगश्री के कलाकारों ने मानव कौल कृत हिन्दी नाटक का भोजपुरी में जोरदार मंचन किया। इस नाटक का भोजपुरी अनुवाद और निर्देशन रंगश्री के संस्थापक महेन्द्र प्रसाद सिंह ने किया। इस हास्य व्यंग्य नाटक के माध्यम से कई सारी समस्याओं पर प्रहार किया गया है। जिसमें विस्थापन, जातिवाद व क्षेत्रवाद का बोलबाला, धर्म के नाम पर भेदभाव और लोगों बढ़ने वाला अंधविश्वास और इन सारी समस्यायों से जूझता बेचारा जीनियस आम आदमी जो दिशाहीन और किंकर्तव्यविमूढ़ है का चित्रण किया गया। नाट्य महोत्सव में तीन मूल भोजपुरी नाटकों के अलावे दो नाटकों का भोजपुरी अनुवाद भी प्रस्तुत किया गया। इस तरह रंगश्री ने एक बांग्ला और दूसरा हिन्दी नाटक का भोजपुरी अनुवाद कर भोजपुरी रंगमंच को सशक्त करने के साथ साथ भोजपुरी नाट्य साहित्य को भी समृद्ध करने का प्रयास किया है।

### नाटक में इन्होंने निभाई भुमिकाएं

आज के नाटक में उदय की भूमिका में प्रभात रंजन, मदन की भूमिका में सौमित्र वर्मा तो वहीं नरेश की भूमिका में अखिलेश कुमार पाण्डेय ने अपने सशक्त अभिनय से दर्शकों को खूब हंसाया।



लाइट पर थे अशोक यादव और म्यूजिक पर रूस्तम कुमार वहीं स्टेज क्राफ्ट रविकांत, धीरज एवं मुन्ना कुमार ने किया। इससे पहले तुलसी भवन के न्यासी अरुण कुमार तिवारी, राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के महानगर कार्यवाह रविन्द्र नारायण सिंह, देवानंद सिंह, तुलसी भवन के मानद महासचिव प्रसेनजित तिवारी ने आगन्तुक अतिथि कलाकारों को अंगवस्त्र, पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।

# जेपी का व्यवस्था परिवर्तन का सपना आज भी अधूरा : वशिष्ट नारायण

## संपूर्ण क्रांति की 50वीं वर्षगांठ पर साकची में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** जेपी यूवा छात्र संघर्ष मोर्चा एवं शहीद स्मारक निर्माण समिति जमशेदपुर के बैनर तले सोमवार को साकची स्थित सरकार बिल्डिंग में संपूर्ण क्रांति (18 मार्च) 50वीं वर्षगांठ मनायी गयी, उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जेपी आंदोलनकारी एवं तत्कालीन छात्र नेता वशिष्ठ नारायण तिवारी उर्फ बड़कू, विशिष्ठ अतिथिके रुप में आंदोलनकारी संतोष अग्रवाल, विष्णु भगवान पाठक, सुरेश दत्त पांडे, मुस्ताक अहमद, योगेश शर्मा, मंथन, अवधेश पाठक, दिनेश मंडल, देव शर्मा, सहित शहर के कई प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं संगठन के केंद्रीय पदाधिकारी उपस्थिति हुए। सभी सम्मानित अतिथियों ने जयप्रकाश नारायण के फोटो पर फूल माला अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। तत्पश्चात मोर्चा के संयोजक संजीव आचार्य के द्वारा उपस्थित सभी जेपी आंदोलनकारीयो को अंग वस्त्र देकर फूल माला पहनकर स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जेपी आंदोलनकारी पूव छात्र नेता वशिष्ठ नारायण तिवारी उर्फ बड़कू एवं संतोष अग्रवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि जयप्रकाश नारायण का जो व्यवस्था परिवर्तन का सपना था वह आज भी अधूरा है। संपूर्ण क्रांति व्यवस्था परिवर्तन के लिए नारा लगाया गया था। परंतू तत्कालीन छात्र नेता सत्ता सुख में अभी अपने जीवन व्यतीत कर रहे हैं। जय प्रकाश जी के जो नीति सिद्धांत थे यह भूल चुके हैं। जेपी आंदोलनकारी सुरेश दत्त पांडे एवं विष्णु भगवान पाठक ने संयुक्त रूप से कहा कि जेपी व्यक्ति नहीं एक विचार थे जो आज भी प्रासंगिक हैं। जयप्रकाश जी ने नारा लगाया था की सिंहासन खाली करो कि जनता आती है। तत्कालीन भ्रष्ट शासन के विरुद्ध जयप्रकाश नारायण ने आंदोलन किया था। छात्र युवाओं को एकत्रित कर पूरे देश में कार्यक्रम को आगे संबोधित कर मोहम्मद मुस्ताक अहमद एवं अवधेश पाठक ने कहा कि आज भी पूरे देश में अघोषित इमरजेंसी जैसी हालत हैं। किसान आंदोलन कर रहे हैं, युवाओं को रोजगार नहीं मिल पा रहा है, शिक्षा और स्वास्थ्य का व्यापरीकरण हो रहा है, आज पुण एक बार फिर से एक जयप्रकाश नारायण की आंदोलन की जरूरत है।



### एतिहासिक दिनों को हमेशा याद करेगी समिति- संजीव

आज के इस कार्यक्रम को जेपी आंदोलनकारी पूर्व छात्र नेता योगेश शर्मा एवं मंथन ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम को आगे जेपी युवा छात्र संघ मोर्चा एवं शहीद स्मारक निर्माण समिति के संयोजन श्री संजीव आचार्य ने कहा कि तत्कालीन इंदिरा गांधी की दिशा विहीन, भ्रष्ट, निरंकुश, हिटलर शाही शासन के विरोध जय प्रकाश नारायण जी के आवाहन पर छात्रा युवाओं के नेतृत्व में पूरे देश में आंदोलन किया एवं संपूर्ण क्रांति का नारा लगाया आज प्रकाश जी हम लोग के बीच नहीं रहे परंतु आज 18 मार्च इस आंदोलन के 50 साल वर्षगांठ पर हम सभी यह प्रण लेते हैं कि आने वाले दिनों में इस आंदोलन से जुड़े सभी ऐतिहासिक दिनों को 50वीं वर्षगांठ के रूप में मनाएंगे। जिसकी संचालन समिति की घोषणा जल्द हो जाएगी। हम सभी जयप्रकाश नारायण के द्वारा दिखाए गए रास्ते मार्गदर्शन पर चलने का संकल्प लेते हैं।

### कार्यक्रम में यह लोग रहे मौजूद

आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित प्रमोद सिंह, विकास कुमार, संजय सिंह उर्फ जोजो, अविनाश शर्मा, अमन खान, साहादत खान, कन्हैया पांडे, मंदिप सिंह, प्रतीक जैन, संजय साहू, आशीष पोद्दार, हरमन सिंह, मनदीप सिंह, सुखविंदर सिंह, अंकुर प्रभाकर, लकी खान, विक्की खान, सुशांत कुमार, संदीप शर्मा, जगदीश मूडा, कृष्ण बनर्जी, जुनैद खान, जावेद खान, सुप्रीयो, स्वप्न राय, विवेक शर्मा, मुकेश सिंह, अरुण पांडे मुख्य रूप से उपस्थित थे आज के कार्यक्रम का संचालन विकास कुमार ने किया धन्यवाद ज्ञापन प्रमोद सिंह ने किया।

# विहिप के सिंहभूम विभाग के सह मंत्री बने जनार्दन पांडेय

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** विश्व हिन्दू परिषद झारखंड प्रांत की तीन दिवसीय बैठक देवघर में संपन्न हुई। बैठक में केंद्र, प्रांतीय, विभाग और 28 जिलों से विहिप अधिकारीगण शामिल हुए। बैठक में आगामी छः महीनों के कार्यक्रम की रूपरेखा रखी गयी। इसके लिए सिंहभूम विभाग और जमशेदपुर महानगर स्तर पर कुछ बदलाव कर नये दायित्व की घोषणा की गई। जिसमें सिंहभूम विभाग के सहमंत्री जनार्दन पांडेय, सेवा प्रमुख अरूण सिंह, विभाग संपर्क प्रमुख हरेराम ओझा, मिथिलेश महतो सिंहभूम संगठन मंत्री, जमशेदपुर महानगर के लिए जिला सहमंत्री उतम कुमार दास , बजरंगदल सहसंयोजक चंदन दास , प्रचार प्रसार प्रमुख प्रदीप सिंह, सामाजिक समरसता सह-प्रमुख आलोक कुमार सिंह, धर्म प्रसार प्रशासनिक संपर्क प्रमुख मनीष कुमार, धर्म प्रसार संत संपर्क प्रमुख जमशेदपुर महानगर का पालक नियुक्त किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### मंत्री बन्ना गुप्ता के अधिवक्ता प्रकाश झा ने भेजा नोटिस

# डॉ. रेणुका चौधरी ने विधायक सरयू राय को भेजा लिगल नोटिस

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** शहर की स्त्री रोग विशेषज्ञ सह पूर्व यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ.रेणुका चौधरी ने विधायक सरयू राय को मानहानि का नोटिस भेजा है। उक्त नोटिस अधिवक्ता प्रकाश झा ने भेजा है। जिसमें विधायक से तीन तीन के भीतर मीडिया में सार्वजनिक रुप से दिए गए बयानों के लिए माफी मांगने के लिए कहा है। ऐसा नहीं करने पर वह मानहानि का मुकदमा करने के लिए स्वतंत्र हैं। उक्त मानहानि का नोटिस डॉ. रेणुका चौधरी के पुत्र सह आईएमए जमशेदपुर चैप्टर के सचिव डॉ. सौरभ चौधरी ने मीडिया में जारी किया। साथ ही उन्होंने विधायक द्वारा डॉ. रेणुका चौधरी पर लगाए गए आरोपों का खंडन करने के लिए सूचना अधिकार अधिनियम के तहत विधानसभा में पुछे गए प्रश्न एवं उसके जवाब की कॉपी भी भेजी है। जानकारी हो कि उक्त लिगल नोटिस पूर्व में बन्ना गुप्ता की ओर से विधायक सरयू राय को लिगल नोटिस भेजने वाले अधिवक्ता प्रकाश झा ने भेजा है।

# पटमदा में आयोजित हरिनाम संकीर्तन में शामिल हुए विधायक मंगल कालिंदी



**पूसू प्रतिनिधि, पटमदा।** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने सोमवार को पटमदा बाजार व बिड़रा गांव में सोलोआना कमेटी द्वारा आयोजित हरिनाम संकीर्तन में शामिल होकर मत्था टेका और क्षेत्र की खुशहाली के लिए कामना किए। दूसरी ओर बोड़ाम प्रखंड के मुकरुडीह मेला कमेटी की ओर से आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी विधायक मंगल कालिंदी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम में शाम को आद्रा, आसनसोल के टीम द्वारा बूगीबूगी डांस व रात्रि में रॉयल छऊ एकेडमी कार्तिक कर्मकार एवं आदाबना तरुण संघ छऊ डांस सोसायटी नेपाल महतो के टीम द्वारा छऊ नृत्य का प्रस्तुति दी जाएगी। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि छूटूलाल हाँसदा, विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, काजल सिंह, हिमांशु महतो, महेश्वर हांसदा, खेदू गोप, विनय मंडल, शंभु हांसदा, प्रकाश दास, गौरीनाथ महतो, ललित हांसदा व भरत महतो आदि लोग उपस्थित थे।

# जेएनएसी क्षेत्र में साफ-सफाई की उप नगर आयुक्त ने की समीक्षा

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के उपनगर आयुक्त कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में साफ सफाई से संबंधित संवेदको एवं पदाधिकारी के साथ बैठक आहूत हुई। बैठक में मुख्य रूप से साफ सफाई की स्तर में कमी होने पर चिंता जताई एवं सभी संवेदकों को अपने स्तर से पर्यवेक्षकों के माध्यम से साफ सफाई बेहतर तरीके से करने का निर्देश दिया गया। क्षेत्र में आने वाले शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए नाली सफाई, सड़क पर नियमित झाड़ू लगाने का कार्य प्वाइंट का कचरा जो एकत्रित है उसे नियमित समय अवधि में साफ सफाई करते हुए व्यवस्थित करने का निर्देश दिया। सभी संवेदकों को जिम्मेदार नागरिक होने का कर्तव्य निभाते हुए नैतिक रूप से भी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की गयी। साथ ही कार्य प्रणाली की विवरणी कार्यालय में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया, जिसमें किस क्षेत्र में कितने कर्मचारी नियुक्त हैं साफ सफाई कार्य किया जा रहा है अथवा नहीं इसकी जानकारी हो सके। इसके साथ ही विशेष पदाधिकारी नगर प्रबंधकों को क्षेत्रवार साफ सफाई में निगरानी करते हुए बेहतर बनाने में ध्यान देने का निर्देश दिया गया।

# सनातन उत्सव समिति ने जमशेदपुर अक्षेस को सौंपा ज्ञापन

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** गोलमुरी अंतर्गत केबुल हरिजन बस्ती में सार्वजनिक कुंआ गंदगी और कूड़े से भरी हुई है। सोमवार को सनातन उत्सव समिति के संस्थापक चिंटू सिंह के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने अक्षेस के विशेष पदाधिकारी कृष्ण कुमार से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और कुंआ के अविलंब सफाई कराने का आग्रह किया। समिति ने उन्हें बताया कि उक्त कुंआ दशकों पुराना है। बस्ती के लोग कपड़े धोने इत्यादि के लिए इसका प्रयोग करते हैं। साफ सफाई के अभाव में कुंआ का पानी दूषित और गंदगी युक्त हो गया है, जिससे बस्ती की बड़ी आबादी प्रभावित हो रही है। व्यापक जनहित में जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति से मामले में संज्ञान लेकर यथोचित पहल सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। मौके पर विशेष रूप से अप्पू तिवारी, नवीन तिवारी, चिंटू सिंह, वीर सिंह, अंकित आनंद, कुलदीप सिंह, ललित राव, सुजल कुमार, राहुल दुर्गे, सनी सिंह, सूरज कुमार, रोहित सिंह मौजूद थे।

# जुड़ी में फ्लड लाइट क्रिकेट एवं फुटबाल टूर्नामेंट का उद्घाटन



**पूसू प्रतिनिधि, पोटका।** जुड़ी में नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में फ्लड लाइट क्रिकेट एवं फुटबाल टूर्नामेंट का उद्घाटन कमेटी के संरक्षक पूर्व विधायक मेनका सरदार, विशिष्ट अतिथि पूर्व सिविल सर्जन डॉक्टर ए.के. लाल, कमेटी के अध्यक्ष रघुनंदन बनर्जी एवं मनोज राम, विभीषण सिंह सरदार ने किया। उद्घाटन मैच नुवाग्राम क्रिकेट टीम, शाह स्पंज कंपनी क्रिकेट टीम के बीच खेला गया। इस अवसर पर हरिमोहन गोप, सुधीर गोप, नीलकमल पाल, डॉ जयंत दे, पीयूष गोस्वामी, राय सिंह सरदार, कमलेश मिश्रा, बिरेंद्र सिंह, आशीष बनर्जी, जगदीश गोप, सुरेश पति, सीमा चटर्जी आदि उपस्थित थे। यह टूर्नामेंट 20 मार्च तक चलेगा। तीन ओवर में ही नुयाग्राम की टीम विजय हुई।

# करनडीह स्कूल में नवभारत साक्षरता अभियान चलाया गया

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** संकुल संसाधन केंद्र मध्य विद्यालय करनडीह अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों के निरक्षर महिला एवं पुरुषों का नवभारत साक्षरता अंतर्गत एनआईओएस द्वारा बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक जांच परीक्षा का आयोजन मध्य विद्यालय करनडीह में आयोजित की गई, जिसका केंद्रीय अधीक्षक प्रधानाध्यापक मनोज कुमार सिंह ने किया। शिक्षा विभाग से आए क्लस्टर रिसोर्स पर्सन संजय कुमार ने कहा निरक्षर महिला एवं पुरुष कुछ पढ़ना-लिखना जान जाएंगे तो इन्हें कोई ठग नहीं सकेगा, कोई गलत जगह हस्ताक्षर नहीं कर सकेगा, घर परिवार एवं बाल बच्चों को भी बढ़ाने में मदद कर सकेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में वीक्षण कार्य के रूप में मनोज कुमार सिंह, संजय कुमार, पितवास महतो भीमसेन, मालती हेंब्रम, मीनाक्षी मुर्मू, एम बसंती अन्य शिक्षकों का अहम योगदान रहा।

इंटरव्यू

# मुझे करियर की शुरुआत में काफी हीनता का सामना करना पड़ा था : जैमी लीवर

बॉलीवुड एक्टर जॉनी लीवर की बेटी और मशहूर कॉमेडियन जैमी लीवर नने कहा कि महिलाओं को कॉमेडियन के तौर पर एहमियत नहीं दी जाती है। उन्हें हाल ही में फिल्म क्रैक में देखा गया था। अब वह जल्द ही तेलुगू मूवीज में भी नजर आएंगी। जैमी लीवर ने इंटरव्यू में कई मुद्दों पर खुलकर बात की।

➲एक्टर जॉनी लीवर की बेटी जैमी लीवर ने कॉमेडियन हैं और कई शोज कर चुकी हैं
➲स्टैंडअप कॉमेडियन जैमी लीवर ने बताया कि वह साफ सुथरी कॉमेडी कैसे करती हैं
➲जैमी लीवर ने बताया कि उन्होंने कभी पिता के नाम का सराहा लिया और न जॉनी ने सिफारिश की

स्टैंड अप कमीडियन के क्षेत्र में लड़की होने के नाते अपना नाम बनाना जैमी लीवर के लिए आसान नहीं था। हालांकि वे जाने-माने कमीडियन जॉनी लीवर की बेटी हैं, मगर उन्हें पिता के नाम का सहारा लेना गवारा नहीं था। हाल ही में क्रैक में दिखी जैमी जल्द ही तेलुगू फिल्म में भी दिखेंगीं। अपने स्टैंड अप कॉमिडी और विडियोज से पहचान बनाने वाली जैमी से कॉमिडी, महिलाओं को लेकर की जाने वाले हास्य, उनके करियर, पिता जॉनी लीवर, लड़की होने के नाते गर्व और हीनता के पल जैसे मुद्दों पर खास बातचीत।

कॉमिडी में आम तौर पर योन तो हालात का भी मजाक उड़ाया जाता है, मगर देखा गया है कि महिलाओं का खासा मजाक बनाया जाता है, उनकी बॉडी या आईक्यू पर या फिर उनकी ड्राइविंग पर, निशाना वही बनती हैं, इसे आप कैसे देखते हैं?

●देखिए मैं दो घंटे का कॉमिडी शो करती हूं और उसमें मेरी कोशिश यही रहती है कि इंडस्ट्री हो या दूसरे क्षेत्र की महिलाएं, हम अपनी कमजोरियों पर हंसे भी और चूंकि हमारे जीवन में हजार चीजें चल रही होती हैं, तो नॉर्मल लाइफ में कॉमिडी हो ही जाती है। मैं इन बातों को बहुत ही प्यारे तरीके से प्रेजेंट करती हूं, ताकि औरतों को बुरा भी न लगे और साथ ही हम वूमनहुड को सेलिब्रेट भी कर पाएं कि हम कितनी सशक्त हैं और किस कदर मल्टी टास्किंग हैं। मेरा मकसद यही रहता है कि हम औरों के बारे में बात करें और उनके औरतपन का जश्न मनाएं। हां, मुझे बुरा लगता है, जब औरतों को नीचे दिखाया जाता है। कई बार हमारे टेलिविजन पर भी बहुत सारे जोक्स होते हैं औरतों पर, अब क्या ही करें, क्योंकि एक तरह की ऑडियंस है, जो इस तरह के कॉन्टेंट को इंजॉय करती है। कई बार जब पुरुष महिला पात्रों में आते हैं, तो लोग खूब हंसते हैं। मगर मैं या मेरे जैसी फीमेल स्टैंड अप कमीडियन्स गर्व से खुद पर हंसते हैं। और अपने वूमनहुड को सेलिब्रेट करते हैं।

आप कॉमिडी के दर्जे को साफ-सुथरा कैसे बनाए रखती हैं?

●मैंने हमेशा इस बात का खयाल रखा है कि मैं जॉनी लीवर की बेटी हूं और मुझे उनकी साफ-सुथरी कॉमिडी की परंपरा को आगे बढ़ाना है। मेरे डैड की फैन फॉलोविंग जबरदस्त है और ऐसे में लोगों की जिज्ञासा होती है कि बेटी क्या करेगी? किस तरह की कॉमिडी के साथ पेश होगी? मैं बहुत सतर्क थी कि ऐसी कोई कॉमिडी न करूं, जो लोगों को ओछी लगे और लोग निराश हों। साथ ही मैं ये भी चाह रही थी कि मैं इस तरह की कॉमिडी करू, जिससे मेरे माता-पिता को गर्व हो। मैं ऐसी कॉमिडी करूं, जिसे मेरे माता, पिता, दादी और छोटे कजन्स एक साथ बैठ कर देख पाएं। हम लोग स्पिरिचुअल लोग भी हैं, तो उस नाते से भी मैं कॉमिडी में कहीं गलत नहीं जाना चाहती। कई बार लोग मिमिक्री को किसी को नीचे दिखाना समझते हैं, मगर किसी की नकल करना किसी का मजाक उड़ाना नहीं होता, ये एक आर्ट फॉर्म है। अब जैसे मैं श्रीदेवी जी की मिमिक्री करती हूं, तो मुझे गर्व होता है, क्योंकि आज वे दुनिया में नहीं हैं, मगर मैं उनकी आवाज बनकर लोगों को उनकी याद दिलाती रहती हूं। वैसे भी बिलो द बेल्ट कॉमिडी ज्यादा लोग पसंद करते भी नहीं हैं। हम भारतीय बहुत ही संवेदनशील होते हैं और ये मेरे पिता ने मुझे बहुत अच्छे तरीके से समझाया है कि किसी की भावनाओं को आहत करना कॉमिडी नहीं है।

आपके लिए सबसे ज्यादा प्राउड मोमेंट कौन-सा था?

●मेरे लिए प्राउड मोमेंट बेटी के रूप में आया है कि आज मेरी पहचान जॉनी लीवर की बेटी के रूप में नहीं बल्कि मेरे अपने नाम से है। मैंने बीते दस सालों में अपनी जगह बनाई है। ऐसा नहीं है कि मुझ पर मेरे पैरंट्स का साया नहीं है, मगर आज मुझे काम मिल रहा है या सम्मानित किया जाता है, तो वो मेरे काम के कारण। लड़की होने के नाते मुझे इस बात का गर्व है कि हमारे देश में गिनी-चुनी फीमेल कमीडियन्स हैं और उनमें से मैं एक हूं। मुझे दस साल लगे अपनी जगह बनाने में, लड़कियों को समय लग ही जाता है।

आपको जॉनी लीवर के नाम का कितना फायदा मिला?

●देखिए, मैंने शुरू से ही उनकी कोई मदद नहीं ली और न उन्होंने मेरे लिए कभी कोई सिफारिश की और अब इस बात का गर्व हमें दस साल बाद होता है। हाल ही में वे मेरे शो में आए थे और मैंने अनाउंस किया था कि वे एक सीनियर या सेलिब्रिटी की हैसियत से नहीं आए बल्कि एक पिता के रूप में आए थे। जब मैंने उन्हें मंच पर दो शब्द कहने के लिए बुलाया, तो उन्होंने यही कहा कि इस लड़की ने मेरी कोई मदद नहीं ली। कॉमिडी सर्कस में भी मैं ऑडिशन के बलबूते पर ही पहुंची। उसके बाद भी मुझे काम से काम मिलता गया। मैं अपने विडियोज और शो करती रही। मुझे क्रैक मिली, उससे पहले भूत पुलिस मिली। तो मैं ऑडिशन के सहारे यहां तक पहुंची हूं .यही वजह है कि मुझे समय लगा यहां तक का सफर तय करने में।

आपको किन बातों से हीनता का अहसास होता है?

●मुझे करियर की शुरुआत में काफी हीनता का सामना करना पड़ा था। कुछ छोटे शहरों में लोग इतने खुले विचारों के नहीं हैं। कई बार जो लोग मेरे विडियोज देखते हैं और मेरे काम को पसंद करते हैं, वे जब मुझसे मिलते हैं, तो पूछते हैं, ये कॉमिडी-वॉमिडी तो ठीक है, मगर आप काम क्या करती हैं? आप शादी कब कर रही हो? उस वक्त मुझे बहुत ह्युमिलिएशन फील होता है कि ये तो मेरा फुल टाइम प्रोफेशन है और इसमें मैंने पूरी मेहनत लगा दी है, तो आप उसे कैसे डिसमिस कर सकते हो कि ये तो महज हंसी-मजाक है। हीन महसूस होता है जब लगता है कि एक लड़की द्वारा की गई कॉमिडी आपकी नजर में कुछ है ही नहीं।

हाल ही में आप क्रैक जैसी फिल्म में नजर आईं थीं और जल्द ही आप अपनी मातृ भाषा की तेलुगू फिल्म में दिखेंगी?

●हर अदाकार चाहता है कि वो बड़े पर्दे पर दिखे और मैंने भी तीन-चार फिल्मों में काम किया है, मगर अब अपनी मातृभाषा में काम करने का मौका मिला है। जहां तक क्रैक की बात है, तो इसमें मेरा रोल एक लड़के के लिए लिखा गया था। मगर निर्देशक आदित्य दत्त चाहते थे कि मैं ये रोल करूं, तो उन्होंने जुनैद के उस किरदार को जुनैदा में तब्दील किया, जो मेरे लिए बहुत बड़ी बात थी। विद्युत् भाई (विद्युत जांभवाल) जैसे हीरो ने भी सेट पर मुझे नया या जूनियर महसूस नहीं होने दिया। वे मेरे वीडियोज देख चुके थे और उनके साथ काम करके काफी मजा आया। जहां तक तेलुगू फिल्म की बात है, तो करियर के शुरुआत से ही मैं चाहती थी कि मैं अपनी मदर टंग में एक फिल्म जरूर करूं, इसके लिए मैंने काफी कोशिश और दुआएं भी कीं। मगर बात नहीं बनी। फिर सालों बाद इस फिल्म के हीरो ने पॉपकॉर्न सीरीज में मेरा काम देखा था और मुझे अप्रोच की गई। तब तक उन्हें पता नहीं था कि मैं जॉनी लीवर की बेटी हूं। जब उन्हें पता चला कि मुझे तेलुगू आती है, तो उन्हें बहुत खुशी हुई। तेलुगू फिल्म मैं अपनी को समर्पित करना चाहूंगी, क्योंकि मेरी दादी हिंदी उतना समझ-बोल नहीं पाती, तो इस फिल्म को वे जरूर इंजॉय करेंगी





# डिज्नी की टाइगर को प्रियंका देंगी अपनी आवाज

बॉलीवुड से निकलकर हॉलीवुड में अपनी पहचान बनाने वाली देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा अब एक नए अवतार में नजर आने वाली हैं। ग्लोबल आइकन प्रियंका डिज्नीनेचर की आगामी फिल्म टाइगर के लिए अपनी आवाज देंगी। यह फिल्म बाघों के ऊपर आधारित हैं, जिसमें एक युवा बाघिन अंबर की कहानी को दिखाया गया है। फिल्म को लेकर प्रियंका ने कहा, हर मां इस कहानी से खुद को जुड़ा हुआ महसूस करेगी। गौरतलब है कि फिल्म में युवा बाघिन अंबर भारत के घने जंगलों में अपने शावकों की देखभाल करती है। फिल्म से जुड़ने को लेकर प्रियंका ने कहा, यह मेरे लिए काफी स्पेशल है। मेरे देश की इस शानदार कहानी को पर्दे पर बताना मेरे लिए बेहद खास है, मैं खुद को सम्मानित महसूस कर रही हूं। फिल्म के बारे में बात करते हुए प्रियंका ने कहा, मुझे हमेशा बाघों से प्यार रहा है और मैं बाघिनों से खुद को जुड़ा हुआ महसूस करती हूं। क्योंकि मैं उनकी तरह ही अपने परिवार के सुरक्षा करती हूं। मुझे लगता है कि फिल्म में अंबर का सफर कुछ ऐसा ही है, जिससे हर मां खुद को खुद को जोड़ सकेगी। गौरतलब है कि यह फिल्म पृथ्वी दिवस के मौके पर यानी 22 अप्रैल, 2024 को रिलीज किया होगी। फिल्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। टाइगर को मार्क लिनफील्ड ने निर्देशित किया है। वहीं, वैनेसा बर्लोविट्ज और रॉब सुलिवन इस फिल्म के सह निर्देशक है।








## ऐश्वर्या शर्मा ने जारी किया हेल्थ अपडेट

# डांस की प्रैक्टिस करते वक्त स्टेज पर बेहोश हो गई थीं एक्ट्रेस

टीवी की जानी-मानी एक्ट्रेस ऐश्वर्या शर्मा ने अपना हेल्थ अपडेट दिया है। दरअसल, होली स्पेशल एपिसोड की शूटिंग चल रही थी। बिग बॉस 17 की फेमस जोड़ी ऐश्वर्या शर्मा और नील भट्ट डांस की प्रैक्टिस कर रहे थे। प्रैक्टिस के दौरान एक्ट्रेस को चक्कर आया और वह बेहोश होकर गिर गईं। ऐश्वर्या के यूं अचानक गिर जाने की वजह से शूटिंग लोकेशन पर भगदड़ मच गई। वहीं जब ये खबर बाहर आई तब उनके फैंस घबरा गए। ऐसे में ऐश्वर्या ने अब अपने फैंस के लिए अपडेट जारी किया है। ऐश्वर्या ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपना हेल्थ अपडेट देते हुए लिखा, सभी को नमस्कार, सबसे पहले परफॉर्मेंस के दौरान जो कुछ भी हुआ उसके बाद मेरे लिए चिंता करने और मेरा साथ देने के लिए आप सभी का धन्यवाद।

मैं आप सभी को बताना चाहता हूं कि मैं अब ठीक हूं। आपका समर्थन और प्यार मुझे आगे बढ़ाता है। आशा है कि आपको मेरा परफॉर्मेंस पसंद आएगा। इसे मिस नहीं कीजिएगा। ऐश्वर्या ने खुद अपने बेहोश होने का कारण तो नहीं बताया है, लेकिन रिपोर्ट्स की मानें तो डांस प्रैक्टिस के दौरान ऐश्वर्या का ब्लड प्रेशर लो हो गया था इसलिए वह अचानक मंच पर बेहोश हो गई थीं। होली स्पेशल एपिसोड में बिग बॉस 17 के सभी कंटेस्टेंट्स शामिल होंगे। रंगों से सजने वाली इस खूबसूरत शाम को टीवी की मोस्ट पॉपुलर जोड़ी ऐश्वर्या शर्मा और नील भट्ट होस्ट करते नजर आएंगे। अभी इस एपिसोड का शूट चल रहा है। ये शूट पांच दिनों तक चलेगा।

# रवि किशन को जान से मारना चाहते थे पिता



17 साल की उम्र में छोड़ दिया था घर

रवि किशान भोजपुरी से लेकर बॉलीवुड तक में अपनी एक्टिंग का दम दिखा चुके हैं। वह हाल ही में किरण राव की फिल्म लापता लडीजमें नजर आए। इस फिल्म में उन्होंने एक पुलिस ऑफिसर की भूमिका निभाई। इस किरदार के लिए रवि को खूब सराहना मिल रही है। इसी बीच रवि किशन ने अपने पिता के साथ अपने परेशानी भरे रिश्ते के बारे में बात की। रवि किशन ने बताया कि पिता उनके एक्टर बनने के खिलाफ थे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनके पिता उन्हें मारना चाहते थे। एक इंटरव्यू के दौरान रवि किशन ने कहा, जब उन्होंने पड़ोस की रामलीला में परफॉर्म करना शुरू किया तो उनके पिता हैरान रह गए थे। वह अक्सर इसके लिए उन्हें सजा देते थे। यह कलह इस हद तक बढ़ गई कि रवि को अपने पिता के गुस्से और शारीरिक शोषण के कारण 17 साल की उम्र में घर छोड़ना पड़ा था। रवि किशन ने कहा, मेरे पिता मुझे बहुत बुरी तरह से पीट रहे थे और वह मुझे हथौड़े से मार रहे थे। वह मुझे मारना चाहते थे और मेरी मां को पता था कि उनके पति मुझे मार सकते हैं और वह इसमें जरा भी संकोच नहीं करेंगे क्योंकि पुजारियों की भावनाएं ना के बराबर होती है। इसलिए उन्होंने कहा भाग जाओ। उन्होंने कहा, वह एक पुजारी थे और ब्राह्मण होने के नाते वह हमेशा चाहते थष कि मैं खेती करूं या पुजारी बनूं या कोई सरकारी नौकरी करूं। उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि उनके परिवार में कोई कलाकार पैदा हो सकता है। इसलिए रामलीला में डांस करना या सीता का किरदार निभाना उनके लिए थोड़ा चौंकाने वाला था। रवि ने बताया कि वह अपनी जेब में केवल 500 रुपये लेकर भाग गए और मुंबई के लिए ट्रेन में चढ़ गए थे। रवि किशन ने यह भी बताया कि समय के साथ उनका परिवार उनसे बहुत खुश था, क्योंकि अभिनय में उनके करियर ने उन्हें बहुत पैसा दिया।

# मधुबाला के लुक को पर्दे पर दोबारा जीवंत करेंगी शहनाज

बॉलीवुड एक्ट्रेस शहनाज गिल ने बताया कि वह क्यों बीते जमाने की मशहूर एक्ट्रेस मधुबाला के लुक को एक बार फिर पर्दे पर जीवंत करना चाहती हैं। एफडीसीआई के साथ भागीदारी में लैक्मे फैशन वीक के मौके पर शहनाज ने बताया कि मुझे बीते जमाने की एक्ट्रेसेस बहुत पसंद हैं। वह बहुत आकर्षक थीं और उनकी सुंदरता बेहद नैसर्गिक थी।

मधुबाला को दोबारा पर्दे पर जीवंत करना बेस्ट है। शहनाज ने रियल लाइफ में फैशन को लेकर भी बात की। असल जिंदगी में आउटफिट के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मैं घर पर बहुत कैजुअल रहती हूं। आप आमतौर पर मुझे शॉर्ट्स और मेरे भाई की टी-शर्ट में पाएंगे। मैं घर पर एक आम लड़की हूं। शहनाज ने कहा कि हर दिन एक नया एक्सपीरियंस है। मैं लाइफ में सब कुछ आजमाना और सब कुछ एक्सपीरियंस करना चाहती हूं। मैं ऐसी नहीं हूं कि मुझे कोई खास लुक चाहिए। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि मैं हॉट दिखना चाहती हूं और मैं एक्सपेरिमेंटल हूं। मुझे कुछ भी पहनाओ और मैं इसे बहुत अच्छे से कैरी करूंगीं।

# पुलकित के साथ नाचते हुए कृति ने किया गृह प्रवेश



बॉलीवुड के क्यूट कपल कृति खरबंदा और पुलकित सम्राट शुक्रवार 15 मार्च को हरियाणा के आईटीसी भारत में शादी के बंधन में बंध गए। शादी की तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं।

फैंस लंबे समय से शादी का इंतजार कर रहे थे। अब शादी के बाद कृति का ससुराल में कैसे गृहप्रवेश हुआ उससे जुड़े वीडियो सामने आए हैं। इनमें कृति खुशी से झूमती हुई नजर आईं। एक वीडियो में पुलकित अपनी पत्नी को गृह प्रवेश के लिए लेकर आते हैं। पुलकित व्हाइट कलर की शेरवानी में काफी हैंडसम लगते हैं। नई नवेली दुल्हन कृति भी साड़ी पहने कहर ढाती दिखीं। कृति रेड कलर की फ्लोरल साड़ी के साथ हाथों में चूड़ा और मांग में सिंदूर फ्लांट करते हुए बेहद गॉर्जियस लग रही हैं। पुलकित गाड़ी का दरवाजा खोलकर कृति को घर लेकर आते हैं। दूसरे वीडियो में पुलकित और कृति जमकर ढोल पर नाचते हुए नजर आ रहे हैं। ससुराल में जिस तरह से कृति का स्वागत हुआ उसे देख हर कोई खुश हो गया। उन दोनों के चेहरे पर भी खुशी साफ झलक रही है।

# प्री-वेडिंग शूट में मरते-मरते बचीं देवों के देव फेम आर्या

## -22 डिग्री में दिखा रही थीं अदाएं

देवों के देव महादेव की एक्ट्रेस आर्या वोरा ने हाल ही में अपने प्री-वेडिंग शूट का वीडियो पोस्ट किया। इसमें उन्होंने स्पीति वैली में - 22 डिग्री पर शूट किया और हाइपोथर्मिया के कारण मरते-मरते बचीं। उनके ऐसा करने पर खूब लताड़ पड़ रही है, वहीं कुछ लोग साहस दिखाने के लिए तारीफ भी कर रहे हैं। टीवी एक्ट्रेस आर्या वोरा 2013 में अपने पहले सीरियल देवों के देव...महादेव से प्रसिद्ध हुईं। जल्द ही वो फैंस की चहीती बन गईं और वह सोशल मीडिया पर अपने कॉन्टेंट के लिए भी बहुत फेमस हैं। 26 फरवरी को वह अपने बॉयफ्रेंड रंजीत से शादी के बंधन में बंध गईं। हालांकि, यह उनका प्री-वेडिंग शूट है जो सुर्खियां बटोर रही है, क्योंकि स्पीति घाटी में - 22 डिग्री पर हाइपोथर्मिया से उनकी हालत मरने जैसी हो गई थी। हाल ही में, अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर स्पीति वैली में अपने प्री-वेडिंग शूट का एक वीडियो शेयर किया। वीडियो में हम देख सकते हैं कि आर्या बहुत ठंड के कारण बेहोश हो रही हैं लेकिन फिर भी वो स्ट्रैपलेस काले रंग का गाउन पहनकर कम तापमान में शूटिंग कर रही हैं। इसके साथ ही आर्या ने खुलासा किया कि वह हाइपोथर्मिया से मरते-मरते बची थीं।

### मरते-मरते बचीं आर्या

इस बीच, आर्या को अपना ड्रीम शॉट मिला, जिसकी वह लगभग एक साल से प्लानिंग कर रही थीं। कई नेटिज़न्स ने बहुत ठंड में शूटिंग करने के डिसीजन पर काफी कुछ कहा। एक यूजर ने लिखा, इसलिए शिक्षा और सामान्य ज्ञान की जरूरत है। एक ने कहा, यह देखना फनी और दुखद है कि तस्वीरें कितनी जरूरी हो गई हैं! कोई एक शॉट के लिए अपने जीवन का सौदा करने के लिए तैयार है? हे भगवान.. एक नेटीजन ने यह कहा, क्या यह सिर्फ प्री-वेडिंग के लिए कर रही।

### लोगों ने सपने सच करने के लिए सराहना भी की

हालांकि, कुछ लोगों ने अपने सपने को जीने के लिए आर्या के साहसिक कदम की सराहना की। एक यूजर ने लिखा, लोग हमेशा बात करेंगे, लेकिन अगर आपने यह सपना देखा है, तो इसे पूरा करना आपका अधिकार और आपकी पसंद है। अगर आपको लगता है कि यह जोखिम उठाने लायक है तो यह पूरी तरह से आपकी पसंद है। दूसरे क्या कहते हैं, इसकी चिंता न करें। आपके दिन वापस नहीं आएंगे, इसलिए उन्हें वैसे ही जिएं जैसे आप चाहते हैं।







विराट का दिल भी हुआ बाग-बाग

विमेंस प्रीमियर लीग

# महिला टीम ने खत्म किया RCB का 16 साल का इंतजार...

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की महिला टीम ने रविवार को वह कारनाम कर दिखाया जो कि पुरुष टीम 16 साल से नहीं कर सकी। स्मृति मंधाना की कप्तानी में आरसीबी ने रविवार को दिल्ली कैपिटल्स को फाइनल में हराया और ट्रॉफी जीती। आरसीबी की इस ऐतिहासिक जीत पर विराट कोहली का दिल भी गार्डन गार्डन हो गया। उन्होंने टीम की जीत के लिए इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर की।

### विराट कोहली ने किया वीडियो कॉल

विराट कोहली ने महिला टीम की जीत पर इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर की। उन्होंने महिला टीम की तस्वीर शेयर की और सुपरविमेन लिखा। इसके साथ ही उन्होंने दिल, ट्रॉफी और तालियों की इमोजी की शेयर की। विराट कोहली की खुशी उनकी पोस्ट से साफ जाहिर थी। उन्होंने मैच के तुरंत बाद वीडियो कॉल पर कप्तान स्मृति मंधाना से बात की और जीत की बधाई दी। विराट कोहली और स्मृति मंधाना दोनों ही 18 नंबर की जर्सी पहनते हैं। विराट ने भी लंबे समय तक आरसीबी की कप्तानी की है। उन्होंने सभी सीजन केवल आरसीबी के लिए ही खेले हैं। उन्होंने कई बार यह कहा है कि भले ही उनकी टीम ट्रॉफी न जीते लेकिन वह इस टीम का साथ कभी नहीं छोड़ेंगे।

### पुरुष टीम जैसा ही था महिला टीम का सफर

पुरुषों की आरसीबी टीम ने अब तक एक भी बार आईपीएल ट्रॉफी नहीं जीती है। पहले सीजन में वह 8 टीमों में सातवें स्थान पर रही थी।

इसके बाद अगले सीजन में वह फाइनल में पहुंची। यहां उसका सामना डीसी यानी डेक्कन चार्जर्स से था। आरसीबी यह फाइनल मैच हार गई थी। महिला टीम का भी कुछ ऐसा ही हाल था। पांच टीमों में वह पिछले सीजन में चौथे स्थान पर थी। दूसरे सीजन में वह फाइनल में पहुंची।

यहां उसका भी सामना डीसी यानी दिल्ली कैपिटल्स से था। महिला टीम ने डीसी को हराकर दूसरे ही सीजन में अपनी टीम को चैंपियन बना दिया।

IPL 2024

# श्रेयस अय्यर फिट घोषित, डॉक्टर ने दी यह एहतियात बरतने की सलाह

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पीठ की समस्या के कारण मुंबई के रणजी ट्रॉफी फाइनल के आखिरी दो दिन फील्डिंग नहीं कर पाने वाले श्रेयस अय्यर को इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में खेलने के लिए फिट घोषित कर दिया गया है, लेकिन एक शर्त के साथ। कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान को सलाह दी गई है कि वह फॉरवर्ड डिफेंस खेलते समय ज्यादा आगे वाले पैर पर ज्यादा जोर नहीं कर सकते क्योंकि इससे उनकी चोट बढ़ सकती है। जानकारी के अनुसार श्रेयस अय्यर ने बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट एकेडमी के परामर्श के बाद मुंबई में एक रीढ़ विशेषज्ञ से मुलाकात की। डॉक्टर ने उन्हें एहतियात के साथ खेलने के लिए फिट घोषित कर दिया है। उन्हें पैर खींचते समय सतर्क रहने की जरूरत है।

### अय्यर पिछले कुछ हफ्तों से अपनी फिटनेस को लेकर चर्चा में

भारतीय क्रिकेट बोर्ड के एक सूत्र ने श्रेयस अय्यर को लेकर बताया, वह खेलने के लिए फिट हैं। मुंबई में एक विशेषज्ञ स्पाइन डॉक्टर से सलाह ली गई, जिन्होंने उन्हें सलाह दी है कि गेंद का डिफेंड करते समय अपना पैर ज्यादा आगे न बढ़ाएं। वह आईपीएल फ्रेंचाइजी केकेआर से जुड़ गए हैं और वह खेल सकते हैं।÷ अय्यर पिछले कुछ हफ्तों से अपनी फिटनेस को लेकर चर्चा में हैं। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे के बाद उन्होंने कहा थी कि एक निश्चित संख्या में गेंद खेलने के बाद उन्हें पीठ दर्द का सामना करना पड़ रहा है।

### एमसीए ने एनसीए को भेजी रिपोर्ट

बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनके दावों से सहमत नहीं थी। रणजी ट्रॉफी खेलने के चयनकर्ताओं के आदेश को नजरअंदाज करने के बाद उन्हें बीसीसीआई के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से भी बाहर कर दिया गया। रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में अय्यर नहीं खेले थे, लेकिन उन्होंने हाल ही में मुंबई के लिए सेमीफाइनल और फाइनल खेला। उन्होंने फाइनल में दूसरी पारी में 95 रन बनाए, लेकिन फिर से पीठ में दर्द होने के कारण वह फील्डिंग के लिए नहीं आए। एमसीए की मेडिकल टीम ने एमआरआई कराने का फैसला किया। उनकी रिपोर्ट आगे के अपडेट के लिए एनसीए को भेज दी गई।

### अय्यर को टेस्ट मैचों से बाहर कर दिया गया

भारत बनाम इंग्लैंड के बीच दूसरे टेस्ट मैच के बाद अय्यर ने पीठ दर्द की शिकायत की थी। हालांकि, एनसीए ने उन्हें फिट घोषित कर दिया था। उन्होंने यह भी बताया था कि वह दर्द से गुजर रहे हैं। इसके बाद अय्यर को टेस्ट मैचों से बाहर कर दिया गया। उन्हें रणजी ट्रॉफी खेलने के लिए कहा गया। वह मुंबई के लिए क्वार्टर फाइनल खेलने चूक गए। तभी बीसीसीआई सचिव जय शाह ने सभी अनुबंधित खिलाड़ियों को एक पत्र जारी किया, जिसमें कहा गया कि घरेलू क्रिकेट राष्ट्रीय टीम के लिए चयन के लिए महत्वपूर्ण मानदंड बना हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में ओडिशा क्वार्टर फाइनल में, हरियाणा की लगातार दूसरी जीत

**पुणे, एजेंसी।** तमिलनाडु और उत्तराखंड ने अपने-अपने मैचों में जीत दर्ज की। तमिलनाडु ने पूल एच में गुजरात को 6-0 जबकि उत्तराखंड ने पूल जी मैच में दादर एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव को मात दी। हरियाणा, ओडिशा और मिजोरम ने रविवार को यहां हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के अपने-अपने मैचों में जीत दर्ज की। इस जीत की बदौलत हरियाणा और ओडिशा ने क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।हरियाणा अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पूल डी मैच में पुडुचेरी को 22-0 से हराकर टूर्नामेंट में अपनी दूसरी जीत हासिल की। ओडिशा ने पूल ई के मुकाबले में चंडीगढ़ को 6-1 से हराया, जबकि पूल एफ मुकाबले में मिजोरम ने राजस्थान पर 20-2 से जीत हासिल की। तमिलनाडु और उत्तराखंड ने अपने-अपने मैचों में जीत दर्ज की। तमिलनाडु ने पूल एच में गुजरात को 6-0 जबकि उत्तराखंड ने पूल जी मैच में दादर एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव को मात दी।



### चुनाव आयोग की आइकन बनीं पैरा तीरंदाज शीतल, प्रदर्शनी क्रिकेट मैच भी हुआ आयोजित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर की शीतल ने सोशल मीडिया पर कहा कि उनकी उम्र अभी 17 साल है। वह अगली बार वोटर कार्ड बनवाकर चुनाव के पर्व में हिस्सा लेंगी।भारतीय चुनाव आयोग ने भारतीय बधिर क्रिकेट संघ (आईडीसीए) और दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के बीच प्रदर्शनी क्रिकेट मैच आयोजित कराया। यह मैच भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सहयोग से कराया गया। इस दौरान अर्जुन पुरस्कार विजेता पैरा तीरंदाज शीतल देवी को चुनाव आयोग का पीपल विद डिसएबिलिटी (पीडब्ल्यूडी) श्रेणी का आइकन घोषित किया गया।



जम्मू-कश्मीर की शीतल ने सोशल मीडिया पर कहा कि उनकी उम्र अभी 17 साल है। वह अगली बार वोटर कार्ड बनवाकर चुनाव के पर्व में हिस्सा लेंगी। उन्होंने पीडब्ल्यूडी आइकन बनाए जाने पर चुनाव आयोग का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू उपस्थित थे जिन्होंने विजेता टीम को सम्मानित किया।

# विश्व कप और ओलंपिक चयन ट्रॉयल में शीर्ष पर रहीं तीरंदाज दीपिका

## पिछले साल पूरे सत्र में नहीं खेली थीं



**सोनीपत, एजेंसी।** दुनिया की पूर्व नंबर एक तीरंदाज दीपिका कुमारी ने रविवार को यहां आगामी विश्वकप और पेरिस ओलंपिक के लिए हुए चयन ट्रायल में शीर्ष स्थान हासिल किया। तीन बार की ओलंपियन दीपिका ने फरवरी में बगदाद एशिया कप में दो स्वर्ण पदक जीतकर वापसी की।

वह दिसंबर 2022 में मां बनने के बाद पिछले साल पूरे सत्र में खेल से बाहर रही थीं। दीपिका ने भजन कौर अंकिता भक्त और कोमालिका बारी के साथ चार सदस्यीय टीम में जगह बनाई। विश्व यूथ की पूर्व चैंपियन बारी सिमरनजीत की जगह शामिल हुईं। भारत को अभी महिला वर्ग में पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करना है। अंताल्या में 18 से 23 जून तक होने वाला विश्वकप ओलंपिक के लिए अंतिम क्वालिफाइंग स्पर्धा है। भारत के लिए अब तक एकमात्र पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने वाले धीरज बोम्मदेवरा पुरुष रिकर्व वर्ग में शीर्ष पर रहे। तरुणदीप राय, प्रवीण जाधव और मृणाल चौहान पुरुष रिकर्व टीम के अन्य सदस्य हैं।

राष्ट्रीय हाई परफोरमेंस निदेशक संजीव सिंह ने कहा, 'यह टीम अस्थायी है (ओलंपिक के लिए) और हम विश्वकप के पहले दो चरणों में उनके प्रदर्शन के आधार पर एक या दो बदलाव कर सकते हैं।'

**टीमः**

रिकर्व पुरुषः धीरज बोम्मदेवरा, तरूणदीप राय, प्रवीण जाधव और मृणाल चौहान।

**रिकर्व महिलाः** दीपिका कुमारी, भजन कौर, अंकिता भक्त और कोमलिका बारी।

कंपाउंड पुरुषः प्रथमेश फुगे, अभिषेक वर्मा, रजत चौहान और प्रियांश।

**कंपाउंड महिलाः** ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी, परनीत कौर और अवनीत कौर

कप्तान बनने पर फैंस की नाराजगी झेलने पर भी हार्दिक ने कही दिल की बात

# पूरे सीजन में मेरे कंधे पर होगा रोहित का हाथ

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस के नए कप्तान हार्दिक पंड्या ने आईपीएल के नए सीजन के शुरू होने से पहले हेड कोच मार्क बाउचर के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने अपने और रोहित के रिश्तों को लेकर बात की। कप्तान बनने के बाद हार्दिक पंड्या को काफी ट्रोल किया गया था। पूर्व ऑलराउंडर ने उसे लेकर भी दिल की बात बयां की। हार्दिक पंड्या ने बताया कि उन्हें नहीं लगता की कप्ताने बनन के बाद रोहित शर्मा के साथ रिश्तों की किसी तरह की असहजता नहीं हुई। हार्दिक ने कहा, 'कुछ अलग नहीं होगा। मुझे जब भी मदद की जरूरत होगी वह साथ होंगे। मैंने पहले भी कहा है कि वह भारतीय कप्तान हैं। मैंने अपना लगभग पूरा करियर उनकी कप्तानी में बिताया है। मुझे नहीं लगता किसी तरह की असहजता होगा। टीम ने उनकी कप्तानी में जो हासिल किया मैं उसी को आगे बढ़ाना चाहता हूं। इस दौरान एक पत्रकार ने सवाल किया कि मैनेजमेंट ने रोहित शर्मा को कप्तानी से हटाने का फैसला क्यों किया। इस सवाल के जवाब में न तो मार्क बाउचर ने कुछ कहा न ही हार्दिक पंड्या ने। हार्दिक सवाल के बाद हंसते हुए नजर आए थे।



# ड्रेसिंग रूम में क्या है सबसे अलग, उथप्पा ने उठाया राज से पर्दा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के कुल 14 सीजन खेले हैं, जिसमें से पांच बार सीएसके ने आईपीएल ट्रॉफी पर कब्जा जमाया है। महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में ये टीम आईपीएल इतिहास की सबसे सफल टीम बनी है।

सीएसके की टीम को सफल बनाने के पीछे एक नहीं कई सारे कारण हैं, जिसमें से धोनी की कप्तानी भी एक है। सीएसके की ओर से खेल चुके रॉबिन उथप्पा ने बताया है कि कौन सी बातें हैं, जो सीएसके को सबसे अलग बनाती हैं। सीएसके की सफलता में ड्रेसिंग रूम के माहौल और कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का रोल कितना बड़ा है, इस पर जियो सिनेमा पर चर्चा हुई।



रॉबिन उथप्पा ने जियो सिनेमा पर कहा, यह काफी सारी चीजों का मिश्रण है। जिस तरह से खिलाड़ियों को ट्रीट किया जाता है, सभी टीम में सुरक्षित महसूस करते हैं और अच्छा प्रदर्शन करते हैं और इस तरह से सभी दमदार प्रदर्शन करते हैं।

सुरेश रैना जैसे खिलाड़ी आए और उन्होंने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया। इसके बाद आपके पास मैथ्यू हेडेन, माइकल हस्सी, शेन वॉटसन और फैफ डुप्लेसी जैसे खिलाड़ी आए और उन्होंने सफलता हासिल की।

# अफगानिस्तान के सामने आयरलैंड हुआ बेहाल, दूसरे T20 में 10 रन से जीते अफगानी शेर

**शारजाह , एजेंसी।** अफगानिस्तान और आयरलैंड के बीच खेली जा रही 3 मैचों की टी20 सीरीज का दूसरा मुकाबला बीते 17 मार्च को शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया। इस मैच में मेजबान टीम अफगानिस्तान ने शानदार कमबैक किया और आयरिश टीम को चित कर दिया। दोनों टीमों के बीच एक हाई वोल्टेज मैच देखने को मिला, जिसमें अंत में जीत 10 रन से अफगानिस्तान की हुई। अब सीरीज 1-1 की बराबरी पर आ गई है। आइये जानते हैं कि आखिर मैच में क्या-क्या हुआ।

### अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर चुनी बल्लेबाजी

अफगानिस्तान टीम के कप्तान राशिद खान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। ऐसे में अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट पर 152 रन बोर्ड पर लगाए।

अनुभवी ऑलराउंडर मोहम्मद नाबी ने टीम के लिए तूफानी अर्धशतक ठोकते हुए 59 रन की पारी खेली। राशिद ने भी अंत में 208 के तूफानी स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 25 रन बनाए। आयरलैंड की तरफ से मार्क अडायर को 3 विकेट मिले। जोशुआ लिटिल और बैरी मैक्कार्थी के हाथ 2-2 सफलता लगी जबकि बेंजामिन वाइट ने भी 1 विकेट झटका।

अफगानिस्तान-आयरलैंड



### राशिद खान के उड़ाए आयरलैंड के होश

आयरलैंड ने 153 रन के टारगेट का पीछा करते हुए शुरुआत अच्छी की थी। एंड्रयू बालबिर्नी और कप्तान पॉल स्टर्लिंग के बीच पहले विकेट के लिए 49 रन की साझेदारी हुई। हालांकि इसके बाद आयरलैंड की बल्लेबाजी पूरी तरह से फ्लॉप हो गई और वह एक के बाद एक अपनी विकेट गिराते रहे। उनका मिडिल ऑर्डर फैल हो गया। इसमें अफगानिस्तान के कप्तान और जादुई स्पिनर राशिद खान का बड़ा हाथ रहा। उन्होंने अपने 4 ओवर के स्पेल में सिर्फ 14 रन देकर 4 विकेट लिए। इसके अलावा खारोटे ने भी 2 विकेट लिए। फजलहक फारूकी और मोहम्मग नाबी के हाथ भी 1-1 सफलता लगी।

20 ओवर खेलने के बाद 8 विकेट पर आयरलैंड 120 रन ही बना पाई और 10 रन से मैच हार गई।

## संक्षिप्त समाचार

### हैदराबाद में चड्डी गैंग ने स्कूल से 7.85 लाख रुपये लूटे

**हैदराबाद, एजेंसी।** कुख्यात चड्डी गैंग ने हैदराबाद में हमला कर हफीजपेट के एक निजी स्कूल से 7.85 लाख रुपये नकद लूट लिए।साइबराबाद पुलिस कमिश्नरेट के मियापुर पुलिस स्टेशन की सीमा के तहत वर्ल्ड वन स्कूल में रविवार रात को लूट की वारदात को अंजाम दिया गया।वारदात सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। फुटेज में अंडरवियर और दस्ताने पहने दो नकाबपोश अपराधियों को स्कूल में घुसते और कीमती सामान खोजते हुए देखा गया है।स्कूल प्रबंधन द्वारा रविवार को शिकायत दर्ज कराने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की।चड्डी गैंग के सदस्य अलग-अलग इलाकों, खासकर बाहरी इलाकों में फिर से वारदात करने लगे हैं। पिछले साल अगस्त में गिरोह को माधापुर में देखा गया था। यह गिरोह पड़ोसी राज्य आंध्र प्रदेश में तिरुपति के बाहरी इलाके में भी सक्रिय पाया गया।पुलिस का मानना है कि चड्डी गैंग के सदस्य दूसरे राज्यों के रहने वाले हैं। वे अक्सर कस्बों और शहरों के बाहरी इलाकों में बंद घरों और व्यावसायिक इमारतों को निशाना बनाते हैं।

### लोकसभा चुनाव के लिए सुरक्षा बलों की बेहतर तैनाती की जाएगी- जम्मू-कश्मीर के डीजीपी

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आर.आर. स्वैन ने रविवार को कहा कि यूटी प्रशासन लोकसभा चुनाव के लिए जरूरी सुरक्षा कर्मियों की संख्या को लेकर केंद्र सरकार के संपर्क में है। लोकसभा चुनाव के लिए सुरक्षाबलों की बेहतर तैनाती की जाएगी।

डीजीपी ने डोडा जिले में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग के स्पष्ट निर्देश हैं। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीदवारों और मतदाताओं को एक सुरक्षित माहौल और समान अवसर देना है। हम सुरक्षाबलों की जरूरत पर केंद्र सरकार के संपर्क में हैं। उन्होंने शांतिपूर्ण चुनाव के लिए सुरक्षित वातावरण देने लिए सुरक्षाबलों के समुचित उपयोग का आश्वासन दिया है।

डीजीपी से पत्रकारों ने सवाल किया कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद कब खत्म होगा, इसके जवाब में उन्होंने कहा कि हम कोई सटीक समय-सीमा या निश्चित तारीख नहीं बता सकते कि यह कब खत्म होगा। हम व्यापक नीति और रोडमैप का पालन कर रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि एसपीओ, पुलिस परिवार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और उनके हितों की रक्षा के लिए हर संभव ध्यान रखा जाएगा।

### कांग्रेस ने हिमाचल में मंत्रियों को बनाया चुनाव प्रभारी

**शिमला, एजेंसी।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने लोकसभा चुनावों के लिए प्रदेश के संसदीय क्षेत्र मंडी, कांगड़ा, हमीरपुर और शिमला के लिए चुनाव प्रभारियों की नियुक्तियां कर दी है। इसके साथ पब्लिसिटी, पब्लिकेशन एवं प्रशासनिक कार्यों के लिए भी पार्टी नेताओं को तैनात किया गया है। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और पांच कैबिनेट मंत्रियों को इन सीटों का जिम्मा सौंपा गया है। लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह को मंडी सीट के चुनाव प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। उनकी मां प्रतिभा सिंह मंडी सीट से निवर्तमान सांसद हैं।

प्रदेश कांग्रेस महासचिव संगठन रजनीश किमटा ने रविवार को बताया कि विक्रमादित्य सिंह को मंडी, चंद्र कुमार को कांगड़ा, मुकेश अग्निहोत्री को हमीरपुर और रोहित ठाकुर को शिमला संसदीय क्षेत्र का दायित्व सौंपा गया है। इसके अलावा हर्ष बर्धन चौहान को पब्लिसिटी व पब्लिकेशन जबकि जगत सिंह नेगी को प्रशानिक एवं समन्वय का दायित्व सौंपा गया है। सुक्खू सरकार में चंद्र कुमार कृषि मंत्री, रोहित ठाकुर शिक्षा मंत्री, हर्षवर्धन चौहान उद्योग मंत्री और जगत सिंह नेगी बागवानी मंत्री का जिम्मा संभाल रहे हैं।

कांग्रेस ने चारों सीटों पर अभी अपने उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। माना जा रहा है कि एक-दो दिन में हाईकमान चारों उम्मीदवारों का एलान कर देगा। बीते दिनों प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने चारों सीटों पर पार्टी नेताओं से आवेदन मांगे थे। पूरे प्रदेश से लगभग 40 नेताओं ने चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है। कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व जिताऊ उम्मीदवारों पर मंथन कर रहा है।

# आम आदमी पार्टी के साथ मिलकर कांग्रेस पार्टी प्रचार की संयुक्त रणनीति बनाएगी





**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 में आम आदमी पार्टी के साथ मिलकर कांग्रेस पार्टी प्रचार की संयुक्त रणनीति बनाएगी। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता के मुताबिक, इसे लेकर दोनों पार्टियों के बीच सहमति बनाई जा रही है। इंडिया गठबंधन के बड़े नेताओं की संयुक्त रैली दिल्ली में आयोजित करने की भी संभावना तलाशी जा रही है।

राजधानी में भाजपा सभी सातों सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। आम आदमी पार्टी ने भी गठबंधन के तहत मिली चार सीटों पर प्रत्याशी तय कर दिए हैं, प्रत्याशी का नाम घोषित नहीं होने के चलते कांग्रेस पार्टी का अभियान अभी गति नहीं पकड़ सका है।

**दिल्ली में भाजपा का विजय रथ रोकने को विपक्ष ने इस बार बदला ये गेम प्लान:** दिल्ली कांग्रेस की ओर से तीनों सीटों पर एक-एक उम्मीदवार का नाम तय करके पार्टी नेतृत्व को भेजा जा चुका है। माना जा रहा है कि सोमवार को होने वाली केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में दिल्ली के तीन उम्मीदवारों के नामों की भी घोषणा हो जाएगी। इसके साथ ही कांग्रेस का अभियान भी जोर पकड़ लेगा।

**हम जीत के लिए पूरा जोर लगाएंगे - चोपड़ा:** दिल्ली कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा ने बताया कि यह चुनाव इंडिया गठबंधन संयुक्त रूप से लड़ रहा है। इसलिए चुनाव प्रचार में भी इसकी झलक देखने को मिलेगी, जहां भी पार्टियों के अपने प्रत्याशी हैं, वहां पर तो वे पूरा जोर लगाकर लड़ेंगी ही, लेकिन जहां गठबंधन की पार्टी का प्रत्याशी होगा, वहां भी पूरा जोर लगाया जाएगा। दोनों पार्टियों के बड़े नेता साझी चुनाव रणनीति के लिए संपर्क में हैं और जल्द ही इसकी घोषणा भी हो जाएगी। वहीं, इंडिया गठबंधन के बड़े नेताओं की रैली या आम सभा दिल्ली में आयोजित करने की संभावना भी तलाशी जा रही है।

**दिल्ली में 25 मई को एक चरण में होंगे चुनाव:** दिल्ली की सात लोकसभा सीट के लिए 25 मई को वोट डाले जाएंगे। चुनाव के लिए अधिसूचना 29 अप्रैल को जारी की जाएगी। दिल्ली में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे पर समझौता हो गया है।

'आप' ने पूर्वी दिल्ली, दक्षिणी दिल्ली, नई दिल्ली और पश्चिमी दिल्ली सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार दिए हैं। कांग्रेस ने अभी तक राजधानी की तीन सीट चांदनी चौक, उत्तर-पूर्वी दिल्ली और उत्तर पश्चिम दिल्ली से अपने उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। दिल्ली में आप-कांग्रेस गठबंधन की मुख्य प्रतिद्वंद्वी भाजपा पहले ही सातों सीट के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है।



## झाडू लगा रही महिला पर गिरीं अनाज की बोरियां, मसीहा बन गए मजदूर

**मुंबई , एजेंसी।** नवी मुंबई के वाशी इलाके में कृषि उपज बाजार समिति (एपीएमसी) बाजार में खौफनाक घटना घटी। सफाई के दौरान एक महिला अनाज की बोरियों के नीचे फंस गई। सौभाग्य से वहां मौजूद मजदूरों तुरंत उसे बचाने आए। यह घटना गोदाम में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। यह डरावना वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो पर गौर करें तो महिला झाड़ू लगाते हुए उस स्थान पर पहुंच गई जहां अनाज की बीसियों बोरियां रखी हुई थीं। वीडियो में नजर आ रहा है कि महिला झाड़ू लगाते हुए उन बोरियों के पास पहुंची जहां एक पर एक लदी बोरियां थोड़ी टेढ़ी दिखाई दे रही हैं। संभवतः झाड़ू के स्पर्श से निचली बोरियों में हलचल हुई जिसके कारण बैलेंस बिगड़ गया। चिकनी प्लास्टिक से बनी बोरियों के बैलेंस बिगड़ने की वजह से वे भरभरा कर गिर गईं। इसके बाद देखते ही देखते अनाज की 30-40 बोरियां महिला के ऊपर गईं। बोरियों के गिरने के बाद महिला चिल्लाने लगी। महिला की चीख सुन वहां मौजूद मजदूरों ने आनन-फानन में उसकी की जान बचाने की कोशिश की। काफी जल्दी से मजदूरों महिला पर से बोरियां हटाईं। एक एक कर मजदूरों ने महिला के ऊपर से सारी बोरियां हटा दी। जिसके बाद महिला की जान बच गई। खबरें हैं कि महिला को मामूली चोटें आईं और उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।





## भारी ब्लंडर हो गया जी ! जिसे लूटने पहुंचे वह निकला एनकाउंटर स्पेशलिस्ट, अफसर ने चखा दिया मजा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कहते हैं जब वक्त बुरा होता है तो शिकार खुद शेर के मुंह में चला जाता है। ऐसा की एक मामला राजधानी दिल्ली के चाणक्यपुरी में देखने को मिला है। यहां ट्रैक सूट पहनकर एक पार्क में टहल रहे दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के एनकाउंटर स्पेशलिस्ट इंस्पेक्टर से सोने की चेन लूटने की कोशिश दो लुटेरों को महंगी पड़ गई। इंस्पेक्टर ने बहादुरी के साथ अकेले ही दोनों हथियारबंद बदमाशों को धर दबोचा।

जानकारी के अनुसार, शनिवार शाम जब को दो लुटेरों ने चाणक्यपुरी के नेहरू पार्क के गेट पर एक व्यक्ति को अपना निशाना बनाया तो उन्हें इस बात का कोई अंदाजा नहीं था कि वे क्या कर बैठे हैं। उन्होंने उस व्यक्ति की सोने की चेन छीनने की कोशिश की, लेकिन नाकाम रहे। इसके बाद उन्होंने गन निकाल ली और उस व्यक्ति पर हमला करते हुए उसे गोली मारने की धमकी दी। उन्होंने उसे बंदूक की नोंक उसके गले में पड़ी सोने की चेन तोड़ ली और भागने लगे।

हालांकि, यह घटना किसी और व्यक्ति के साथ होती तो आम झपटमारी के तौर पर छोटी सी खबर बनकर रह जाती। लेकिन लुटेरों ने यहां जिस शख्स को निशाना बनाया वह दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के जांबाज एनकाउंटर स्पेशलिस्ट विनोद बडोला थे। कुछ ही सेकेंड में तब पासा पलट गया, जब निहत्थे बडोला अकेले ही उन हथियारबंद लुटेरों से भिड़ गए और सड़क पर पैदल ही उनके पीछे दौड़ने लगे। कुछ दूर भागने के बाद पुलिस अधिकारी ने उनमें से एक को धर दबोचा। हालांकि, दूसरा लुटेरा वहां से भागने में सफल रहा।

इसके बाद बडोला ने 112 नंबर डायल कर पीसीआर को घटना की सूचना दी। इस पर भी उन्होंने हार नहीं मानी और स्थानीय पुलिस के साथ दूसरे लुटेरे की तलाश शुरू कर दी। दूसरे अपराधी ने भागने की कोशिश की और राहगीरों के बीच छिपकर एक फव्वारे के पास बैठ गया। उन्होंने उसे भी ढूंढ़कर पकड़ लिया।

डीसीपी (नई दिल्ली) देवेश महला ने कहा कि दोनों लुटेरों की पहचान सरोजिनी नगर के गौरव और तुगलक रोड पर एक झुग्गी बस्ती में रहने वाले पवन देव के रूप में हुई है। दोनों पर हत्या के प्रयास के साथ डकैती की कड़ी धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**कौन है विनोद बडोला:** 48 वर्षीय विनोद बडोला कई हाई-प्रोफाइल ऑपरेशनों और एनकाउंटरों में शामिल रहे हैं। अक्टूबर 2013 में बडोला और उनकी टीम ने दिल्ली के व्यापारियों के लिए आतंक बन चुके गैंगस्टर नीटू दाबोदिया को ट्रैक किया और दक्षिणी दिल्ली के वसंत कुंज में एक फाइव स्टार होटल के पास एक मुठभेड़ में उसे मार गिराया था।

# एल्विश पर कसा शिकंजा, पुलिस पर तंज पड़ा महंगा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** रेव पार्टी में सांपों का जहर सप्लाई करने के मामले में घिरे यूट्यूबर एल्विश यादव की मुश्किलें तब बढ़ गई जब यह पुष्टि हुई कि इस पार्टी में सांपों के जहर का इस्तेमाल हुआ था। इस मामले में नोएडा पुलिस ने रविवार को एल्विश यादव को गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि 17 फरवरी को एल्विश यादव ने नोएडा पुलिस पर तंज कसा था। जयपुर से आई एफएसएल रिपोर्ट में पुष्टि हुई थी कि जो नमूने भेजे गए थे, उनमें कोबरा के करैट प्रजाति के सांपों का जहर था। इसके अध्ययन के लिए छह सदस्यीय टीम बनाई गई। सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर एल्विश ने कहा था कि पुलिस ने सड़क से सपेरों को पकड़ा और उन पर रेव पार्टी में शामिल होने का आरोप लगा दिया।

खुली चुनौती देकर उसने रेव पार्टी में मौजूद होने की बात साबित करने को कहा था। इतना ही नहीं, उसने यह भी कहा था कि अगर नोएडा पुलिस ने आरोप साबित कर दिया तो वह कपड़े खोलकर नाचेगा।

जयपुर से आई एफएसएल रिपोर्ट के अध्ययन के लिए छह सदस्यीय टीम बनाई गई। वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत जितने भी केस देशभर में दर्ज हुए, उनका भी अध्ययन किया ताकि सारे तथ्य और सबूत जुटाए जा सकें।

**एनडीपीएस ऐक्ट में 20 वर्ष तक सजा का प्रावधान:** कानून के जानकारों के अनुसार, सांपों का जहर सप्लाई करने और विष का कारोबार करने के आरोप में यूट्यूबर एल्विश यादव के खिलाफ कोतवाली सेक्टर-20 पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कई धाराएं बढ़ाई हैं। इनमें एनडीपीएस 8, 20, 27, 27ए, 29, 30, 32 शामिल है। इन धाराओं के तहत अगर एल्विश यादव दोषी पाए जाते हैं तो 20 साल तक की सजा हो सकती है। इसके साथ उस पर जुर्माना भी लगाया जा सकता है।

**यह है एनडीपीएस ऐक्ट:** एनडीपीएस ऐक्ट का मतलब होता है नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस ऐक्ट 1985, जिसे आम तौर पर एनडीपीएस ऐक्ट के रूप में जाना जाता है। भारतीय संसद का एक अधिनियम है, जो किसी भी व्यक्ति को उत्पादन, विनिर्माण, खेती, कब्जा, ब्रिकी, खरीद या किसी भी नशीली दवाई का सेवन करता है, उस पर यह ऐक्ट लगाया जाता है। एल्विश के खिलाफ जिस थाना प्रभारी ने केस दर्ज किया, उसे कुछ समय बाद ही हटा दिया गया था।

**पहले मुस्कुराया, फिर चेहरे पर उदासी छाई:** रविवार को यूट्यूबर एल्विश यादव को कोर्ट में पेश किया गया। अदालत ने उसे 14 दिन के न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। कोर्ट में पेशी के लिए ले जाते वक्त मुस्कुराता दिखा। वह बॉलीवुड हीरो की तरह कोर्ट में पेश हुआ। कुछ देर बाद उसके चेहरे पर उदासी छा गई। उसकी आंखों में आंसू आ गए।

**मेनका गांधी की शिकायत पर कार्रवाई:** एल्विश यादव के खिलाफ नोएडा में जब केस दर्ज हुआ था तभी भाजपा सांसद और पीएफए की चेयरपर्सन मेनका गांधी ने आरोप लगाया था कि यूट्यूबर की सांपों के जहर की सप्लाई में संलिप्तता है। उन्होंने उस समय एल्विश की गिरफ्तारी की तुरंत मांग की थी। चार नवंबर को एल्विश को राजस्थान पुलिस ने कोटा में पूछताछ के लिए रोका था। वह अपने दोस्तों के साथ कार में बैठकर जा रहा था। तब नोएडा पुलिस ने राजस्थान पुलिस से कहा था कि एल्विश अभी वांछित नहीं है।

**सपेरों की गिरफ्तारी से पूरा राज खुला:** बीते साल पीपल फॉर एनिमल के गौरव गुप्ता की शिकायत पर सेक्टर-49 पुलिस ने एल्विश और पांच सपेरों के खिलाफ केस दर्ज किया था। गिरफ्तारी के वक्त सपेरों के पास से पांच कोबरा, एक अजगर, दो दोमुंखी सांप और एक रैट स्नैक मिला था। इस दौरान 25 एमएल सांपों का जहर भी सपेरों के पास मिला था। परीक्षण के दौरान पता चला था कि सपेरों से बरामद सांपों का जहर निकाला जा चुका था। एक वीडियो एलबम में एल्विश सांपों के साथ दिखा था।

**एल्विश के खिलाफ कोर्ट से दर्ज कराएंगे केस - गौरव:** गाजियाबाद। एल्विश यादव द्वारा रेव पार्टी में सांप का जहर इस्तेमाल करने का खुलासा करने वाले पीएफए के पदाधिकारी गौरव गुप्ता ने नोएडा पुलिस की कार्रवाई पर संतोष जाहिर किया है। वहीं, गाजियाबाद पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि एल्विश का धमकी भरा वीडियो सामने आने के बाद उन्होंने नंदग्राम थाने में शिकायत दी थी, लेकिन केस दर्ज नहीं हुआ। उनका कहना है कि वह एल्विश के खिलाफ कोर्ट से केस दर्ज कराएंगे। उन्होंने कहा कि एल्विश यादव ने हाल ही में एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें उसने धमकी दी।

## मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी को बड़ी राहत, सुप्रीम कोर्ट ने दी जमानत



**नईदिल्ली, एजेंसी।** गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी को आज बड़ी राहत मिली है।सुप्रीम कोर्ट ने हथियार लाइसेंस मामले में अब्बास को आज जमानत दे दी है। कोर्ट ने इससे पहले वाराणसी स्क्रक्रकोर्ट ने मुख्तार अंसारी को उम्र कैद की सजा सुनाई थी। मुख्तार को फर्जी तरीके से हथियार का लाइसेंस लेने के लिए ये सजा हुई थी। बता दें कि डीएम द्वारा दो शस्त्र लाइसेंस को निरस्त किए जाने के बाद मुख्तार ने हथियारों को जमा नहीं कराया था। इसके बाद 9 अप्रैल 2021 में मुहम्मदाबाद थाने में उसपर केस दर्ज हुआ था।

## इंद्रलोक के बाद दिल्ली के एक और इलाके में तनाव, पैगंबर पर विवादित बोल से बिगड़ा माहौल



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के इंद्रलोक में नमाजियों को लात मारने की घटना को लेकर हुए बवाल के बाद एक और इलाके में तनाव उत्पन्न हो गया है। पैगंबर पर विवादित टिप्पणी का वीडियो वायरल होने के बाद माहौल बिगड़ गया है।राजधानी में झड़ौदा के मिलन विहार में तनाव को देखते हुए पुलिस और पैरामिलिट्री के जवान तैनात किए गए हैं। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी की कोशिश में जुटी हुई है।

दरअसल इलाके में एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें पैगंबर के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया है। इसको लेकर तनाव की स्थिति है। जिस युवक पर आरोप लगा है वह फिलहाल फरार है। पुलिस ने मामला दर्ज करके आरोपी की तलाश तेज कर दी है। हालात खराब न हो इसीलिए इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली के झड़ौदा गांव में वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। पुलिस के साथ पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों को भी तैनात किया गया है। अफवाहों पर नजर रखने के लिए खुफिया तंत्र को भी अलर्ट पर रखा गया है। पुलिस ने मुस्लिम समुदाय के कुछ प्रमुख लोगों से बात की है और इलाके में शांति-व्यवस्था कायम रखने के लिए उनका भी सहयोग लिया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार करके सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की है।

यह वीडियो ऐसे समय पर वायरल हुआ है जब 8 मार्च को दिल्ली के इंद्रलोक में नमाजियों को लात मारने की वजह से विवाद खड़ा हो गया था। पुलिस ने तुरंत आरोपी पुलिसकर्मी को सस्पेंड करके हालात को संभाल लिया था। इलाके में कई दिन तक सुरक्षा बढ़ाए रखी गई। अब पैगंबर पर टिप्पणी वाले इस वीडियो ने सुरक्षाबलों को दोबारा हाई-अलर्ट मोड पर डाल दिया है।

# चुनावी बांड मुद्दे पर मोदी सरकार को लगातार घेर रही कांग्रेस

### जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा लंबा-चौड़ा पोस्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** चुनावी बांड मुद्दे पर केंद्र पर अपना हमला तेज करते हुए, कांग्रेस ने सोमवार को मोदी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। विपक्षी पार्टी ने दावा किया कि कुल 21 कंपनियों को सीबीआई, ईडी या आईटी की जांच का सामना करना पड़ा है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि हर गुजरते दिन के साथ, चुनावी बांड घोटाले की वास्तविक गहराई पर अधिक उदाहरण सामने आ रहे हैं।

रमेश ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा आज हम प्रधानमंत्री हफ्ता वसूली योजना पर नजर डाल रहे हैं, जो चुनावी बॉन्ड घोटाले में भ्रष्टाचार के चार चैनलों में से दूसरा हैः 1. चंदा दो, धंधा लो 2. हफ्ता वसूली।

**चुनावी बॉन्ड घोटाले में भ्रष्टाचार:** 10 नवंबर, 2022 को, प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली सरकार की शराब नीति में कथित अनियमितताओं से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अरबिंदो फार्मा के निदेशक पी सरथ चंद्र रेड्डी को पांच दिन बाद, 15 नवंबर को गिरफ्तार किया। उन्होंने दावा किया कि अरबिंदो फार्मा ने 5 करोड़ रुपये के चुनावी बांड दान किये। उन्होंने कहा कि अक्टूबर 2018 में आयकर विभाग द्वारा छापा मारे जाने के छह महीने बाद, नवयुग इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड ने अप्रैल 2019 में 30 करोड़ रुपये के चुनावी बांड खरीदे।

7 दिसंबर, 2023 के शुरुआती घंटों में रूंगटा संस प्राइवेट लिमिटेड की तीन यूनिट पर आयकर विभाग ने छापा मारा और 11 जनवरी, 2024 को कंपनी ने 1 करोड़ रुपये के 50 चुनावी बांड खरीदे। रमेश ने आरोप लगाया कि इससे पहले, फर्म ने केवल अप्रैल 2021 में दान दिया था।

कांग्रेस नेता ने दावा किया कि हैदराबाद स्थित




शिरडी साईं इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड को 20 दिसंबर 2023 को आयकर छापे का सामना करना पड़ा। 11 जनवरी 2024 को कंपनी ने 40 करोड़ रुपये के चुनावी बांड खरीदे। नवंबर 2023 में, आयकर अधिकारियों ने कथित नकद लेनदेन के लिए रेड्डीज लैब्स के एक कर्मचारी पर छापा मारा। छापे के ठीक बाद, कंपनी ने 31 करोड़ रुपये के चुनावी बांड खरीदे। पीएम मोदी और अमित शाह पर लगाए आरोप

रमेश ने कहा, ये सिर्फ प्रमुख उदाहरण हैं- कुल 21 फर्मों ने, जिन्होंने सीबीआई, ईडी या आईटी की जांच का सामना किया है, इस तथ्य के बाद चुनावी बांड दान किए हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकार ठेका लो, रिश्वत दो और फर्जी कंपनी के माध्यम से शामिल है।

रमेश ने कहा था कि चुनावी बांड घोटाले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह जवाबदेह हैं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), जो चुनावी बांड का अधिकृत विक्रेता था ने 12 मार्च को चुनाव पैनल के साथ डेटा साझा किया। एसबीआई ने कहा कि इस साल 1 अप्रैल, 2019 से 15 फरवरी के बीच दानदाताओं द्वारा विभिन्न मूल्यवर्ग के कुल 22,217 चुनावी बांड खरीदे गए, जिनमें से 22,030 को राजनीतिक दलों द्वारा भुनाया गया।

## सौरभ भारद्वाज बोले- भाजपा किसी भी तरह अरविंद केजरीवाल को सलाखों के पीछे डालना चाहती है

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (आप) सुप्रीम और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली जल बोर्ड घोटाले में भी आज ईडी के सामने पेश होने से इनकार कर दिया है। आम आदमी पार्टी ने ईडी के इस समन को भी गैरकानूनी बताया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रविवार को दिल्ली जल बोर्ड में कथित घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में केजरीवाल को समन भेजकर सोमवार को पूछताछ के लिए बुलाया था। आम आदमी पार्टी (आप) ने ईडी के समन को केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकने की बैकअप योजना करार दिया था। ईडी के समन के अनुसार, केजरीवाल को 18 मार्च को एपीजे अब्दुल कलाम रोड स्थित ईडी दफ्तर में पेश होकर पीएमएलए के प्रावधानों के तहत अपने बयान दर्ज कराने के लिए कहा गया है। मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत दर्ज यह दूसरा मामला है जिसमें केजरीवाल को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। इससे पहले, उन्हें शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में पूछताछ के लिए समन जारी किए गए हैं। केजरीवाल इस मामले में अब तक 8 समन को अवैध बताते हुए एजेंसी के सामने पेश नहीं हुए हैं।

आरएनआई रजिस्ट्रेशन : जेएचएचआईएन/2007/24306, समाचार पत्र के स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक सुमन कुमार द्वारा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड,काठीटांड़,नियर टेंडर बगीचा,रातू,रांची(झारखंड)-835222 से मुद्रित एवं एच. आई.- 67,हरमू हाउसिंग कॉलोनी रांची (झारखंड)- 834002 से प्रकाशित,संपादकः सुमन कुमार। संपर्क नं. 9470578773,संपर्क नं. (का.) 0651-7960613,फैक्स नं. 0651- 7960613, ईमेलः purvanchalsurya@yahoo.co.in / purvanchalsurya0@gmail.com लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय से संबंधित सभी मामले रांची से ही निबटाये जाएंगे। ( पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार)